सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 40.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-299 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025
25 शव्वाल 1446 हिजरी



हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## पहलगाम आतंकी हमले मामले को लेकर सीसीएस की बैठक में पांच बड़े फैसले, भारत का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब

# पाक नागरिकों के वीजा पर रोक

- सिंधु जल समझौते पर रोक
- अटारी वाघा बॉर्डर बंद
- पाकिस्तानियों को 48 घंटे का अल्टीमेटम
- उच्चायोगों की कुल संख्या को वर्तमान 55 से घटाकर 30 किया जाएगा




**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवास में सीसीएस की बैठक हुई। इस बैठक के बाद भारत सरकार ने पांच बड़े फैसले लिए। सरकार ने इस बैठक के बाद पांच बड़े फैसले लिए।

1960 की सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेगी, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। एकीकृत चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा। जो लोग वैध अनुमोदन के साथ सीमा पार कर चुके हैं, वे 01 मई 2025 से पहले उस मार्ग से वापस आ सकते हैं। पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) वीजा के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को रद्द माना जाएगा।

एसवीईएस वीजा के तहत वर्तमान में भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे हैं। नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा/सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया जाता है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है। पाकिस्तान में मौजूद भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा/नौसेना/वायु सलाहकारों को भारत वापस बुलाएगा। संबंधित उच्चायोगों में ये पद निरस्त माने जाएंगे। सेवा सलाहकारों के पांच सहायक कर्मचारियों को भी दोनों उच्चायोगों से वापस बुलाया जाएगा। उच्चायोगों की कुल संख्या को वर्तमान 55 से घटाकर 30 किया जाएगा, जिसे 01 मई 2025 तक और कम किया जाएगा। बता दें कि आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिक सहित 26 लोगों की मौत हो गई थी।

### पीएम आवास में ढाई घंटे तक बैठक चली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। बैठक खत्म होने का बाद पीएम मोदी ने कहा कि आंतकवादी हमले के बाद अहम बैठक की। बता दें कि सीसीएस की बैठक करीब ढाई घंटे तक चली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ तीनों सेनाओं के प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक अहम बैठक की। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री को पहलगाम और पूरे जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी।

# पर्दे के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को नहीं छोड़ेंगे : राजनाथ सिंह

- ऐसा जवाब मिलेगा कि दुनिया देखेगी

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिक सहित 26 लोगों की जान चली गई। श्रीनगर से लेकर दिल्ली तक, हाईलेवल मीटिंग चल रही है। इसी बीच राजनाथ सिंह ने आतंकी हमले पर चिंता जाहिर करते हुए कहा, कल पहलगाम में एक धर्म विशेष को निशाना बनाकर आतंकवादियों ने कायराना हरकत की, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा, मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। हम न सिर्फ इस कृत्य के



दोषियों तक पहुंचेंगे बल्कि पर्दे के पीछे के किरदारों तक भी पहुंचेंगे। आरोपियों को जल्द ही जोरदार और स्पष्ट जवाब मिलेगा, यह मैं देश को आश्वस्त करना चाहता हूं। बता दें कि देश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेनाओं के प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक अहम बैठक की। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री को पहलगाम और पूरे जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी।

### तीन आतंकियों के स्केच जारी

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद देश में उबाल है। सुरक्षा एजेंसियां दहशतगर्दों की तलाश में जुटी है। हेलीकॉप्टर, ड्रोन से आतंकियों की तलाश की जा रही है। आतंकी हमले पर नया अपडेट आया है। जानकारी मिली है कि पहलगाम हमले में दो पाकिस्तानी दहशतगर्द भी शामिल थे। उनके साथ में दो स्थानीय आतंकी भी थे। अब तक चार आतंकियों के बारे में जानकारियां सामने आई हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने हमला करने वाले तीन आतंकियों के स्केच भी जारी किए हैं।

# ताज की खूबसूरती पर फिदा हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

- खेरिया हवाई अड्डे पर सीएम योगी ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत





**आगरा।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पत्नी उषा और बच्चों के साथ ताजमहल का दीदार किया। करीब डेढ़ घंटे तक परिवार के साथ जेडी वेंस ने मोहब्बत की इमारत का दीदार किया।

इस दौरान उन्होंने विजिटल बुक में लिखा कि ताजमहल वास्तव में अद्भुत है। ताजमहल परिसर में पहुंचते ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के चेहरे पर अलग ही मुस्कान दिखाई दी। मानो वो ताज की खूबसूरती को शब्दों में बयां नहीं कर पा रहे थे। पत्नी और बच्चों के साथ इस दौरान उन्होंने फोटो खिंचाए। खेरिया हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पत्नी उषा और बच्चों के साथ खेरिया हवाई अड्डे तय समय पर पहुंचे। यहां से ताजमहल तक उपराष्ट्रपति के रूट पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंच भी सजाए गए थे। मगर, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शोक में सांस्कृतिक आयोजन नहीं किए गए। उपराष्ट्रपति का काफिला जब एयरपोर्ट से निकला, तो बच्चों ने भारत और अमेरिका के झंडे दिखाकर अभिवादन किया। पहली बार भारत यात्रा पर आए अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को राज्य अतिथि का दर्जा दिया गया है। इसलिए मुख्यमंत्री योगी ने स्वयं एयरपोर्ट पर उनका स्वागत व सत्कार किया।

## पीएम मोदी आज बिहार में बदला रहेगा कार्यक्रम का रूप

**मधुबनी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले से पूरा देश स्तब्ध और आहत है। इस हमले की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रस्तावित विदेश यात्रा को तत्काल स्थगित कर भारत वापसी की। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने भी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खुद जम्मू-कश्मीर पहुंचकर घटनास्थल की समीक्षा की। देशभर में इस नृशंस आतंकी घटना को लेकर गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है। इसी बीच, राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कल 24 अप्रैल को मधुबनी जिले के झंझारपुर अनुमंडल स्थित विदेश्वरस्थान में आगमन तय है। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, लेकिन हालिया घटनाक्रम को देखते हुए अब इसे सादगीपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री के झंझारपुर दौरे को लेकर एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और जेडीयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद संजय झा ने संयुक्त रूप से जानकारी दी।

# विशाल सिंह ने निदेशक सूचना का पदभार संभाला



- विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये जरूरी निर्देश
- विशाल सिंह मूलतः जौनपुर के निवासी हैं
- अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे नवाचार, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करें

**लखनऊ।** सूचना विभाग के नव नियुक्त निदेशक विशाल सिंह ने बुधवार को निदेशक सूचना का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने मुख्यालय पं. दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यप्रगति की जानकारी ली और आगामी कार्यों की प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श कर जरूरी निर्देश दिये। निदेशक सूचना ने बैठक में कहा कि सूचना विभाग शासन की नीतियों, योजनाओं तथा कार्यक्रमों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने में सेतु का कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे नवाचार, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करें, ताकि राज्य सरकार की उपलब्धियों का जन-जन तक व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। विशाल सिंह मूलतः जौनपुर के निवासी हैं। इसके पहले वे नगर आयुक्त अयोध्या नगर निगम तथा उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण तथा जिलाधिकारी भदोही एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

## एलजी मनोज सिन्हा ने सुरक्षा को लेकर की समीक्षा बैठक



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज बुधवार शाम श्रीनगर स्थित राजभवन में सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव, डीजीपी और सभी वरिष्ठ नागरिक प्रशासन और पुलिस अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों का कहना है कि उपराज्यपाल ने अधिकारियों से पहलगाम में नागरिकों की हत्या का बदला हर तरह से लेने को कहा है। अधिकारियों को पूरी ताकत प्रदान की गई है। कल यानि मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी।

## अल्पसंख्यक समुदाय असहज और परेशान महसूस करता है : वाड्रा



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने विवादित बयान दे दिया है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि देश में हिंदू-मुस्लिम हो रहा है, इससे मुसलमान असहज महसूस कर रहे हैं और यही कारण है कि पहचान पूछकर आतंकवादी हत्याएं कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने साथ में ये भी साफ कर दिया है कि ये उनकी अपनी सोच है। कांग्रेस या उनके परिवार का इससे कोई लेना-देना नहीं है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि मुझे बहुत बुरा लग रहा है और मेरी गहरी संवेदना उन लोगों के साथ है, जिनकी इस आतंकी घटना में जान चली गई। वाड्रा ने देश के माहौल पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार अक्सर हिंदुत्व की बात करती है। इससे अल्पसंख्यक समुदाय असहज और परेशान महसूस करता है। वाड्रा ने कहा अगर आप इस आतंकी घटना को देखें, अगर वे (आतंकवादी) लोगों की पहचान देख रहे हैं, तो वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? क्योंकि हमारे देश में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एक विभाजन आ गया है। वाड्रा ने आगे कहा कि ऐसी घटनाओं से आतंकी संगठनों को यह लग सकता है कि हिंदू, मुसलमानों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहचान देखना और फिर किसी को मार देना, यह प्रधानमंत्री के लिए एक संदेश है, क्योंकि मुसलमान कमजोर महसूस कर रहे हैं।

# पद या आजादी, एक चुन लीजिए : सुप्रीम कोर्ट

- तमिलनाडु के मंत्री को सुप्रीम कोर्ट ने दिया अल्टीमेटम
- जमानत मिलने के बाद फिर बने थे मंत्री
- जमानत रद्द करने की लगी थी याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को द्रमुक नेता वी. सेंथिल बालाजी से कहा कि वह पद या आजादी में से किसी एक को चुन लें। साथ ही चेतावनी दी कि अगर उन्होंने तमिलनाडु सरकार में मंत्री पद नहीं छोड़ा तो वह उनकी जमानत रद कर देगा।

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इस बात पर आपत्ति व्यक्त की कि नकदी के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में जमानत मिलने के कुछ दिनों बाद ही बालाजी को तमिलनाडु में कैबिनेट मंत्री के तौर पर बहाल कर दिया गया था। पीठ ने कहा, इस बात की गंभीर आशंका है कि आप हस्तक्षेप करेंगे और गवाहों को प्रभावित करेंगे। आपको पद (मंत्री) और आजादी में से किसी को चुनना होगा। आप जो भी चुने, हमें बता दीजिए। शीर्ष अदालत ने पूर्व फैसले का हवाला दिया जिसमें दर्ज किया गया था कि उन्होंने लोगों को अपने विरुद्ध शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया। साथ ही कहा कि जमानत देने का मतलब गवाहों को प्रभावित करना नहीं था। अतीत में भी आपने गवाहों को प्रभावित किया था। इसलिए आपको दोनों विकल्पों में से एक चुनना होगा। मंत्री के तौर पर आपके विरुद्ध ऐसे कठोर निष्कर्ष दर्ज किए गए हैं। शीर्ष अदालत मामले के गवाहों को प्रभावित करने के आधार पर बालाजी की जमानत रद करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अपने हलफनामे का जिक्र किया जिसमें आरोप लगाया गया है कि बालाजी ने गवाहों को प्रभावित किया। इस पर जस्टिस ओका ने कहा, हम इसे अपने आदेश में दर्ज करेंगे कि हमने आपके विरुद्ध फैसलों को नजरअंदाज करके गलती की है. क्योंकि पूरी कार्यवाही इस आधार पर आगे बढ़ी थी कि अब वह मंत्री नहीं हैं। हम अपनी गलती स्वीकार करेंगे। जब सिब्बल ने कहा कि बालाजी की ओर से गवाहों को प्रभावित करने की कोई संभावना नहीं है तो कोर्ट ने टिप्पणी की, आप गवाहों को आने से रोक रहे हैं।

### मुकुल रोहतगी ने की पैरवी

शीर्ष अदालत ने उनके पूर्व के आचरण के आधार पर पहली नजर में मामला सही पाया कि उन्होंने हस्तक्षेप किया और गवाहों को प्रभावित किया था। पीठ ने कहा, अब आप उसी पद पर पहुंच गए हैं जहां आप मंत्री के तौर पर प्रभावित कर सकेंगे। हमने आपको बिल्कुल ही अलग आधार पर जमानत प्रदान की थी। आप एक चीज याद रखें। आपको मेरिट के आधार पर जमानत नहीं दी गई थी। आपको संविधान के अनुच्छेद-21 के संभावित उल्लंघन पर जमानत दी गई थी। आपके मंत्री पद संभालने से हम क्या संकेत दे रहे हैं? बालाजी के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि उनके मुवक्किल के विरुद्ध सीधे तौर पर कोई निष्कर्ष नहीं है। तमिलनाडु सरकार के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर गवाहों को प्रभावित किए जाने की संभावना है तो मुकदमे को राज्य से बाहर स्थानांतरित किया जा सकता है। अदालत ने असहमति जताते हुए कहा कि इससे कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।



# मुर्शिदाबाद हिंसा में 109 घरों को पहुंचा नुकसान, सरकारी सर्वेक्षण हुआ पूरा

- जिला प्रशासन ने कराया है सर्वेक्षण
- बांग्लार बाड़ी योजना के तहत होगा पुनर्निर्माण



- विस्थापितों के वापस लौटने का भी दावा
- ममता बनर्जी मई में करेंगी दौरा

**कोलकाता।** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हाल में हुए सांप्रदायिक दंगों में कुल 109 घर क्षतिग्रस्त हुए। एक सरकारी सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई। एक अधिकारी ने कहा कि मुख्य सचिव मनोज पंत को रिपोर्ट सौंपी गई।

अधिकारी ने मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन ने एक सर्वेक्षण कराया और पाया कि धुलियान, शमशेरगंज और सुती में हाल के दंगों के दौरान 109 घर क्षतिग्रस्त हुए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले घोषणा की थी कि हिंसा से प्रभावित सभी घरों का राज्य की बांग्लार बाड़ी आवास योजना के तहत पुनर्निर्माण किया जाएगा। दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को हुए नुकसान के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने कहा कि पंचायत विभाग के प्रधान सचिव और जिला प्रशासन को संयुक्त आकलन करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी के अनुसार, मुर्शिदाबाद के अपर जिलाधिकारी को विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के साथ-साथ उनके घरों के पुनर्निर्माण की देखरेख करने का निर्देश दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि सभी विस्थापित लोग वापस लौट आए हैं और जिला प्रशासन उनकी देखभाल कर रहा है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने मंगलवार को घोषणा की थी कि वह मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद के दंगा प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि उनकी सरकार मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देगी।

## मंत्रालय की बैठक

## एयर इंडिया का बड़ा एलान

# अतिरिक्त उड़ानों का होगा संचालन

- न बढ़ाया जाए फ्लाइट्स का किराया
- तत्काल राहत उपायों के तहत श्रीनगर से चार विशेष उड़ानें की व्यवस्था की गई है

**नई दिल्ली।** श्रीनगर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि श्रीनगर मार्ग पर हवाई किराये में कोई वृद्धि न हो। मंत्रालय ने कहा कि एयरलाइनें श्रीनगर के लिए अतिरिक्त उड़ानें भी संचालित करेंगी। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर मंगलवार को आतंकवादियों ने हमला किया।

इस हमले में ज्यादातर पर्यटकों समेत कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। एयर इंडिया और इंडिगो बुधवार को श्रीनगर से राष्ट्रीय राजधानी और मुंबई के लिए कुल चार अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेंगी। एयरलाइनों ने टिकट पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क भी माफ कर दिया है। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने सभी एयरलाइन कंपनियों के साथ तत्काल बैठक की और श्रीनगर मार्ग पर मूल्य वृद्धि के खिलाफ सख्त परामर्शिका जारी की। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि एयरलाइनों को नियमित किराया स्तर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस संवेदनशील समय के दौरान किसी भी यात्री पर बोझ न पड़े। नायडू ने गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय में स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। बयान में कहा गया, तत्काल राहत उपायों के तहत, श्रीनगर से चार विशेष उड़ानें की व्यवस्था की गई है, जिनमें दो दिल्ली और दो मुंबई के लिए हैं। अतिरिक्त उड़ानों को तैयार रखा गया है। नायडू ने सभी एयरलाइनों को निर्देश दिया है कि वे मृतकों के परिजनों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकारों और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हुए पूरा सहयोग करें।

### होटलों और एयरलाइंस से मिलेगा पूरा रिफंड

**केंद्र सरकार ने जारी की एडवाइजरी**

**नई दिल्ली।** पहलगाम की आतंकी घटना के बाद जम्मू-कश्मीर में फंसे या वहां जाने वाले पर्यटकों की मदद के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय आगे आया है। मंत्रालय ने देश भर के टूरिस्ट सर्विस प्रोवाइडरों व होटल संचालकों के लिए बुधवार को एक एडवाइजरी की है, जिसमें बुकिंग कैंसिल कराने पर ली जाने वाली कैंसिलेशन फीस माफ करने सहित सहूलियत के लिए सभी जरूरी उपाय करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने यह निर्देश ऐसे समय दिया है, जब घटना के बाद बड़ी संख्या में पर्यटक बुकिंग कैंसिल करा रहे हैं। इस बीच केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी घटना के बाद वहां फंसे या जाने वाले पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी है।



# स्वस्थ जीवनशैली और मेटाबोलिक प्रोफाइल पर केंद्रित तीन दिवसीय सम्मेलन का डीएम ने किया शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवकली में बुधवार को ÷मेटाबोलोमिक्स, स्वस्थ जीवनशैली और इष्टतम मेटाबोलिक प्रोफाइल÷ विषय पर आधारित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। यह सम्मेलन 25 अप्रैल तक चलेगा और इसमे प्रमुख मेडिकल विशेषज्ञ, शोधकर्ता, चिकित्सक और स्वास्थ्य नीति-निर्माता भाग ले रहे हैं उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवकली डॉ वाणी गुप्ता, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा, डॉ राज कुमार कोली के साथ दीप प्रज्वलन कर किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आज की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में स्वस्थ रहना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में मेटाबोलोमिक्स जैसे वैज्ञानिक विषयों पर शोध और चर्चा समय की मांग है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता न केवल उपचार बल्कि रोकथाम है, और इस दिशा में यह सम्मेलन महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है डीएम ने कहा कि आप केवल चिकित्सक नहीं बनेंगे, बल्कि समाज में एक एजुकेटर, प्रेरणास्त्रोत रोल मॉडल और मानसिक स्वास्थ्य के मार्गदर्शक (साइकैटरिस्ट) की महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएंगे। नवीन प्रधानाचार्य डा0 वाणी गुप्ता ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त 03 माह के कम समय में ज्वलन्त विषय पर कानफेन्स करवायी। जिसमें डा0 सुभ्रा हर्ष सिंह एवं डा0 महीन शरन ने भागीदारी की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की टीम को इस महत्वपूर्ण विषय पर कार्यशाला आयोजित करने के लिए बधाई दी, जो छात्रों और समाज के लिए लाभकारी साबित हो रही है प्राचार्य डॉ. वाणी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में जब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, मेटाबोलोमिक्स जैसे विषयों की महत्ता और भी बढ़ जाती है। यह सम्मेलन न केवल चिकित्सकों और शोधकर्ताओं के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा, बल्कि स्वस्थ भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगा सम्मेलन की शुरूआत सुप्रसिद्ध कैसर रोग विशेषज्ञ दा0 सुनाहर्ष सिंह के व्याख्यान से हुई जिन्होनें कैसर में मेटाबोलिक रीप्रोग्रामिंग पर अत्यन्त सूचनाप्रद चर्चा की। जिसमें कैंसर की प्रगति और उपचार में मेटाबोलिक परिवर्तनों की भूमिका को विस्तार से समझाया। इसके पश्चात नीद मेटाबोलिक स्वास्थ्य की एक अंतदृष्टि विषय पर कार्यशाला का आयोजन डा0अनामिका सिंह, डा0 पंकज अरोड़ा और डा0 श्वेता कंचन के व्याख्यान से हुई। जिन्होंने नींद और स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंधों को सरल और वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत किया। साथ ही जीवन रक्षक अपातकालीन चिकित्सा तकनीक ÷एडवांस कार्डियोवेस्कुलर लाइफ सपोर्टी पर डा0 संदीप साहू के द्वारा व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ प्रशिक्षित किया इसी के क्रम में लाइफ स्टाइल एवं स्वास्थ्य पर चर्चा आयोजित की गयी, जिसमें डा. शिखर बाजपेयी, डा. मौसमी शर्मा, डॉ. अनामिका सिंह, डा. महीम शरन एवं डा. संजय तौमर ने भाग लिया सम्मेलन के पहले दिन का आगाज सफल एवं ज्ञानवर्धक रहा और आने वाले सत्रों में मेटाबोलोमिक्स के क्षेत्र में और भी नवाचारों पर चर्चा की जायेगी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवकली द्वारा आयोजित सेमिनार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने Souvenir पत्रिका का विमोचन किया। यह विशेषांक स्वस्थ जीवनशैली और मेटाबोलिक स्वास्थ्य को समर्पित है। डीएम ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं, ऐसे में जागरूकता बेहद आवश्यक है। %स्थ्रह्व1द्गठ्ठद्बह्ल% पत्रिका का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य, पोषण, जीवनशैली में सुधार और मेटाबोलिक प्रोफाइल से जुड़ी नवीनतम जानकारियों से अवगत कराना है।

# मकसोहा में लापरवाही पर चला सीडीओ का हंटर, पंचायत से स्कूल तक कार्रवाई की गूंज

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी ।** जिले की प्रशासनिक सख्ती एक बार फिर सतह पर आई जब सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकासखंड फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत मकसोहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों ने न केवल ग्राम पंचायत की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की हकीकत भी उजागर कर दी पंचायत भवन बंद मिलने पर सीडीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए पंचायत सहायक का मानदेय तत्काल प्रभाव से रोक दिया और ग्राम पंचायत सचिव से जवाब-तलब करते हुए वेतन रोकने का फरमान सुनाया। वहीं, जब सीडीओ परिषदीय विद्यालय पहुंचे तो हालात और भी चिंताजनक मिले विद्यालय के शौचालयों में गंदगी पसरी थी और पानी की व्यवस्था नदारद थी। पंजिका में दर्ज उपस्थित से मौके पर उपस्थित बच्चों की संख्या में भिन्नता मिली, जो साफ तौर पर उपस्थिति आंकड़ों में गड़बड़ी और लापरवाही की ओर इशारा करता है इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए सीडीओ ने जांच का जिम्मा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी को सौंपा और विद्यालय के प्रधानाध्यापक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। यही नहीं, नए सत्र की पुस्तकें अब तक वितरित न होने पर खंड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड़ की जिम्मेदारी तय करते हुए उनका वेतन भी बाधित करने के आदेश दिए यह औचक निरीक्षण न केवल ग्राम पंचायत और शिक्षा विभाग को आइना दिखाता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि अब लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से लागू की जा रही है। जिले में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त रिजवान पुत्र इस्लाम नि0 मूडा सवारान थाना गोला जिला खीरी संबंधित मु0सं0 3118/21 धारा 323/498ए भादावि 3/4 डीपी एक्ट को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## 40 डिग्री के पार पहुंचा तापमान

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर में दिन में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा, बेहद गर्म हवायें लू बनकर चली दिन में 11 बजे से दोपहर के तीन बजे तक जिले में हीट वेव बनी रही, सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा लेकिन जिला प्रशासन स्कूलो का समय बदलने को अभी भी तैयार नही दोपहर 2 बजे तपती झुलसा देने वाली धूप में गर्म लू के थपेड़े खाते स्कूली बच्चे बेहाल हालत में घर वापस लौट रहे है, पर अधिकारियों पर इन सबसे कोई फर्क नही पड़ता यह हाल तब है जब बुंदेलखंड के दो जिलों को छोड़कर मंगलवार को प्रदेश में लखीमपुर में दिन और रात का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया।

## अग्निकांड में सात घर जलकर हुये राख

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मझगई क्षेत्र के ग्राम बौधिया कलां के मजरा रमुआपुर में मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चूल्हे पर खाना बनाते समय अचानक कढ़ाई में आग भड़क उठी आग की लपटों ने पास में रखी खरफूस की टटिया को चपेट में ले लिया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस अग्निकांड में सात घर जलकर राख हो गए। घरों में रखा राशन, नकदी समेत लाखों रुपये का सामान भी जलकर नष्ट हो गया गांव निवासी मेलाराम की पत्नी जुगुंता देवी सुबह चूल्हे पर खाना बना रही थीं। चूल्हे पर रखी कढ़ाई में गर्म तेल से अचानक आग भड़क उठी। आग ने पास में रखी सूखी टटिया को अपनी चपेट में ले लिया। जुगुंता देवी के शोर मचाने पर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन तेज हवा के चलते आग और भड़क गई गांव के अधिकतर लोग उस समय खेतों में काम कर रहे थे, जिससे आग पर शुरुआती नियंत्रण नहीं हो सका। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग की टीम और मझगई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका इस आगजनी की घटना में मेलाराम, शिवकुमार, मनीराम, प्रहलाद, होरी लाल, शत्रोहन और रामप्रकाश के घर पूरी तरह जल गए। शिवकुमार के घर में रखी 20,000 नकद राशि और गेहूं भी जलकर नष्ट हो गए।

## शावक के साथ पकड़ा बाघिन को

**लखीमपुर खीरी।** ममरी इलाके में कई दिनों तक चली कार्रवाई के बाद दहशत का पर्याय बाघिन को शावक के साथ पकड़ लिया गया है। उसे डॉक्टर और वनकर्मियों की निगरानी में सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया पिछले वर्ष माह अगस्त और सितंबर में ग्राम इमलिया निवासी किसान अमरेश कुमार और मूड़ा अस्सी निवासी किसान जाकिर अली को मारने वाली बाघिन ने 12 अप्रैल को ग्राम मूड़ा जवाहर निवासी किसान मुन्नालाल पर हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर घायल हो गए थे। बाघिन के बढ़ते हमलों से क्षेत्र में इस कदर दहशत थी कि लोगों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया था। बाघिन, शावक के साथ सरायन नदी के आसपास घूम रही वनकर्मी बाघिन को खदेड़ने की कोशिश में लगे थे, लेकिन कामयाबी नहीं मिलने पर क्षेत्रवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल 15 अप्रैल को गोला विधायक अमन गिरि के साथ लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला और उन्हें समस्या से अवगत कराया मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को बाघिन पकड़वाने के निर्देश दिए। इतना सब होने के बाद बाघिन को पकड़ने की कार्रवाई शुरू हुई।

## नदी के किनारे पलटी कार पांच लोग घायल

**लखीमपुर-खीरी।** बरेली से पलिया जा रही एक कार बुधवार को मैलानी-खुटार नेशनल हाईवे पर कठिना नदी के किनारे पलट गई, जिससे कार सवार पांच लोग घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने कार सवारों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि कार पास में ही भरे पानी में नहीं गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।बरेली के मॉडल टाउन निवासी जय गोपाल मीरगंज शुगर फैक्टरी में अकाउंटेंट हैं।

## प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह के सौंपा

**लखीमपुर-खीरी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार की दोपहर आतंकी हमले में मारे गए निर्दोश हिंदुओं के मारे जाने से लोगों में काफी आक्रोश है। बुधवार को विहिप और प्रमुख समाज सेवियों ने नौरंगाबाद श्री राम भवन पर बैठक की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए केंद्र सरकार से तत्काल आतंकियों को समाप्त करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद आतंकवाद का पुतला फूंका और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा बैठक में सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि जम्मू के पाल गांव में नाम धर्म पूछकर जिस तरीके से हिंदुओं की हत्या की गई वह बेहद निंदनीय है केंद्र सरकार तत्काल आतंकियों को समाप्त करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई करे बैठक के बाद सभी प्रमुख समाज सेवी राम पांडेय व तुषार सिसौदिया के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचे इस्लामी आतंकवाद का पुतला फूंका।पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह के सौंपा। इस दौरान ब्रजेश मिश्र ने मांग की कि इस्लामिक आतंकवाद को कुचलने के लिए सेना को खुली छूट दी जानी चाहिए। आचार्य संजय मिश्रा ने केंद्र सरकार से तत्काल आतंकी पाकिस्तान पर हमला करके आतंकी अड्डे समाप्त करने की मांग की। इस दौरान देवी मिश्रा, देवब्रत, शुभम, संदीप, विनय आदि रहे।

## आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की स्मृति में शोकसभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की स्मृति में आज भाजपा कार्यालय पर एक शोकसभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद की इस निंदनीय घटना की कठोर शब्दों में भर्त्सना की और मृत आत्माओं के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि देश इस तरह की हिंसक घटनाओं से डरने वाला नहीं है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है, और सरकार इससे निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान रामजी मौर्या, आंसू मिश्रा, संतोष कुमारी सिंह, अभिषेक सिंह, बृजेश सिंह, उमा राज, देवदत्त चड्डा, उमाशंकर मिश्रा, सौरभ त्रिवेदी, मनोज अग्रवाल आदि लोग थे।सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी और देश में शांति व एकता की कामना की।

## निजी बस कंपनी के मैनेजर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लखीमपुर-खीरी।** पलिया में एक निजी बस कंपनी के मैनेजर की बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह सड़क किनारे खून से लथपथ बेहोशी की हालत में मिले थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार, मृतक बलविंदर सिंह पुत्र सुखदेव सिंह, निवासी गांव कबीरगंज, थाना हजारा (जनपद पीलीभीत), पलिया में एक निजी बस कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। बुधवार सुबह लगभग आठ बजे वे घर से कार्यालय के लिए निकले थे। कुछ देर बाद लोगों ने उन्हें बस कार्यालय के बाहर सड़क किनारे खून से लथपथ बेसुध पड़े हुए देखा और तुरंत पुलिस व बस कंपनी के संचालक को सूचना दी।सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने बलविंदर को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन बिलखते हुए अस्पताल पहुंचे, वहीं सहकर्मियों में भी शोक की लहर दौड़ गई मौके पर मौजूद कुछ बसकर्मी और दुकानदारों ने बताया कि बलविंदर नशे के आदी थे और बीते कुछ दिनों से तनाव में भी दिख रहे थे। बुधवार सुबह उन्होंने स्वयं को अस्वस्थ बताते हुए एक मेडिकल स्टोर से कोई दवा ली थी। इसके बाद वे सड़क किनारे इस हालत में पाए गए।

# ताजमहल का दीदार करने पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति, एयरपोर्ट पर सीएम योगी ने किया स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** जेम्स डेविड वेन्स वाइस प्रेसिडेंट ऑफ अमेरिका सपरिवार पत्नी ऊषा वेन्स और बच्चों के साथ एयरफोर्स स्टेशन आगरा पहुंचे जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति की फ्लीट आगे बढ़ने पर एयरफोर्स स्कूल व केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने अमेरिकी और भारतीय फ्लैग लहराकर स्वागत किया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने हाथ हिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। हवाई अड्डे परिक्षेत्र से निकलने पर विभिन्न चौराहों पर यथा एयरफोर्स चौराहा, अजीतनगर गेट, ईदगाह बस स्टैंड, अवंतीबाई, सर्किट हाउस, आई लव आगरा सेल्फी पॉइंट आदि पर शहर के स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट ने दोनों देशों के झंडे लहराकर गर्मजोशी



से स्वागत किया। उपराष्ट्रपति के स्वागत को संपूर्ण मार्ग को झंडों, बैनर, स्टैंडी, तथा मा. उपराष्ट्रपति यूएसए, तथा प्रधानमंत्री जी, मा. मुख्यमंत्री जी के कट आउट तथा फूल मालाओं से संपूर्ण मार्ग को सजाया गया था जिसे देख कर उपराष्ट्रपति प्रसन्न नजर आए। वही ताजमहल पहुंचने पर एएसआई के गाइड ने जब ताजमहल से जुड़ी विभिन्न ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत कराया, जिसे उन्होंने ध्यानपूर्वक सुना, ताजमहल की पत्थर पर की गई नक्काशी, स्थापत्य कला पर उपराष्ट्रपति मंत्रमुग्ध नजर आए। ताज महल को अदभुत, सच्चे प्यार और मानव एकता की सच्ची श्रद्धाजलि बताया। सुबह ताजमहल की सभी टिकट विंडो भी बंद रहीं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति के जाने के बाद ही टिकट विंडो और ताजमहल पर्यटकों के लिए खोला गया। एयरपोर्ट से शिल्पग्राम होते हुए ताजमहल तक करीब 12 किमी. सड़क पर कड़ी सुरक्षा रखी गई। इस रूट से उप राष्ट्रपति का काफिला गुजरा वहां जीरो ट्रैफिक किया गया था। जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार बुधवार को सभी स्कूल बंद रहे।

# बड़े विद्युत बिल बकायेदारों से वसूली में लाएं तेजी: डीएम

## एसडीओ स्तर पर सबसे अधिक लाईन लॉस वाले फीडर चिन्हित कर करें कार्रवाई



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विद्युत आपूर्ति में बाधा को समाप्त कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं विद्युत बिलों की वसूली कर राजस्व बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि विद्युत अधिकारी एक्सईएन एवं एसडीओ स्तर पर 1 लाख रुपए से अधिक बकायेदार, 50 हजार से अधिक बकायेदार एवं 10 हजार से अधिक बकायेदार की सूची तैयार करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्युत बिलों के भुगतान हेतु बड़े बकायेदारों से वसूली में तेजी लाई जाए। उन्होंने लाइन लॉस को न्यूनतम करने के निर्देश दिए। जनपद में प्रत्येक एसडीओ के क्षेत्र में सबसे अधिक लाइनलॉस वाले फीडर को चिन्हित कर उसी पर फोकस कर सुधार लाया जाए। विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए बिजलीघर स्तर पर शिकायत रजिस्टर बनाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कर्मचारी पूरी मुस्तैदी एवं तत्परता के साथ कार्य करें ताकि जन सामान्य को विद्युत उपलब्धता को लेकर परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने एसडीओ घुन्ना की खराब कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए एमडी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जन सामान्य को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराना विभाग की महती जिम्मेदारी है। ओवरलोडिंग या फिर अन्य की वजह से विद्युत ट्रांसफार्मर जलने की दशा में जल्द से जल्द नवीन ट्रांसफार्मर का प्रतिस्थापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्युत विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने की सूचना तत्काल संबंधित को उपलब्ध कराएंगे ताकि प्रतिस्थापन के समय को कम किया जा सकें। बैठक में मुख्य अभियन्ता राजेश कुमार सहित विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाजायज स्मैक के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 ग्राम नाजायज स्मैक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना चिलकाना प्रभारी विवेक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक संजीव कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नशा तस्कर अफजाल पुत्र रशीद निवासी ग्राम फिरोजाबाद थाना चिलकाना को ग्राम पांजबांगर को जाने वाले खडंजे पर स्थित आम के बाग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम नाजायज स्मैक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# परशुराम जयंती शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराने हेतु डीएम ने की मजिस्ट्रेट तैनाती की घोषणा

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश कुमार राय ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परशुराम जयंती पर्व 29 अप्रैल को मनाया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि पूर्व की भाँति परम्परागत तरीके से परशुराम जयन्ती पर शोभायात्रा नगर बदायूँ में निकाली जायेगी। यह शोभायात्रा ब्राहमण धर्मशाला से आरम्भ होकर गोपी चौक, खैराती चौक, शास्त्री चौक, पुराना बाजार, सुभाष चौक, रजी चौक होते हुए पुनः ब्राहमण धर्मशाला पर पहुँचकर समाप्त होगी।

उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के अवसर पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है,जिनमें नगर मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार, कांटेक्ट नंबर 9454415832 को शोभा यात्रा के आगे,नायब तहसीलदार सदर हेमराज सिंह बोनाल कांटेक्ट नंबर 8809658588 शोभायात्रा के मध्य तथा नायब तहसीलदार सदर अमित कुमार कांटेक्ट नंबर 8887706006 शोभायात्रा के पीछे तैनाती की गई है।उन्होंने निर्देश दिए कि तैनात मजिस्ट्रेट शोभायात्रा के दौरान नगर मजिस्ट्रेट के निर्देशन में शोभायात्रा में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर मजिस्ट्रेट शोभायात्रा के दौरान सम्पूर्ण नगर में कानून एवं शान्ति व्यवस्था हेतु उत्तरदायी होंगे तथा समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट जनपद में अपनी-अपनी तहसील के थाना क्षेत्रों में परशुराम जयन्ती पर निकाली जाने वाली शोभायात्राओं के दौरान अपने स्तर से मजिस्ट्रेट नामित करते हुए पूर्ण शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनपद भर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 प्रभावी है, जिसके प्रतिबन्धो को अक्षरशः पालन कराये जाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

## पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के लिए की गई प्रार्थना




**बदायूँ।** भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ,कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गवाने वाले भारतीयों की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की गई।भाजपाइयों द्वारा आतंकवादियों के इस कायराना कृत्य की भर्त्सना करते हुए रोष प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा धीरज पटेल, मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य, रचना शंखधार, गोपाल शर्मा, अजय मथुरिया, गुलशन प्रताप, अमित सिंह, अनुभव उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## ट्यूबवैलों से विद्युत उपकरण चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने ट्यूबवैलो से विद्युत उपकरण चोरी करने की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही पर एक विद्युत मोटर, 05 किलोग्राम तांबे के तार व 3050 रुपये नकद, मोटर खोलने के उपकरण व स्चोरी की घटनाओ में प्रयुक्त टैम्पो को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि वादी अरुण कुमार, प्रेम सिंह, भूपेश कुमार व इकबाल पुत्र यासीन की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ उनके ट्यूबवैल से बिजली की मोटर चोरी करने व तीन सोलर पैनल चोरी करने के संबंध में अलग-अलग मुकदमें पंजीकृत किये गये थे। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक विनय कुमार, महेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन शातिर चोरों शुभम पुत्र स्व.अजय व नमन पुत्र स्व.अजय निवासीगण मौहल्ला दुर्गा कालोनी थाना सरसावा व दानिश पुत्र सुलेमान निवासी मौहल्ला मिर्धान कस्बा व थाना सरसावा को नकुड सरसावा मार्ग पर हाईवे पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया।

# एकतरफा प्रेम में सिरफिरे का हमला: महिला के चेहरे पर ब्लेड से किया वार

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में एकतरफा प्यार की सनक में युवक ने एक महिला पर ब्लेड से हमला कर दिया, इससे उसके चेहरे पर गंभीर घाव हो गए। आरोपी मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, तभी लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना लोहा मंडी क्षेत्र के राजनगर मोहल्ले की है। यहां रहने वाली महिला पर विष्णु नाम के युवक ने उस समय हमला कर दिया, जब वह घर से बाहर किसी काम से निकली थी। बताया जा रहा है कि विष्णु काफी समय से महिला को परेशान कर रहा था और उस पर एकतरफा प्यार में दबाव बना रहा था। विष्णु ने महिला को कई बार अपने लव प्रपोजल के लिए मजबूर किया, लेकिन जब महिला ने सख्ती से इंकार कर दिया तो वह बेहद नाराज हो गया। उसने ब्लेड से उस पर हमला कर दिया। हमले के दौरान उसने महिला के चेहरे पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी चीखें सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और हमलावर विष्णु को पकड़ लिया। वही पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से महिला के ऊपर जानलेवा हमला करने के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि जिस महिला के ऊपर उसने चाकू से हमला किया वह करीब 2 वर्ष पहले उसके साथ नगर निगम आगरा में काम करती थी। जिससे वह प्यार करता था किन्तु वह महिला उसकी बात नहीं मान रही थी। तब उसने महिला को



जान से मारने की नीयत से अग्रसेन भवन के पास चाकू से कई जगह महिला को मारा और मौके से भाग गया था। चाकू को उसने रेलवे लाइन के किनारे झाडियों में फेक दिया था, जिसे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त की निशादेही से बरामद किया गया।

## अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक हुई संपन्न

**आगरा।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागर में बुधवार को बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद आगरा में आगामी वर्षाकाल में बाढ़ की सम्भावनाओं के दृष्टिगत् बाढ सुरक्षात्मक तैयारियों की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिस पर सभी विभागों ने अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित मन्तव्य व्यक्त किये। अपर जिलाधिकारी, (न्यायिक) आगरा द्वारा बाढ़ के समय बाढ़ की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही करने एवं अपने-अपने विभाग की कार्य-योजना तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

# सीएससी बरौन के औचक निरीक्षण में डीएम को मिली गंदगी, देखकर नाराजगी जतायी



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी अशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा सीएससी बरौन का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान आज कुल 49 मरीजों का पंजीकरण इलाज हेतु पाया गया, प्राभरी चिकित्साधिकारी का कक्ष अत्यन्त गंदा पाया गया, कुर्सी व मेज पर धूल जमी हुयी थी, शौचालय अत्यन्त ही गंदे व टूटे पाये गये, जगह-जगह तम्बाकू व पान की पीक पायी गयी, वार्ड में बेडशीट गंदी पायी गयी, ए0एन0एम0 मनोरमा शाक्य अनुपस्थित पायी गयी, खिडकियों का कांच टूटा पाया गया, जिलाधिकारी द्वारा इस पर नारजगी जताई गयी, प्रा0 चिकित्साधिकारी ने बताया कि सफाई कर्मी नवम्बर से नही आ रहा है, जिलाधिकारी द्वारा तत्काल व्यवस्था कर पूरी सी0एस0सी की सफाई 02 दिन में सुनिश्चित करें, जिलाधिकारी द्वारा इस दौरान सी0एस0सी के दवा स्टोर का निरीक्षण किया व दवाईयों को चेक करते हुए निर्देशित किया कि दवाईयां का समय से वितरण कराया जाये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सी0एस0सी के स्टोर में जो भी दवाईयां तीन माह के भीतर एक्सपायर होनी है उनको तत्काल चेंज कर नयी दवाईयां मंगवाई जाये, सभी मरीजों की उचित देखभाल की जाये, प्रतिदिन दवा वितरण का रिकार्ड रख जाये।

# डबल इंजन सरकार में स्ट्रीट वेंडर्स के कारोबार को मिली रफ्तार

- पीएम स्वनिधि योजना के तहत बिना गारंटी मिलता है 10 हजार का लोन, ब्याज सब्सिडी का भी फायदा
- पहला लोन चुकाने पर दूसरी बार दोगुनी और तीसरी बार पांच गुनी धनराशि का ऋण
- गोरखपुर में 38708 स्ट्रीट वेंडर्स हो चुके हैं लाभान्वित, 12523 को मिला दूसरे चरण का ऋण
- 71 करोड़ 91 लाख रुपये का लोन वितरित हो चुका है पीएम स्वनिधि योजना में

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** डबल इंजन सरकार में स्ट्रीट वेंडर्स (रेहड़ी-पटरी कारोबारी) के कारोबार को नई रफ्तार मिली है। इसका माध्यम बनी है प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना। पटरी कारोबारियों के कारोबार को आर्थिक संबल प्रदान करने में पीएम स्वनिधि योजना बड़े काम की साबित हो रही है।

अकेले गोरखपुर में 38708 स्ट्रीट वेंडर्स जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के माध्यम से योजना का लाभ उठाकर कारोबार संवार रहे हैं। इनमें से 12523 ऐसे हैं जिन्होंने पहला लोन चुकाकर दूसरा और 1632 ने दूसरा लोन चुकाकर तीसरा लोन प्राप्त किया। लोन लेने के बाद डिजिटल लेनदेन से उन्हें कैशबैक का अतिरिक्त फायदा हो रहा है। गोरखपुर में इस योजना से स्ट्रीट वेंडर्स बड़े पैमाने पर कैशबैक का भी लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पीएम स्वनिधि योजना की शुरुआत जून 2020 में उस वक्त हुई जब कोरोना काल में कारोबार बुरी तरह प्रभावित था। इसका सबसे अधिक असर रेहड़ी-पटरी दुकानदारों पर था। दुकानदारी चौपट होने के कगार पर थी। ऐसे में उनके लिए संकटमोचक बनी पीएम स्वनिधि योजना। इस योजना का सहारा पाकर रेहड़ी-पटरी कारोबारियों के जीवन में समृद्धि का नया प्लेटफार्म मिला। अकेले गोरखपुर में डूडा के जरिये अब तक 38708 रेहड़ी-पटरी दुकानदार 10 हजार रुपये का गारंटी मुक्त लोन लेकर अपने कारोबार को संवार चुके हैं। पीएम स्वनिधि के तहत प्रथम, द्वितीय व तृतीय ऋण को मिलाकर गोरखपुर में कुल 71 करोड़ 91 लाख 40 हजार रुपये का ऋण स्ट्रीट वेंडर्स में वितरित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पटरी कारोबारियों के प्रति संवेदनशीलता और नियमित मॉनिटरिंग से स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि योजना का खूब रंग जमा है। योजना का लाभ पाने में किसी को कोई दिक्कत न आए, इसके लिए सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम भी शुरू कराया गया। पीएम स्वनिधि योजना के तहत आवेदन कर रेहड़ी-पटरी चलाने वाले 10 हजार रुपये का गारंटी फ्री लोन प्राप्त कर सकते हैं। लोन की राशि एक साल में चुका देने पर दूसरी बार 20 हजार और तीसरी बार 50 हजार रुपये का ऋण लेकर कारोबार को और विस्तार दिया जा सकता है। पीएम स्वनिधि योजना में समयबद्ध भुगतान करने में ब्याज पर 7 प्रतिशत अनुदान भी मिलता है।

# जामिया उम्मुल लिलबनात की मुस्लिम बच्चियों ने पहलगाम आतंकी घटना की कड़ी निंदा की



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटको पर हुए आतंकवादी हमले से पूरा देश दुखी और स्तंभ है आज फैजुल्लागंज मे जामिया उम्मुल मोमिनीन मैमूना अल इस्लामिया लिलबनात की मुस्लिम बच्चियों ने आतंकी हमले मे मारे गए लोगों के प्रति कैंडल जलाकर और 2 मिनट का मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा इस घटना की कड़ी निंदा की गई, इस मौके पर स्कूल के मैनेजर और संस्थापक सदस्य अमीर खालिद खान ने कहा कि पहलगाम मे निर्दोष पर्यटको पर हुए आतंकवादी हमले के बारे में सुनकर बहुत दुखी और स्तंभ हूँ। हमले मे मारे गए लोगो के प्रति मेरी विनम्र श्रद्धांजलि शराबबंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तज़ा अली ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि पूरा देश आतंक के खिलाफ एकजुट हो। इस मौके पर सईद अहमद, पीज़सीज़ कुरील, रोहित यादव, सी एन राजन, ज़ुबैर अहमद, मुफ्ती जुनैद अहमद नदवी, मौलाना कादिर नदवी, कारी हस्सान, सहित स्कूल की बच्चिया मौजूद थी।

# हिंदू महासभा ने पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय फतेहगढ़ स्थित कलेक्ट्रेट पर आज हिंदू महासभा द्वारा प्रदर्शन कर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मानवता के हत्यारें आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों/आम जनमानस पर गोलियों से हमला कर घटना की गयी है। वह अक्षम्य व निन्दनीय है। शोकाकुल निर्दोष पीड़ितों के परिजनों की आँसुओं से भीगी हुई आँखें आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की प्रतीक्षा में है जनता आपकी तरफ निहार रही है एवं इस घटना से सम्पूर्ण भारत वर्ष में शोक की लहर है एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष के आम जनमानस के मन में आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की भावना है। ऐसी स्थिति में अखिल भारत हिन्दू महासभा भी आपसे आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करती है एवं भारत सरकार के द्वारा आतंकियों के विरुद्ध कार्यवाही कर उनका खात्मा किये जाने की परिस्थिति में भारत सरकार का पूर्ण समर्थन भी करेगी।

# उर्स के मेले में अजमेर शरीफ के गद्दीनशीन सैयद सलमान चिश्ती का होगा ज़ोरदार स्वागत

- दरगाह मुबारक खां शहीद आस्ताने से मिलेगा अमन व शांति का सन्देश
- मंच पर सर्वधर्म समाज के लोगों का होगा मिलन
- तीन दिवसीय उर्स व मेला में बड़ी संख्या में आयेंगे देश व विदेश से आएंगे जायरीन (श्रद्धालु) : शमशीर अहमद

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** देश दुनिया में अमन और शांति का संदेश देने वाले हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (र.अ) के 26 वें गद्दीनशीन हाजी सैयद सलमान चिश्ती साहब का 26 अप्रैल को गोरखपुर आगमन हो रहा है। जिसको लेकर जनपद भर में जोरदार तैयारी चल रही है। हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (र. अ) से मोहब्बत करने वाले देश दुनिया के कोने -कोने से बड़ी संख्या में जायरीन (श्रद्धालु) नॉर्मल स्थित हजरत बाबा मुबारक खान शहीद (र.अ) आस्ताने पर पहुँचेगे। तीन दिवसीय उर्स व मेला 25, 26 व 27 अप्रैल 2025 को बड़ी ही अदबो एहतेराम के साथ मनाया जाएगा।

उक्त बात की जानकारी हजरत दरगाह मुबारक खान शहीद के उपाध्यक्ष शमशीर अहमद ने आस्ताने पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। श्री अहमद ने कहा कि 26 अप्रैल 2025 को घोष कंपनी स्थिति इरशाद बग्गी के आवास से शाम 5 बजे सरकारी चादर और गागर निकलेगा। सरकारी चादर में शामिल होने के लिए अजमेर शरीफ की गद्दीनशीन सैयद सलमान चिश्ती साहब आ रहे है यह सरकारी चादर व गागर घोष कंपनी से कोतवाली रोड खूनीपुर चौराहा, चौरिया गोला एक मिनारा मस्जिद से बक्शीपुर से नखास, रेती, घंटाघर पांडेहाता से तुर्कमानपुर सुल्तान खान मस्जिद से दरगाह मुबारक खान शहीद आस्ताने पर चादर पेश की जाएगी।

जिला प्रशासन से हमारी गुजारिश है कि क्योंकि विरासत गलियारा के तहत चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है और सड़क पर मलवा पड़ा हुआ है जुलूस बक्शीपुर से पांडेहाता होते हुए जाएगा सड़क पर पड़े मलवे को नगर निगम हटवाने की मेहरबानी करें। जिला प्रशासन से मांग है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं उनके लिए नॉर्मल स्थित कन्या विद्यालय में पार्किंग स्थल बनाने की अनुमति प्रदान करें और जुलूस के समय रूट डायवर्जन सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी को तैनात करने का प्रशासन से गुजारिश है। श्री अहमद ने कहा कि हर साल उर्स व मेला पर जिला प्रशासन ,पुलिस प्रशासन,नगर निगम, बिजली विभाग, अग्निशमन विभाग, यातायात पुलिस का सहयोग मिलता रहा है उम्मीद है कि यह परंपरा बरकरार रखने में सभी विभागों का सहयोग पूर्व की भांति मिलेगा दरगाह मुबारक खान शहीद गंगा जमुना तहजीब की भी मिसाल है कि यहां पर सभी धर्म संप्रदाय के लोग अपनी मुरादों को लेकर आते हैं और बाबा उनकी जायज मुराद को पूरा करते है। हमारे सभी श्रद्धालुओं से गुजारिश है कि उर्स व मेला मैं बड़ी संख्या में आए और 26 व 27 अप्रैल को देश के अंतरराष्ट्रीय कव्वाल बेंगलुरु से सलीम जावेद, कानपुर से शरीफ परवाज और दिल्ली से छोटे उस्ताद अजमत आफताब वारसी साहब तशरीफ ला रहे हैं। कव्वाली के शौकीन लोग दूरदराज से बड़ी संख्या में कव्वाली सुनने के लिए आते है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व नगर आयुक्त विनोद कुमार द्वारा जिले के ओडीओपी उत्पाद लॉक के प्रमोशन के लिए राष्ट्रीय लॉक म्यूजियम की स्थापना के प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण कराया गया। लॉक से संबंधित प्रदर्शन, प्रशिक्षण, विक्रय सुविधा, व्यावसायिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंधी गतिविधियां इस म्यूजियम की विशेषता होगी। उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित करते हुए राज्य स्तर पर प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया। जिले के डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में स्थित न्यू दाऊद खॉ रेलवे स्टेशन पर बने एक्सपोर्ट टर्मिनल को अलीगढ़-आगरा मुख्य सड़क से जोड़े जाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को 10 दिन के अंदर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए गए। तालानगरी उद्योग क्षेत्र के लिए 132 केवीए सब स्टेशन की स्थापना हेतु ग्राम किढारा में भूमि का सर्वेक्षण कराए जाने के निर्देश उप जिला अधिकारी कोल को दिए गए। औद्योगिक आस्थान आईटीआई रोड व क्वार्सी चौराहे से ताला नगरी को जाने वाले मुख्य सड़क पर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने के निर्देश देते हुए नगर आयुक्त द्वारा सभी औद्योगिक संगठनों को यह आश्वासन दिया गया कि सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रुल्स के अनुसार भूखंड की साइज के आधार पर ही कचरा संग्रहण शुल्क वसूल किया जाएगा।

# थाना इगलास पुलिस ने की सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** शातिर अपराधी एवं माफियाओं के विरुद्ध अलीगढ़ की थाना इगलास पुलिस ने सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के क्रम में शातिर लुटेरे अभियुक्तगण 1.सचिन, 2.आकाश, 3.रवि उर्फ विकास के विभिन्न खातों में लूट से सम्बन्धित जमा धनराशि 26,555/- रुपये जब्त की। जानकारी अनुसार दिनांक 12 फरवरी 2025 को विनोद कुमार पुत्र भीकम्बर निवासी सिमरधरी थाना इगलास ने थाने पर सूचना अंकित कराई कि अज्ञात तीन मोटरसाइकिल सवार द्वारा डण्डा मारकर गिरा दिया गया तथा बैग में रखे 2 लाख रूपये लेकर भाग गये। दौराने विवेचना अभियुक्त 1. सचिन पुत्र राजकुमार निवासी लक्ष्मीनगर थाना इगलास 2.आकाश पुत्र सुभाष निवासी कांडली थाना इगलास 3. रवि उर्फ विकास पुत्र अमर सिंह निवासी नगला कोढा थाना सादाबाद जनपद हाथरस के नाम प्रकाश में आये अभियुक्तगण को दिनांक 21.02.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अभियुक्त सचिन से 45 हजार रूपये, आकाश से 60 हजार रूपये बरामद किये गये तथा अभियुक्तगण के बैंक खातो को फ्रीज कराया गया खातो के संबंध मे अन्तर्गत धारा 107 बीएनएसएस रिपोर्ट न्यायालय प्रेषित की गयी।

# प्लॉगिंग अभियान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अनुरागिनी संस्था द्वारा प्लॉगिंग अभियान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में सहभागिता कर पार्क में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर रिसाइक्लिंग हेतु भेजा। साथ ही, उपस्थित युवाओं को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के प्रति जागरूक कर पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु शपथ दिलाई। आज का यह छोटा सा प्रयास हमें यह याद दिलाता है कि यदि हम सभी मिलकर कदम बढ़ाएं, तो धरती को स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ बनाया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से आई.सी.सी.एम.आर.टी. के प्राचार्य डॉ. राम कोमल प्रजापति जी, प्रोफेसर श्री वीलू भार्गवजी, श्री नीरज के श्रीवास्तव जी, यू.पी.सी.एल.डी.एफ. निदेशक श्री हिरेंद्र कुमार मिश्र जी,अवध विकास परिषद् अध्यक्ष श्री अरविंद मिश्र जी, परिवहन सहकारी समिति के निदेशक श्री संजय चौहान जी और अनुरागिनी संस्था के श्री श्याम करण प्रजापति जी,श्री उत्कर्ष सिंह जी,श्री प्रिंस यादव जी,श्री ऋषि नामदेव जी,श्री अभिरूप सिंह जी,श्री राहुल यादव जी एवं सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

# जायद की फसल को कीट व रोगों से बचाने हेतु निर्धारित कीटनाशकों का ही करें प्रयोग

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मौसम में बदलाव के कारण जायद में बोई गयी दलहनी, तिलहनी एवं मक्का की फसलों को कीट/रोग आदि का प्रकोप से बचाने के लिए प्रमाणित कीटनाशकों का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। उक्त सम्बन्ध में जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जायद में बोई गयी दलहनी, तिलहनी एवं मक्का की फसलों में मौसम के बदलाव के कारण कीट/रोग आदि का प्रकोप बढ़ने की सम्भावना है। कीट रोग सर्वेक्षण के समय मूंग, उर्द एवं मूँगफली की फसलों में इल्ली/कैटरपिलर कीटो का प्रकोप देखा गया तथा फसलों में रसचूसक कीट का प्रकोप आर्थिक क्षति स्तर (5 प्रतिशत पौधे) से अधिक हो तो निम्न लिखित रसायनों का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि मूंग, उर्द एवं मूँगफली (थ्रिप्स/रस चूसक कीटो के लिये)- एजाडिरैक्टिन (नीम ऑयल) 0.15% E.C. 2.50 लीटर / हेक्टेयर अथवा डायमेथोएट 30% E.C. 1.50 लीटर / हेक्टेयर की दर से 500-600 लीटर पानी में घोलकर स्प्रे करें, इमिडाक्लोप्रिड 17.8% S.L. 250-300 मिली0/ हेक्टेयर की दर से 600-700 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। (इल्ली/कैटरपिलर के लिये) (क) जैविक रसायन- नीम ऑयल 0.15% E.C. 2.50 लीटर / हेक्टेयर दर से 500-600 लीटर पानी में घोलकर स्प्रे करें। (ख) इल्ली/कैटरपिलर कीट नियंत्रण हेतु किसी एक कीटनाशक रसायन का छिडकाव कराकर उपचार कार्य कराया जा सकता है।

# अक्षय तृतीया पर शगुन तक सिमट जाएगा सर्राफा बाजार

**लखनऊ।** बढ़ती कीमतों से रिकार्ड बना रहे सोना-चांदी ने सर्राफा बाजार की चमक फीकी कर दी है। बाजार में इक्का दुक्का ग्राहक ही पहुंच रहे हैं। कीमतों की यही स्थिति रही तो 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर खरीदारी शगुन तक सिमट जाएगी। कारोबारी मान रहे हैं कि ग्राहकों का बजट सीमित होता है, इससे पीली और धवल धातु कम वजन की खरीदेंगे।

## सूचना

फोटोग्राफर श्री आदर्श श्रीवास्तव पुत्र डॉ0 विनोद कुमार श्रीवास्तव, निवासी मोहल्ला शाहमारूफ़, गोरखपुर का अवधनामा हिंदी /उर्दू से कोई सम्बन्ध नहीं है। इनके किसी भी कृत के लिए संस्थान ज़िम्मेदार नही है।

**ब्यूरो प्रभारी - गोरखपुर**

# शाश्वत त्रिपुरारी ने मुख्य विकास अधिकारी का पदभार किया ग्रहण

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** 2021 बैच के आईएएस अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी विकास भवन अपने कार्यालय पहुंच कर मुख्य विकास अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन करने के लिए पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही विकास भवन के समस्त कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर समस्त कार्यालय अधीक्षक को निर्देशित किया कि दिए गए निर्देशों का समयबद्ध तरीके से अनुपालन होना चाहिए सभी कर्मचारी अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने-अपने पटल की समस्त कार्यो को समय बद्ध तरीके से निस्तारण करेंगे।

किसी भी कर्मचारी के द्वारा अगर किसी प्रकार की कोताही बरती जाती है तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। श्री त्रिपुरारी ने बताया कि कार्यालय में आने वाले हर फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्ता युक्त निस्तारण कर उनके समस्याओं का समाधान किया जाएगा और सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनाओ व परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर आम जनमानस को समर्पित करने का कार्य किया जाएगा।

शाश्वत त्रिपुरारी मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले हैं उनके पिता शरद चन्द्र मिश्र दूरदर्शन महानिदेशालय दिल्ली में उप महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं वहीं मां पूनम मिश्रा यूपी भवन में मुख्य वित्त अधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। शाश्वत की शुरुआती पढ़ाई प्रयागराज में ही हुई उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट अच्छे अंको के साथ पास किया बचपन से ही पढ़ाई में अच्छा होने के कारण उन्होंने बेसिक शिक्षा पूरी होने के बाद IIT से इंजीनियरिंग करने का विचार किया मेहनती होने के कारण उन्होंने IIT Entrance पास कर IIT से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की शाश्वत बचपन से ही अपनी मां की तरह एक अधिकारी बनना चाहते थे इसलिए उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ सिविल सेवा की तैयारी भी शुरू कर दी सिविल सेवा में उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में अपनी मंजिल तक पहुंच गए। शाश्वत ने 2019 में सिविल सेवा में ऑल इंडिया में 78 वीं रैंक हासिल किया। इसके बाद उन्होंने फिर से प्रयास किया और साल 2021 में 19 वी रैंक हासिल कर आईएएस अधिकारी बन गए।

## सूचना

प्र.वाद अंतर्गत धारा 7 व 28 गार्जन एण्ड वार्डस एक्ट 1890 में नोटिस न्याया. मा. जिला जज सहारनपुर प्रकीर्ण वाद सश्य 338 सन 2024 असमां नाज आयु 40 वर्ष पत्नि महताब अहमद नि.11/1377.गली आदलगढ़, खजूरतला, सहारनपुर आवेदिका (माता).बनाम 1.शादाब अहमद खान पुत्र गनी अहमद नि.12/3160 आजाद नगर, निकट लडको का इस्लामियां इन्टर कालेज, ईदगाह रोड, सहारनपुर, 2.आम जनता (विपक्षी) चूंकि उपरिनामंकित वादिया ने आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 7 व 28 गार्जियन एण्ड वाडर्स एक्ट 1890 नाबालिगान माहीन, हम्माद व मन्हा खान की विधिक संरक्षक नियुक्त किया जाकर उक्त आवेदन पत्र में वर्णित सम्पत्ति को विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान किये जानेके संबंध में पेश किया है अतःआपको एतदद्ववारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दि.01.5.25 को दस बजे दिन स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जाएगा। हस्त. और न्याय0मुद्रा सहित दि 29.3.25 को जारी किया गया।

**आज्ञा से/प्रशासनिक अधिकारी न्याय.ज़िला जज संहारनपुर**

# बसपा ने केन्द्र सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की

**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी ने जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में आतंकी हमले की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने केंद्र सरकार से घटना को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। बसपा सुप्रीमो ने एक्स पर कहा है कि जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में अनेकों लोगों के मारे जाने व घायल होने की घटना अति-दुखद, निन्दनीय व चिन्तनीय है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **16.05.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जाएगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 04302025 दिनांक 22.04.2025 | | |
| निविदा सं. | 03-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 | | |
| कार्य का नाम | वरि० मंडल इंजीनियर-VI, लखनऊ के अधिकार के क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-उन्नाव एवं सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के सेक्शन में DMW, TQA LGO, PQN, MEM, RMC & URPR पर आरजीएम साइडिंग और ट्रैक मशीन साइडिंग का प्रावधान का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹3,45,53,822.76 | धरोहर राशि | ₹3,22,800/- |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह | वेबसाइट www.ireps.gov.in | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 02.05.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.05.2025 को 15:00 बजे | | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1192/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी की संचालन अवधि में वृद्धि

**सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 04217/04218 वाराणसी-लखनऊ जं.-वाराणसी अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-**

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04217 | वाराणसी | लखनऊ जं. | प्रतिदिन | 30.04.25 | 01.05.25 से 30.06.25 | 61 |
| 04218 | लखनऊ जं. | वाराणसी | प्रतिदिन | 30.04.25 | 01.05.25 से 30.06.25 | 61 |

नोट :- शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1204/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय : नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 36(i)/न0पं0कपि0सि0नगर/2025-26 दिनांक : 23-04-2025

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 912/नौ-09-2024-85ज/05टी0सी0-01 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2025 को अंतिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। उक्त नियमावली के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त सशक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत कपिलवस्तु की भौगोलिक सीमाओं में स्थित आवासीय भवनों या भूखण्डों पर सम्पत्ति कर के आरोपण हेतु निकाय की अवस्थिति भवन के निर्माण की प्रकृति मार्ग की चौड़ाई जिस पर सम्पत्ति स्थित है। जिसके कवर्ड एरिया की प्रति वर्ग फिट किराये की न्यूनतम् मासिक किराया दर को आवासीय सम्पत्तियों के कर निर्धारण के निमित वार्षिक किराया मूल्य के निर्धारण हेतु कक्ष कर भवन के कारपेट एरिया (वास्तविक माप आधारित) अथवा कवर्ड एरिया का 80 प्रतिशत की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्ग फिट) या भूमि के पत्येक समूह के लिए प्रति इकाई क्षेत्रफल न्यूनतम मासिक किराया दर को जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं निकाय में आपत्तियां प्राप्त करने हेतु दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा, ग्राम्यवार्ता में प्रकाशन कराकर 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राप्त कर लिया गया। जिसके उपरान्त सम्पत्ति कर निर्धारण हेतु प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करते हुए अन्तिम प्रकाशन किया जाता है-

### (मासिक किराया दर पैसों में)

| क्र0 सं0 | नगर निकाय का नाम | 09 मी0 से कम चौड़ी सड़क: पक्का भवन आर0सी0सी0 छत | 09 मी0 से कम चौड़ी सड़क: अन्य पक्का भवन | 09 मी0 से कम चौड़ी सड़क: कच्चा भवन | 09 मी0 से कम चौड़ी सड़क: खुली भूमि/भूखण्ड | 09 मी0 से 12 मी0 तक चौड़ी सड़क: पक्का भवन आर0सी0सी0 छत | 09 मी0 से 12 मी0 तक चौड़ी सड़क: अन्य पक्का भवन | 09 मी0 से 12 मी0 तक चौड़ी सड़क: कच्चा भवन | 09 मी0 से 12 मी0 तक चौड़ी सड़क: खुली भूमि/भूखण्ड | 12 मी0 से 24 मी0 तक चौड़ी सड़क: पक्का भवन आर0सी0सी0 छत | 12 मी0 से 24 मी0 तक चौड़ी सड़क: अन्य पक्का भवन | 12 मी0 से 24 मी0 तक चौड़ी सड़क: कच्चा भवन | 12 मी0 से 24 मी0 तक चौड़ी सड़क: खुली भूमि/भूखण्ड | 24 मी0 से अधिक चौड़ी सड़क: पक्का भवन आर0सी0सी0 छत | 24 मी0 से अधिक चौड़ी सड़क: अन्य पक्का भवन | 24 मी0 से अधिक चौड़ी सड़क: कच्चा भवन | 24 मी0 से अधिक चौड़ी सड़क: खुली भूमि/भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | नगर पंचायत कपिलवस्तु | 2.00 | 2.50 | 1.15 | 01.00 | 4.00 | 3.50 | 1.15 | 1.00 | 6.00 | 5.00 | 1.15 | 01.00 | 8.00 | 7.00 | 1.15 | 1.00 |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कपिलवस्तु
जनपद-सिद्धार्थनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत कपिलवस्तु
जनपद-सिद्धार्थनगर

# पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में अयोध्या के व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई आतंकी घटना के विरोध में अयोध्या के चौक क्षेत्र के व्यापारियों ने बुधवार को अपनी दुकानें बंद रखीं। इस आत्मघाती हमले में सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया था, जिससे स्थानीय व्यापारिक समुदाय में गहरा आक्रोश देखा गया।व्यापारियों ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन में शरद वैश्य, अशोक बेदी, अवि आनंद, उमेश गुप्ता, योगेश, संपूर्ण यादव, कमल कौशल, विनोद चौरसिया, अरविंद साहू, गोलू कौशल और अमीरचंद जायसवाल सहित सैकड़ों स्थानीय लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आतंक की घटनाएं देश की एकता और शांति के लिए खतरा हैं और इससे देश का हर नागरिक आहत है।

उन्होंने सरकार से आतंकियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की।इसी तरह जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना मे निर्दोष पर्यटकों के नरसंहार की अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत अयोध्या के अधिवक्ताओं ने घोर निंदा की अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत अयोध्या के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने का समय आ गया है देश की मोदी जी की सरकार एक बड़ा कदम उठाकर आतंकवादियों के मंसूबे पर पानी फेर दें और उनको जमींदोज कर दिया जाए तभी मृतकों के प्रति सच्चे श्रद्धांजलि अर्पित हो सकेगी शोक प्रकट करने वालों में प्रमुख रूप से परिषद के अध्यक्ष अरविंद कौल महामंत्री रत्नेश सिंह अनीता पाठक अजय प्रताप सिंह वर्षा बबीता मौर्य राधा रमन सिंह अनुराग यादव जितेंद्र तिवारी राजीव तिवारी अमरीश सिंह आदि रहे।

## भाकियू ने अयोध्या के तीनों टोल प्लाजा को बंद करने की किया मांग

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में जिला अधिकारी अयोध्या निखिल टीकाराम फुण्डे से मिलकर तीन सूत्रीय ज्ञापन देकर फैजाबाद जनपद में स्थित तीनों टोल प्लाजा को हटाने या जनपद वासियों के लिए फ्री करने की मांग किया गया।घनश्याम वर्मा ने कहा कि केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा लोकसभा में वक्तव्य दिया गया की 60 किलोमीटर की दूरी पर ही टोल प्लाजा स्थापित किए जाएंगे और 20 किलोमीटर के दायरे में निवास करने वाले किसानों /नागरिकों के लिए टोल फ्री रहेगा घनश्याम वर्मा ने कहा कि जनपद अयोध्या में स्थित तीनों टोल प्लाजा 20 किलोमीटर से कम दूरी में स्थापित है।

## इछोई गांव में आंगनबाड़ी निर्माण केन्द्र का मामला गरमाया

**अयोध्या।** जनपद के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड अमानीगंज में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण स्थल को लेकर विवाद सामने आया था जिसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन के साथ-साथ जिलाधिकारी अयोध्या व उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर सहित दर्जनों लोगों को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत इछोई में बन रही आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय के प्रस्तावित निर्माण स्थल का विरोध करते हुए सैकड़ों ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया था।विरोध करने के उपरांत सीडीपीओ अमानीगंज ने स्थलीय निरीक्षण कर उप जिलाधिकारी को आख्या प्रस्तुत की थी। जिसके बाद मिल्कीपुर उप जिलाधिकारी ने स्वयं संज्ञान लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के दौरान शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया है कि वैकल्पिक जमीन उपलब्ध होने के बाद आंगनवाड़ी केन्द्र बनाया जाएगा।

## योगी सरकार ने अयोध्या को दी 33 नई एंबुलेंस की सौगात

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए 33 नई एंबुलेंस की सौगात दी है। इनमें 17 एंबुलेंस 108 सेवा और 16 एंबुलेंस 102 सेवा के लिए हैं। ये नई एंबुलेंस शासन के निर्देश पर पुरानी और घिस चुकी एंबुलेंस की जगह तैनात की गई हैं। अब जिले में कुल 59 एंबुलेंस उपलब्ध हैं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), मेडिकल कॉलेज और श्री राम हॉस्पिटल में तैनात किया गया है। इस कदम से आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी और सुधार की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एंबुलेंस को तीन लाख किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद बदल दिया जाता है, ताकि सेवा की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनी रहे। नई एंबुलेंस के शामिल होने से मरीजों को त्वरित और सुरक्षित चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। वर्तमान में अयोध्या में एंबुलेंस का औसत रिस्पॉन्स टाइम सात मिनट है, जो आपात स्थिति में मरीजों के लिए जीवन रक्षक साबित हो सकता है। इस रिस्पॉन्स टाइम को और कम करने के लिए योगी सरकार लगातार प्रयासरत है।

**एजेंसी के पास है चालक व परिचालकों की जिम्मेदारी**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बनियान ने बताया कि इन एंबुलेंस का संचालन एक निजी एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है। यह एजेंसी एंबुलेंस के रखरखाव, चालकों और पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था करती है। इसके साथ ही, एंबुलेंस सेवाओं की गुणवत्ता और प्रदर्शन की समीक्षा हर माह मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के जरिए की जाती है। इस डैशबोर्ड के माध्यम से एंबुलेंस की उपलब्धता, रिस्पॉन्स टाइम और मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं की निगरानी होती है। किसी भी कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं।

## जेईई मेन प्रवेश परीक्षा में सुहानी चौधरी ने बढ़ाया मान



**महाराजगंज।** भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ एजुकेशन द्वारा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के जरिए कराए गए जेईई मेन 2025 की प्रवेश परीक्षा में घुघली ब्लॉक के भिटौली बाजार निवासी सुहानी चौधरी ने 92.8 परसेंटाइल अंक अर्जित कर शानदार उपलब्धि हासिल की है और क्षेत्र में इतिहास रच दिया है।गौरतलब है की डिपार्टमेंट ऑफ़ हायर एजुकेशन द्वारा संदर्भित बीई/ बीटेक कोर्स हेतु आयोजित इस परीक्षा में प्रतीक शर्मा ने ऑल इंडिया लेवल पर 107483 वां रैंक तथा ओबीसी एनसीएल ग्रुप में 92.78 प्रतिशत रैंक हासिल की है। शुरू से मेधावी रहे सुहानी चौधरी की कक्षा छठवी से इन्टर तक की शिक्षा नवोदय विद्यालय महाराजगंज में हुई है उनकी उपलब्धि पर पिता अनिल कुमार चौधरी बहन सौम्या चौधरी ग्राम पंचायत भिटौली में पंचायत सहायक सहित पूर्व प्रधान एमएलसी प्रतिनिधि आशीष कुमार गौतम भाजपा नेता ठाकुर प्रसाद रौनियार अन्ना राजेश्वर उर्फ ईश्वर संग्राम सिंह रमेश जायसवाल सहित क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है तथा नवोदय विद्यालय महाराजगंज की पढ़ाई की प्रशंसा किया है।

# देश की एकता और अखंडता पर हमला है पहलगाम अटैक: राजनाथ




*अवधनामा संवाददाता*

बाराबंकी। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में बीते मंगलवार को हुए आतंकी हमले की गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस हमले को नृशंस और अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि यह देश की एकता और अखंडता पर एक दुस्साहसिक हमला है। शर्मा ने इस घटना में मारे गए सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बुधवार को गांधी भवन में एक शोकसभा आयोजित की गई। इस सभा में आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाकर घटना की कड़ी निंदा की गई। सभा में मौजूद वरिष्ठ समाजवादी नेता ज्ञान सिंह यादव ने कहा पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर मानवता को झकझोर दिया। इस हमले के बाद पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और सरकार से कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा करता है। सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार सिंह ने कहा यह हमला देश की एकता व अखंडता पर प्रहार करने का दुस्साहस है। सभी राजनीतिक दल व संस्थाओं को सारे मतभेदों से ऊपर उठकर इसकी भर्त्सना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार सभी पीड़ितों व उनके परिवारों की सहायता की आवश्यक व्यवस्था कराए और सरकार इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करने हेतु शीघ्र ही उचित कदम उठाए। सभा में प्रमुख रूप से मृत्युंजय शर्मा, अशोक जायसवाल, पत्रकार संतोष शुक्ला, अजीज अहमद, मनीष सिंह, नसीम खान, विनोद भारती, जमील उर रहमान, नीरज दूबे, विजय कनौजिया, पाटेश्वरी प्रसाद, मन्ना वर्मा, सियाराम वर्मा, साकेत संत मौर्य, उमेश श्रीवास्तव, राजेश यादव आदि कई लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न, विभागों को दिए अहम निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अन्तर्गत जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को आगामी समीक्षा बैठक में डिजिटल प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को वित्तीय कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। खण्ड विकास अधिकारियों को 'फैमिली आईडी' योजना में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति एवं लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण हेतु कहा गया।

जिलाधिकारी ने समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यों को सराहा और ऐसे कार्यों को निरंतर बनाए रखने पर




ज़ोर दिया, जिससे जनपद की रैंकिंग में सुधार बना रहे। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि कार्यों के बिलों का भुगतान समय से करते हुए प्रगति को पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट किया जाए।सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान अयोध्या विकास प्राधिकरण को दुकानों के निर्माण में आ रही बाधाओं को जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही रामपथ समेत अन्य स्थलों पर शौचालय निर्माण के लिए दो दिन में भूमि चयन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश भी दिए गए।

कार्यदायी संस्थाओं को 95 प्रतिशत से अधिक पूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा कर अगली कार्यवाही प्रारंभ करने और संशोधित परियोजनाओं की सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया। जिन परियोजनाओं में बजट प्राप्त नहीं हुआ है, उनके संबंध में शासन को पत्र भेजने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में चिकित्सा, उद्यान, विद्युत, कृषि, एनआरएलएम, मनरेगा, आवास, ग्राम विकास, जल निगम, पर्यटन, नगर निगम, सेतु व आवास विकास परिषद सहित अनेक विभागों की समीक्षा की गई।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्रेन का ब्रेक फेल होने से बाइक क्षतिग्रस्त

**मिठौरा (महराजगंज)।** सिंदुरिया चौराहे पर बुधवार शाम को क्रेन का ब्रेक फेल होने से एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गई । जानकारी के अनुसार सिंदुरिया चौराहे पर सिसवा के तरफ से आ रही एक क्रेन का ब्रेक फेल हो गया। वहीं पर पतरेगवा निवासी इशु अली अपनी बाइक खड़ी कर फल खरीद रहे थे जो क्रेन की चपेट में आकर क्षतिगस्त हो गई। प्रभारी थानाध्यक्ष राजकुमार प्रिंस के अनुसार कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

## आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए की मांग



**महराजगंज।** निचलौल थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढासो के टोला रामनगर में निवासी साबिर ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने पत्रक देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की हैं। साबिर ने शिकायती पत्रक देकर आरोप लगाया कि बीते 17 अप्रैल में उसके पुत्र जान मोहम्मद की हत्या कर दी गई थी। मामले में निचलौल थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ हैं लेकिन हत्या में शामिल कई आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही हैं। मृतक के पिता साबिर ने आरोप लगाते हुए बताया कि मुकदमे में 10 अभियुक्त हैं लेकिन सिर्फ दो ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है शेष अभियुक्तों को पर कई कार्यवाही नहीं हुई। जिसको गिरफ्तार करने के लिए उसने मांग की हैं। इस दौरान अनीता,कौशल्या,सलेकुन्निशा , बिकाऊ , सुदामा, बालक, राजेंद्र, अखिलेश कुमार , शाजमा ताजीबन, सरोज, सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# ग्राम चौपाल में सुनी गईं लोगों की समस्याएं



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नवागत एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर मंगलवार सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के बम्भौरा लोदी गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर जैदपुर संतोष कुमार सिंह ने की। इस दौरान राजस्व विभाग और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इंस्पेक्टर ने माइक पड़कर सभी को संबोधित किया।? अपराध से संबंधित कई जानकारियां को साझा किया। चौपाल में गुड्डु पुत्र कलमलेशचंद और हनुमान पुत्र रामनाथ के बीच पैसों के लेनदेन का विवाद सुलझाया गया। ग्रामीणों द्वारा चकमार्ग की शिकायत पर राजस्व और पुलिस टीम भेजकर समाधान किया गया। अधिकारियों ने ग्राम अपराध रजिस्टर में दर्ज विवादों की समीक्षा की। हिस्ट्रीशीटर सर्वेश सिंह उर्फ शानू और कृष्ण बहादुर उर्फ उस्ताद से पूछताछ की गई। शस्त्र धारकों के लाइसेंस की भी जांच की गई। ग्रामीणों को साइबर क्राइम और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 108 और 1930 की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ग्राम चौपाल योजना के महत्व को भी समझाया और सतर्क रहने की सलाह दी।

## पति पत्नी झगड़े में पत्नी हुई लापता, पिता ने लगाए गभीर आरोप

**जैदपुर बाराबंकी।** पति पत्नी की आपसी लड़ाई में पत्नी हुयी लापता। लड़की के पिता ने जैदपुर थाने में शिकायत कर दामाद द्वारा छुपाये जाने का लगाया आरोप, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है?। जानकारी के अनुसार विशम्भर पुत्र कल्लू ग्राम म टांडपुरवा मजरे गोठिया थाना जैदपुर न जैदपुर पुलिस को बताया प्रार्थी के दामाद विवेक पुत्र सुरेश चन्द निवासी ग्राम तोगापुर मजरे याकूतगंज थाना जैदपुर बाराबंकी द्वारा दिनांक 21-4-025 को समय करीब 3.30 बजे रात में बताया गया कि मेरी पत्नी नेहा वर्मा से झगड़ा हुआ था जिसको छोड़ने में टांडपुरवा पहुंचा और गाड़ी रोककर सामान निकालने लगे तभी हमारी पत्नी चली गई। उसके बाद प्रार्थी को जगा के बलाया ससुर दामाद कै काफी तलाश करने पर मिली नहीं। मुझे शंका है कि मेरी पुत्री को विवेक कहीं छुपाए है। उक्त मामले में जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## पोस्ते छिलके के साथ युवक गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस ने दो लोगों को 12 किलो 275 ग्राम अवैध? पोस्ते के छिलके के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि गश्त के दौरान जैदपुर पुलिस ने चदौली? मोड़ से आते समय मानपुर डेहूंआ रोड के पास मोटर साइकिल यूपी 41बी,एच 1961 पर सवार विपिन पुत्र विक्रम निवासी डेहुंआ, चंद्रमूल उर्फ नन्कऊ, पुत्र भगौती निवासी डेहुंआ थाना जैदपुर को 12 किलो 275 ग्राम अवैध पोस्ते के छिलके के साथ शक होने पर गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध जैदपुर ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## आतंकी हमले के बाद सीमा पर सुरक्षा एजेंसी एलर्ट



**महराजगंज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 27 से अधिक लोगों की मौत और कई के घायल होने की घटना के बाद पूरे देश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। हमले के बाद पहलगाम समेत पूरे क्षेत्र में सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने सघन सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

इसी क्रम में महराजगंज जिले की भारत-नेपाल 84 किमी खुली सीमा पर भी सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। एसएसबी और स्थानीय पुलिस के जवान सीमा पर आने-जाने वालों की सघन तलाशी ले रहे हैं। नेपाल से आने वाले लोगों के आईकार्ड चेक किए जा रहे हैं और उनके सामानों की जांच की जा रही है।

डॉग स्क्वायड की मदद से वाहनों और बैगों की भी जांच हो रही है। सीसीटीवी कैमरों से भी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इस सम्वन्ध में पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने वार्ता करने पर बताये सुरक्षा बलों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है ताकि कोई भी संदिग्ध या आतंकी तत्व सीमा पार कर भारत में प्रवेश न कर सके।

## दबंग टेंट हाउस मालिक ने पंचायत भवन पर किया अवैध कब्जा



**सिद्धौर बाराबंकी।** टेंट हाउस का सामान जमा, ताला बंद मिला भवन; ग्रामीणों को नहीं मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ। जानकारी के मुताबिक सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के सराय पुरखों में स्थित पंचायत भवन बुधवार दोपहर 12=25 बजे तक ताला बंद मिला। भवन में टेंट हाउस का अवैध कब्जा देखा गया। कमरे में कुर्सियां, बरामदे में बिस्तर वाला तख्त, मैदान में अतिरिक्त तख्त और ट्रैक्टर समेत टेंट हाउस की सामग्री रखी हुई थी। खिड़की में टेंट हाउस की हैलोजन लाइट भी लगी मिली। पंचायत सहायक फिरोज ने पहले प्रधान द्वारा चाबी न देने की बात कही। बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि चाबी टेंट हाउस के अतिक्रमणकर्ता के पास है। सचिव पुनीत कुमार का कहना है कि तीन दिन पहले पंचायत भवन में बैठक हुई थी।

## हज यात्रियों को किया गया प्रशिक्षित



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले सभी हज यात्रियों को जामिया के पूर्व प्रधानाचार्य एवं पूर्व हज ट्रेनर मोहम्मद मोईनुद्दीन क़ादरी द्वारा कुशलतापुर्वक उन्हें प्रशिक्षित किया गया। जामिया के मैनेजर शमसुलहुदा खान ने इस मौके पर आये हुए सभी मेहमानों का खैरमकदम करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया। मंच का संचालन हाजी सैफुददोजा ने किया। जिला गोरखपुर से आये हुए खादिमुल हुज़्ज़ाज की टीम द्वारा भी हज यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर विशेष प्रकाश डाला। इस टीम में मौलाना अतहर कासमी, मौलाना शब्बीर अहमद, इमरानुल्लाह अंसारी, इरफ़ानुल्लाह अंसारी, इंजीनियर मसूद अहमद, इरशाद अहमद सम्मिलित रहे कार्यक्रम को सफलतापुर्वक सम्पन्न कराने में मोहम्मद शहाबुद्दीन, हाजी असलम खान, कारी इरशाद, कारी जावेद अहमद, अहमद सईद, वज़हुल हुदा, हामिद रज़ा, सदरे आलम, मोहम्मद वैश खान आदि का विशेष योगदान रहा। दोपहर बाद इस वर्ष जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले कुल 52 हज यात्रियों का जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा टीकाकरण कराया गया।

# पंचायती राज अधिनियम पर शोध आधारित लोक विमर्श का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** रामनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत अशोकपुर चाचू सराय के पंचायत सचिवालय में इंडिया पंचायत फाउंडेशन, पंच परमेश्वर विद्यापीठ, तीसरी सरकार अभियान उत्तर प्रदेश एवं आदर्श सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पंचायती राज अधिनियम पर आधारित शोध कार्य के तहत ग्राम पंचायत लोक् विमर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के ग्राम प्रधान राजकुमार गौतम और कई वार्ड सदस्य तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्राम सभा सदस्य उपस्थित हुए। लोक विमर्श में तीसरी सरकार अभियान के जोनल कोऑर्डिनेटर रत्नेश कुमार ने बताया के ग्राम पंचायत को हम सेल्फ गवर्नमेंट या तीसरी सरकार कहते हैं। केंद्र की सरकार पहली सरकार और



राज्य सरकार दूसरी सरकार है, इसी प्रकार पंचायती राज अधिनियम में ग्राम पंचायत को तीसरी सरकार या सेल्फ गवर्नमेंट के रूप में संविधान ने मान्यता दी है। जानकारी के अभाव में पंचायत प्रतिनिधि इसे सेल्फ गवर्नमेंट के रूप में नहीं स्थापित कर पाए हैं। लोक विमर्श में उपस्थित प्रतिभागियों से पंचायत की गतिविधियां, बैठकों की प्रक्रिया, बैठक का कोरम, और जीपीडीपी निर्माण जैसे कई विषयों पर खुली चर्चा की गई। ग्राम सभा सदस्यों ने बताया कि पंचायत में ना तो समितियों की बैठक होती है और ना ही जीपीडीपी निर्माण की कोई जागरूकता इससे ग्राम पंचायत विकास से जुड़ी बातें जनता के समक्ष नहीं आती हैं। आदर्श सेवा संस्थान के सचिव डॉक्टर सुरेशचन्द्र शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत की बैठक की प्रक्रिया विशेष बैठक का आयोजन और बैठक का कोरम आदि विषयों की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों को नहीं है, लोक विमर्श इसी विषय को लेकर किया जा रहा है ताकि पंचायत का हर मतदाता पंचायत विकास में सहभागी बन सके।

## सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी वर्चुअल लैब के अनुप्रयोग से प्रशिक्षित हुए

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में वर्चुअल लैब के अनुप्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सिविल इंजीनियरिंग के 130 छात्र-छात्राओं ने आधुनिक प्रयोगशाला तकनीक का लाभ उठाया। कार्यशाला में आईआईटी रूड़की के वर्चुअल लैब परियोजना के विशेषज्ञ चेतन एवं अमित शर्मा ने वर्चुअल लैब के उपयोग उनके अनुप्रयोगों को साझा किया। उन्होंने कहा कि वर्चुअल लैब एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो छात्रों को बिना भौतिक प्रयोगशाला में उपस्थित हुए ऑनलाइन सिमुलेशन के माध्यम से सुविधा मिल सकती है। संस्थान के निदेशक प्रो. संत सरण मिश्र ने बताया कि इस प्रकार के तकनीकी कार्यशाला विद्यार्थियों को न केवल आधुनिक तकनीकों से परिचित कराते है बल्कि आत्मनिर्भर, अनुसंधानपरक और नवाचार से विद्यार्थी प्रेरित होंगे।

## एसीएमओ और डिप्टी सीएमओ ने पनियरा पीएचसी का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार व डिप्टी सीएमओ डॉ. वीर विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से पनियरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और दो टीकाकरण सत्र स्थलों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पनियरा पीएचसी में तीन चिकित्सक डॉ. शमशाद, डॉ. अहसन और डॉ. नाहिदा मरीजों की ओपीडी में सेवा दे रहे थे। ओपीडी में कुल 109 मरीजों का इलाज किया गया, जिनमें आठ बुखार पीड़ितों की ट्रैकिंग भी की गई। इस दौरान दो गर्भवती महिलाओं ने संस्थागत प्रसव कराया। इसके बाद बसडिला प्राइमरी स्कूल में संचालित छाया वीएचएसएनडी सत्र स्थल का निरीक्षण हुआ, जहां एएनएम नीलम द्वारा टीकाकरण किया जा रहा था। निरीक्षण के समय छह बच्चों व दो गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण पूरा हो चुका था। कमासीन बुजुर्ग उप स्वास्थ्य केंद्र पर भी निरीक्षण हुआ, जहां एएनएम गुड्डी देवी ने 11 बच्चों और 11 गर्भवती महिलाओं की जांच की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित मिलीं। निरीक्षण में स्वास्थ्य सुपरवाइजर दिवाकर चौधरी भी साथ रहे।

# हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार से नाराज लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर फूंका पुतला



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गये हिंदुओं की हत्या व पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार से नाराज हिन्दु समुदाय के लोगों ने बुधवार की शाम 4 बजे नगर पंचायत बढ़नी के मालगोदाम तिराहे पर आतंकवादियों का पुतला दहन कर पाकिस्तान मुर्दाबाद व आतंकवाद समर्थक मुर्दाबाद के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या कर दी गई थी। जिसके विरोध में बुधवार को सुनील अग्रहरि नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी बाजार के नेतृत्व में बढ़नी के माल गोदाम तिराहे से जुलूस निकालकर गोला बाजार से होकर इण्डो-नेपाल बार्डर से वापस माल गोदाम तिराहे पर एकत्रित होकर आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, पाकिस्तान समर्थक एवं आतंकवाद समर्थक आतंकियों को सबक सिखाने एवं आतंकियों द्वारा किये गये इस नर-संहार का बदला लेने की भारत सरकार से अपील की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन सुनील कुमार अग्रहरी ने कहा कि जिस तरह से पहलगाम में हिन्दूओं का धर्म देखकर उन्हें गोलियों से भून दिया गया।

वह इन जिहादियों की मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए हिन्दुओं को संगठित रहने की आवश्यकता है एवं हमारे आप-पास के जिहादियों को भी चिन्हित कर सतर्क रहने की आवश्यकता है। जिससे कि भविष्य में हमारे एवं हमारे परिवार के साथ इस तरह की कोई घटना घटित ना हो। उक्त कार्यक्रम को मुख्य रूप से सिद्धार्थ शंकर पाठक, भाजपा नेता त्रियुगी अग्रहारी, अजय प्रताप यादव (विहिप) शिवा मिश्रा, राजकुमार अग्रहरी, रमेश मौर्य आदि लोगों ने भी संबोधित कर विरोध व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज गोयल, राजेश पाठक, संजय मित्तल, अखिलेश मद्धेशिया, सचिन मित्तल, विजय, भोला, धीरेन्द्र त्रिपाठी, शौर्य मोहन गुप्ता आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

# भारतीय मूल्यों और इतिहास से समाज को जोड़ेगा संस्कृति बोध परियोजना: राजेंद्र देव



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भारत की कालजयी संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने हेतु कुरुक्षेत्र स्थित विद्याभारती संस्कृति शिक्षा संस्थान निरंतर प्रयासरत है। उक्त बातें संस्कृति बोध परियोजना, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के अभियान प्रमुख राजेंद्र देव त्रिपाठी ने रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार में कहीं। वह जिलेभर के शिशु मंदिरों एवं विद्या मंदिरों के प्रधानाचार्यों, आचार्यों व विद्या मंदिर तेतरी के छात्रों को अलग-अलग सत्रों में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि यह शिक्षा संस्थान वर्ष 1980 से संस्कृति बोध परियोजना के माध्यम से समाज में भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहा है। इसी क्रम में 16 अगस्त से 31 अगस्त तक एक विशेष महाभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत छात्रों को भारतीय संस्कृति, धर्म, इतिहास, पर्व-त्योहार, तीर्थस्थल, पवित्र नदियाँ-पर्वत तथा राष्ट्रीय महापुरुषों के बारे में सरल एवं रोचक ढंग से जानकारी प्रदान की जाएगी।

कहा कि यदि छात्रों को आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, गौरवशाली इतिहास, महापुरुषों के जीवन-चरित्र व श्रेष्ठ राष्ट्रीय परंपराओं का परिचय कराया जाए तो समाज में आशा की नई किरण उत्पन्न हो सकती है। विद्याभारती संस्कृति बोध परियोजना के प्रांत संयोजक दिवाकर ने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि भारतीय संस्कृति की महिमा को विश्वभर में फैलाया जाए। इसी उद्देश्य से विद्याभारती ने उच्च कोटि का साहित्य भी तैयार किया है और समाज के प्रत्येक प्रबुद्ध वर्ग तक यह जानकारी पहुँचाने का संकल्प लिया है। संस्था के आचार्य, पूर्व छात्र, विद्वत परिषद, मातृ भारती तथा प्रबंध समिति के सदस्य समाज के कम से कम 10-10 व्यक्तियों को इस योजना से जोड़ने का प्रयास करेंगे। इस महाअभियान की सफलता के मूल्यांकन हेतु संपूर्ण देश में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसमें कक्षा 8 से 12 तक के छात्र प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा व प्रज्ञा श्रेणियों में प्रतिभाग करेंगे, और सभी को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इस आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव, बालिका परिसर की प्रधानाचार्या उमा सिंह, शिव शंकर पांडेय, अंगद पाठक, मदन मोहन सिंह, राजेंद्र दूबे, हरिकेश समेत सभी आचार्य बंधुओं एवं छात्र-छात्राओं उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## टैक्सी स्टैंण्ड की बोली ईओ के अस्वस्थ होने के चलते स्थगित

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र की टैक्सी स्टैंड की बुधवार को होने वाली नीलामी को अधिशासी अधिकारी के अस्वस्थ होने के कारण पुनः स्थगित कर दी गई है जिससे तमाम आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है लोगों का कहना है कि प्रभारी अधिशासी अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष के आपसी ताल मेल न होने के चलते टैक्सी स्टैंड की नीलामी नहीं हो पा रही है । इससे पूर्व टैक्सी स्टैंड की नीलामी के लिए दो बार 27 मार्च व 3 अप्रैल को निश्चित की गई थी परंतु इसे निरस्त कर दिया गया पुनः 15 अप्रैल को नीलामी की तिथि घोषित की गई लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष के अस्वस्थ होने के कारण स्थगित कर दिया गया था तत्पश्चात 23 अप्रैल को पुनः निश्चित किया गया लेकिन इस बार अधिशासी अधिकारी की तबीयत ना सही होने की चलते पुनः स्थगित कर दिया गया है अब इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि अगर बार-बार टैक्सी स्टैंड की नीलामी निरस्त व स्थगित की जा रही है इसके पीछे क्या कारण है।

# विद्यालय को मिला पंखा, बच्चों को मिली गर्मी से राहत



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करते हैं, इसी भावना को चरितार्थ करते हुए श्री जय गंगा गायत्री गौ विज्ञान अनुसंधान ट्रस्ट ने संविलयित उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर के ईको क्लब के सदस्यों को दो पंखे उपहार स्वरूप भेंट किए हैं। गौ सेवक गव्य सिद्ध प्रभुनाथ मिश्र ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को इस भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सौगात प्रदान की। इन पंखों के मिलने से विद्यालय के कक्षा कक्ष में एक अतिरिक्त पंखे की व्यवस्था हो गई है, जिससे बच्चों को गर्मी में अधिक सुविधा मिलेगी। प्रभुनाथ मिश्रा ने इस अवसर पर बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी और कहा कि वे विद्यालय को अपना एकमात्र लक्ष्य बनाकर नियमित रूप से आएं। ईको क्लब के सभी सदस्यों ने गव्य सिद्ध श्री प्रभुनाथ मिश्र का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. चन्देश्वर यादव, सहायक अध्यापक अखिलेश सिंह, लाल बहादुर, अमरावती चौधरी, नवरत्न वरुण, राम मूरत यादव तथा जिला अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख संघ लवकुश ओझा के प्रतिनिधि रिशु सिंह भी उपस्थित थे।

## जनपद के दो युवाओं ने यूपीएससी की परीक्षा मे अर्जित की सफलता

**अंबेडकरनगर।** जिले के दो युवाओं ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है । विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए सिविल सेवा में चयनित हो कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अंबेडकरनगर के शहजादपुर निवासी आर्येंद्र कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में 527 रैंक हासिल किया है। इनके पिता रमेश कुमार एक निजी विद्यालय में प्राइवेट शिक्षक हैं। वर्ष 2023 में भी आर्येंद्र कुमार का चयन यूपीएससी में हुआ था। जिसमे इन्हे आईआरएमएस कैडर मिला था। वर्तमान में इनकी पोस्टिंग आंध्र प्रदेश में है। जिले के हंसवर थाना क्षेत्र के हरसम्हार गांव निवासी अमित यादव पुत्र पूर्णमासी यादव ने आईपीएस बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## हज यात्रा पर जाने वाले 40 हाजियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित मदरसा करामतिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर के स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ जयप्रकाश व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी के निर्देशन में 40 हज यात्रियों को टीका लगाया गया।हज पर जाने वाले यात्रियों को यात्रा के बाबत जागरुक किया गया। हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को प्रशिक्षित कर उनका टीकाकरण किया गया। हज यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग की विषेश टीम ने शिविर में मौजूद सभी यात्रियों का टीकाकरण किया। इसमें 20 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल रहीं।टीका लगाने के साथ ही पोलियो की खुराक भी दी गई। 60 वर्ष से अधिक आयु वाले हज यात्रियों को इंफ्लुएंजा का टीका लगाया गया। प्रशिक्षण के दौरान हज कमेटी के डॉ मोहम्मद यूनुस व मौलाना नजीबुल्लाह ने बताया कि हज यात्रा के दौरान पूरी सजगता बरतनी होगी। नियम कानून का अच्छे ढ़ंग से पालन करना होगा। यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल सम्बंधित को इसकी जानकारी दें। स्वयं कोई निर्णय न लें। उक्त अवसर पर डॉ नायला आफरीन,डॉ अरुण कुमार, फार्मासिस्ट मनोज कुमार यादव,स्टाफ नर्स मंजू साहनी,सरिता महिमा यादव,किरन यादव, शमीम अहमद, सतीश कुमार, अज़हर एजाज ने टीकाकरण में सहयोग किया। हज यात्रा के बारे में हज यात्रियों को सऊदी हुकूमत की हज गाइड लाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मदरसा के प्रबंधक सिराजुद्दीन महतो, मास्टर इसरार अहमद, मोहम्मद सादात, कफील अहमद, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद अख्तर, कारी आफाक अहमद, मौलाना मोहम्मद खालिद कासिमी, मास्टर इसरार, मुफ्ती मोहम्मद शमीम आदि लोग मौजूद रहे।



# नगर पालिका के बोर्ड की बैठक में अध्यक्ष के खिलाफ सभासदों ने की नारेबाजी



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका के सभागार में बुधवार को बोर्ड की बैठक की गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी की अध्यक्षता में बोर्ड के बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी द्वारा कस्बे के राप्ती नगर वार्ड स्थित रामलीला मैदान जदीद की जमीन पर चारों तरफ से बाउंड्री वॉल करने के बाद दुकान एवं मकान बनाने हेतु प्रस्ताव रखा गया। जिसका अधिकांश सभासदों द्वारा विरोध किया गया।

सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष पर आरोप लगाया कि नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी का कहना है कि आप लोग प्रस्ताव पर समर्थन दें या ना दें मैं अध्यक्ष हूं जो चाहूंगी कर सकती हूं। इस पर सभी सभासदों आक्रोशित होकर अपनी मांग विरोध प्रस्ताव दर्ज हेतु मांग करने लगे। सभासदों ने नगर पालिका भवन के गेट पर बैठकर नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। मामला बढ़ता देख नगर पालिका बांसी के बाबू अमरेंद्र कुमार द्वारा विरोध प्रस्ताव दर्ज कर दर्ज कर लिया। साथ ही साथ नगर पालिका बांसी के सीमा विस्तार का भी प्रस्ताव दर्ज किया गया। इसके उपरांत सभासदों की मांगे पूरी होने पर सभासदों द्वारा हंगामा खत्म किया गया। इस दौरान सभासद राप्ती नगर आशा यादव, गीता, प्रतिमा वर्मा, सरिता, रवि कुमार अग्रहरि, मीना, परमात्मा, अमरनाथ, पप्पू मौर्य, श्याम बाबू, ध्रुव चंद्र, सत्यनारायण मौर्य सभासद सहित हरगोविंद साहू, रूपेश महाजन, शंभू कश्यप, कुबेर बारी, अनुपमा सिंह दुबे, बजरंगी वर्मा,अंगद वर्मा, प्रमोद कुमार हिंदू, राकेश अग्रहरी, शुभम वर्मा, बिट्टू, निलेश आदि लोग मौजूद रहे।

# डॉक्टर ही नहीं अब मेडिकल कालेज की छात्राएं कलेक्टर भी बन रही



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** डा ही नहीं अब कलेक्टर भी बन रही हैं महामाया मेडिकल कालेज की छात्राएं। जैसा की आप सबको विदित है की एम बी बी एस अंतिम वर्ष की परिक्षा में मेडिकल कालेज की छात्राओं ने प्रथम तीनों स्थानों पर कब्जा जमाया था इसी के क्रम में प्रधानाचार्य डा आभास कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन मे अब यहां की छात्राओं ने आई ए एस की मानद परिक्षा में भी अपने झंडे गाड़ दिए हैं।

बात हो रही है इस मेडिकल कॉलेज की बैच 2017 छात्रा डा कोमल गुर्जर की जिन्होंने अभी हाल में ही घोषित लोक सेवा आयोग की आई ए एस के परिक्षा के परिणाम में 590 रैंक हासिल करके कालेज का ही नहीं अपितु हम सभी का मान बढ़ाया है। प्रधानाचार्य डा आभास कुमार सिंह ने फोन पर अपने इस होनहार छात्रा को बधाईयां दी और उज्वल भविष्य की कामना की। मेडिकल कॉलेज परिवार अपने इस होनहार छात्रा के कलेक्टर बनने पर अपने आपको बहुत ही गौरवान्वित एवम सम्मानित महसूस करते हुए डा कोमल गुर्जर के उज्वल भविष्य की कामना करता है। डा कोमल जयपुर राजस्थान की रहने वाली है इनके पिता का नाम श्री राम गोपाल गुर्जर और माता का नाम सरोज देवी है। डा कोमल मेडिकल कालेज में अपने बैच की मिस फेयरवेल भी रह चुकी हैं।

## फोन पर बात करने से इंकार तो मनबढ़ ने घर में घुसकर युवती को पीटा, केस दर्ज

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चेचुआपार निवासिनी खुशबू यादव पुत्री विनोद की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 333,115(2), 352,351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चेचुआपार निवासिनी खुशबू यादव पुत्री विनोद यादव ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार को शाम 6 बजे के करीब गांव के ही आशीष सिंह पुत्र नरसिंह ने फोन पर बात नहीं करने पर घर में घुसकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया, साथी उस्मान पुत्र असकल्ली बाहर खड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल खुशबू को अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि खुशबू की तहरीर पर आशीष सिंह और उस्मान पुत्र असकल्ली के खिलाफ के दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## वन विभाग के संरक्षण में हरे पेड़ो पर चल रहा आरा

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** वन विभाग की कुंभकरणी नीद टूटने का नाम नहीं ले रही है, लकड़ी माफिया दूसरी तरफ अवैध रूप से पेड़ो का कटान कर डंप कर दूसरे प्रांतों में बेचा जा रहा है। जिले में लगातार लकड़ी के अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शिकायत के बाद ही अवैध कटान पर कार्रवाई हो पाना संभव हो पाता है। वन विभाग के जिम्मेदारों की मिली भगत से लगातार लकड़ी माफियाओं द्वारा अवैध कटान को अंजाम दिया जा रहा है। मामला सामने आने पर संबंधित क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जिम्मेदार बचने के लिए केस काट कर अपना बचाव कर लेते हैं। अवैध रूप से पेड़ो को काटकर लकड़ियों को डंप कर दूसरे प्रांतो में मोटे दामों में बेचा जा रहा है। जिले के कई स्थानों पर इस तरीके से अवैध लकड़ी को काटकर डंप कर अन्य प्रांतों में ट्रकों से भेजा जा रहा है। विभाग जानकर भी अनजान बना बैठा है। जनपद को मरुस्थल बनाने का कार्य किया जा रहा है। जलालपुर ब्लाक अंतर्गत अशरफपुर भुआ रोहिनी पेट्रोल पंप के पास भारी मात्रा में लकड़ी माफिया के द्वारा अवैध रूप से पेड़ों की कटान कर प्रतिबंधित लकड़ियों डंप कर दूसरे प्रांतों में मोटे दामों में बेचा जा रहा है। इतनी भारी मात्रा में सड़क किनारे पड़ी लकड़ियां जिम्मेदारों पर सवाल खड़ी करती है।

## लू के थपेड़ो व भीषण गर्मी के चलते विद्यालय का समय डीआईओएस से परिवर्तित करने की मांग

**अम्बेडकरनगर।** विगत कई दिनों से प्रचंड लू और गर्म हवाओं के थपेड़े झेल रहे अंबेडकर नगर के माध्यमिक विद्यालयों की समयावधि मध्याह्न 12 बजे तक किए जाने की मांग जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह से की गई है।ये मांग राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश के माध्यमिक संवर्ग के अयोध्यामंडल अध्यक्ष डॉ.उदयराज मिश्र ने की है। इस बाबत प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त श्री मिश्र ने जिले के माध्यमिक विद्यालयों में अपराह्न डेढ़ बजे होने वाली छुट्टी की समय सीमा घटाकर मध्याह्न 12 बजे तक करने की मांग की है। ज्ञातव्य है कि मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के अनुसार जिले में गर्म हवाओं का प्रकोप अभी निकट में थमने वाला नहीं है।जिससे दूर दराज के ग्रामीण अंचलों से विभिन्न विद्यालयों में पैदल या साइकिल से आने वाले विद्यार्थियों के बीमार होने का अंदेशा प्रबल है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने वार्ता के दौरान गुरुवार 24 अप्रैल को सम्यक निर्णय लेने की बात कही है।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के भरपही पर गाली गलौज का विरोध करने पर युवक को पट्टीदारों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के भाई के तहरीर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के भरपही निवासी मनोज कुमार गुप्ता पुत्र रामकेश गुप्ता के पट्टीदार बादामा देवी को एक और पट्टीदार गाली गलौज कर रहा था।जिसका विरोध भाई राजकुमार ने किया तो मनबढ़ो ने भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। और जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित के8 तहरीर पर पुलिस ने आरोपी लालचंद, बबलू, शुभम, अनीता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# कस्बे में ब्यूटी पार्लर की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान नुकसान



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी कोतवाली के बांसी कस्बे में बुधवार को एक ब्यूटी पार्लर की दुकान में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें मकान में रखा लाखों से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। बांसी कस्बे के आर्य नगर वार्ड स्थित टेकधर बाबा मंदिर के पीछे सरिता सखी ब्यूटी पार्लर के नाम से चल रहे मकान के द्वितीय एवं तृतीय तल पर सोमवार दोपहर दो बजे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की सूचना लगते ही मोहल्ले वालों की भीड़ इकट्ठा हो गई। साथ ही स्थानीय कोतवाली की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के साथ स्थानीय लोग आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर का सारा सामान जल चुका था। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गई। सरिता सखी ब्यूटी पार्लर के मालिक अमितेश गुप्ता ने बताया पहले इसी मकान में ब्यूटी पार्लर चलता था। लेकिन यहा गली सकरी होने के कारण यह दुकान बांसी नौगढ़ मार्ग स्थित अर्बन बैंक के बगल में संचालित है। लेकिन ब्यूटी पार्लर का पूरा सेटअप का सामान यहीं पर रखा गया था। साथ ही कमरे में घर गृहस्ती के सामान के साथ नकदी रुपए भी जलकर राख हो गया। इस संबंध में बांसी कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि घर के लोग बाहर थे। मकान बंद था अचानक शॉर्टसर्किट से आग लग गई जिसमें घर का सामान जल गया। अब आग बुझा दी गई है।

# सर्व शिक्षा अभियान के तहत बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली




अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** ग्राम पंचायत मिनवा में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वृहस्पतिवार को सर्व शिक्षा अभियान के तहत रैली निकाली गई। यह रैली कस्तूरबा आवासीय विद्यालय और कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में निकाली।, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों ने भाग लिया। रैली में बच्चा-बच्चा स्कूल जाए, शिक्षा का उजियारा लाए अब कोई बच्चा छूटे नहीं, स्कूल से कोई टूटे नहीं जैसे प्रेरणादायक स्लोगनों से पूरे गाँव की गलियाँ गूंज उठीं। ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल व स्कूल प्रधानाचार्य सुरेंद्र चौबे ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा को जीवन का आधार बताते हुए हर बच्चे के नामांकन की अपील की। यह रैली न केवल शिक्षा के महत्व को उजागर करने में सफल रही, बल्कि ग्रामवासियों के बीच सकारात्मक बदलाव की पहल भी बनी। इस दौरान कस्तूरबा विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी शशि बाला, अनु यादव, स्मिता पाठक, माध्यमिक विद्यालय के अरविंद, कृष्णा, संतोषी, शिक्षक गण के साथ कई लोग मौजूद रहे।

## ग्रुप पर अश्लील फोटो पोस्ट करने के मामले मे पुलिस ने युवक के विरुद्ध आईटी एक्ट मे मुकदमा दर्ज किया

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना कटका के डिजिटल वालंटियर ग्रुप पर बीते सोमवार को आपत्तिजनक व अश्लील फोटो व लिंक पोस्ट करने के मामलें में पुलिस ने ग्रुप पर पोस्ट वायरल करने वाले युवक के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बीते सोमवार को थाना कटका के डिजिटल वालंटियर व्हाट्सएप ग्रुप पर किसी स्वीटी बेबी नाम से एक पोस्ट कर दीगयी जिसमें अश्लील फोटो व लिंक पोस्ट कर दी गयी। जिस के बाद ग्रुप पर हलचल मच गयी और ग्रुप के जिम्मेदारों की तरफ से आपत्ति जताने व जिम्मेदारों को सूचना देने के बाद जिले की मीडिया सेल ने पोस्ट को डिलीट करते हुए उसे ग्रुप से बाहर कर दिया और पोस्ट करने वाले नंबर की छानबीन शुरू कर दीगयी। एसओ कटका विवेक वर्मा ने बताया कि छानबीन में पोस्ट करने वाले युवक की पहचान दिनेश प्रताप सिंह निवासी अम्बरपुर थाना जैतपुर के रूप में हुई। जिस के विरुद्ध थाना के एसआई रूपेश कुमार सिंह की तहरीर पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी।

# गांव चलो अभियान: पीढ़ी और बड़ागांव में हुई बसपा की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**तिलोई/मुसाफिरखाना।** बुधवार को गांव चलो अभियान के अन्तर्गत पीढ़ी और बड़ागांव में बहुजन समाज पार्टी की कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में दोनों विधानसभाओं को आठ जोन में बांटकर संगठन निर्माण की कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने सम्बोधित किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल प्रभारी डॉ दयाराम राजभर ने की। बैठक में बहुजन समाज पार्टी की रीति नीति, विचारधारा, बसपा सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से संवाद हुआ। मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश की एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जिसने सर्वसमाज के बीच भाईचारा कायम करते हुए देश के सभी राज्यों में मजबूत संगठन खड़ा किया है। बहुजन समाज पार्टी का लक्ष्य देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था स्थापित कर संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के सपनों को साकार करना है। हमारी मुखिया बहन मायावती जी ने उत्तर प्रदेश में यह काम करके दिखा दिया है। कांग्रेस, भाजपा और सपा को जातिवादी और पूंजीवादी राजनीतिक दल की संज्ञा दी और कहा कि कांग्रेस की नीति और नीयत में अंतर रहा, इसीलिए बहुजन समाज के व्यापक हितों की रक्षा के लिए 14 अप्रैल 1984 को मान्यवर कांशीराम साहब ने बहुजन समाज पार्टी बनाई। दिलीप कुमार विमल ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर योगी आदित्यनाथ की सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि उत्तर प्रदेश में पुलिस ने अपराधियों के सामने घुटने टेक दिए हैं। हत्या, लूट और अपराध की घटनाएं रोज हो रही हैं। चारों तरफ जंगल राज कायम है। जंगल राज को खत्म कर सर्वसमाज के कल्याण के लिए उत्तर प्रदेश में बहन मायावती जी का पांचवी बार सी एम बनना समय की जरूरत है।

**कार्यालय : नगर पंचायत बिस्कोहर**

**जनपद : सिद्धार्थनगर**

पत्रांकः 92/न.पं.बि./2025-26 दिनांक- 23/04/2025

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

एतद्वारा सर्वसंबन्धित को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बिस्कोहर जनपद-सिद्धार्थनगर सीमान्तर्गत राज्य वित्त आयोग/टाउन फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जनहित को देखते हुये नगर पंचायत बिस्कोहर में परशुराम तिराहे पर सौन्द्रीकरण का निर्माण कार्य कराये जाने कार्यालय के पत्र सं.-26/न.पं.बि./2024-25 दिनांक-23.03.2025 के द्वारा कुल 1 कार्य की ई-निविदा दिनांक-23.03.2025 तक आनलाइन वेबसाइट- http://etender.up.nic.in पर सायं 02:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जानी प्रस्तावित थी। उक्त कार्य की निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती हैं ।

अधिशासी अधिकारीरी
नगर पंचायत बिस्कोहर
सिद्धार्थनगर

## व्हाइट हाउस का घेराव

अमरीका में राष्ट्रपति आवास 'व्हाइट हाउस' का घेराव किया गया है। यह वाकई चौंका देने वाली, दुर्लभ घटना है। यह अमरीका में नागरिक आंदोलन की पराकाष्ठा है और राष्ट्रपति ट्रंप के सत्तावादी रवैये का घोर विरोध है। वैसे अमरीका में ही प्रदर्शनकारियों ने 'कैपिटल भवन' (संसद) पर हमला बोल दिया था। उसके भीतर घुस कर जबरदस्त तोड़-फोड़ की थी। उस प्रकरण में ट्रंप को 'खलनायक' करार दिया गया था, क्योंकि वह विपक्ष में थे और जो बाइडेन देश के राष्ट्रपति थे। अब अमरीका के सभी 50 राज्यों में 50 विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं, लेकिन आंदोलन एक ही है, लिहाजा उसे '50501' नाम दिया गया है। ट्रंप जनवरी, 2025 में ही अमरीका के राष्ट्रपति चुने गए। सिर्फ तीन माह में ही जनता का सामूहिक विरोध और मोहभंग के भाव स्पष्ट होने लगे हैं। बेशक यह आश्चर्यजनक है। इसके कई कारण हो सकते हैं। समझ नहीं आ रहा है कि राष्टपति ट्रंप इस कार्यकाल के दौरान क्या करना और क्या हासिल करना चाहते हैं? उन्होंने संयुक्त राष्ट्रसंघ, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व व्यापार संगठन आदि अंतरराष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की 'आर्थिक मदद' पर पाबंदी लगा दी। यही नहीं, हार्वर्ड विश्वविद्यालय की 2.3 अरब डॉलर की फंडिंग पर विराम लगा दिया। दलील दी गई कि यह विश्वविद्यालय वामपंथी और विघटनकारी छात्रों की नस्लें तैयार कर रहा है। अमरीका ही नहीं, दुनिया भर में बौद्धिक संपदा के निर्माण में इस शैक्षिक संस्थान का अमूल्य तथा अप्रतिम योगदान रहा है। शायद राष्टपति ट्रंप को यह तथ्य ब्रीफ नहीं किया गया कि अमरीका के 16 राष्ट्रपति (ट्रंप नहीं) हार्वर्ड के ही छात्र थे और सबसे अधिक 161 नोबेल पुरस्कार विजेता भी इसी विश्वविद्यालय ने दिए हैं। सवाल अमरीकी राष्ट्रपति से किए जाते रहे हैं कि जिन्हें अमरीकी प्रशासन परंपरागत रूप से वित्तपोषित करता रहा है, उनकी आर्थिक मदद छीन कर क्या होगा? क्या राष्ट्रपति ट्रंप अपने निर्णय पर प्रायश्चित करने की मुद्रा में हैं? कमोबेश कोई भी संगठन, संस्थान या यूनिवर्सिटी इस तरह बंद नहीं होते।

अचरज जताया जा रहा है कि ट्रंप ने जो 'टैरिफ नीति' घोषित की थी और साझा कारोबार करने वाले प्रमुख देशों पर कर का बोझ लाद दिया था, क्या उससे अमरीका में नई फैक्टरियां खुलेंगी अथवा अमरीका अधिक समृद्ध देश बनेगा और महंगाई, बेरोजगारी की समस्याएं कम होंगी? इसके अलावा, राष्ट्रपति के खास सलाहकार, दुनिया के सर्वोच्च उद्योगपति एलन मस्क ने जिस योजना के तहत सरकारी नौकरियां छीनने की कवायद की है, क्या उससे अमरीका में सामाजिक सुरक्षा मजबूत और व्यापक होगी? अमरीका नागरिक स्वतंत्रता, वैचारिक स्वतंत्रता, मानवाधिकार, लोकतंत्र, सामाजिक सुरक्षा सरीखे मूल्यों की बुनियाद पर टिका है। इन मूल्यों के लिए वहां कई सार्वजनिक संघर्ष किए गए हैं। अब प्रदर्शन के दौरान बैनर-पोस्टरों पर लिखा है-ट्रंप को अल सल्वाडोर की जेल में डिपोर्ट कर दिया जाए। राष्टपति पर नागरिक स्वतंत्रता और कानून के शासन को कमजोर करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। 'व्हाइट हाउस' के अलावा मस्क की 'टेस्ला कार' के शोरूम का भी घेराव किया जा रहा है। उनमें आगजनी की घटनाएं हुई हैं। आंदोलनकारी दलील दे रहे हैं कि हमारा मकसद ट्रंप प्रशासन के तहत बढ़ते सत्तावादी और तानाशाहीपूर्ण रवैये से लोकतंत्र को बचाना है। आंदोलन अहिंसक ही रहेगा। इन विरोध-प्रदर्शनों में कई राजनीतिक दल भी शामिल हैं, लिहाजा ट्रंप के लिए नागरिक और राजनीतिक चुनौतियां दोनों ही हैं। अमरीका और भारत के लोकतंत्र दुनिया के लिए उदाहरण माने जाते रहे हैं। भारत में ऐसी नौबत कभी नहीं आई कि राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री आवासों का ऐसा घेराव किया गया हो। हालांकि विरोधी पक्ष प्रधानमंत्री आवास और संसद भवन के घेराव के नारे जरूर लगाते हैं, लेकिन विरोध-प्रदर्शन 'जंतर-मंतर' तक ही सीमित कर दिए जाते हैं। इस बार राष्ट्रपति ट्रंप के फैसलों में एकाधिकारवाद ज्यादा झलक रहा है।

## जब पतियों ने नारियों को बढ़ाया!


के. विक्रम राव

जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस ने जयपुर में (23 अप्रैल 2025) राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित स्वागत समारोह में कहा कि वे भारतीय मूल की पत्नी उषा के पति के नाते भारत में ज्यादा मशहूर हैं। बनिस्बत एक राजनेता के। उनके श्रोताओं में राजस्थान के भाजपाई मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हर्ष व्यक्त कर रहे थे। डोनाल्ड ट्रंप ने भी वाशिंगटन में राष्ट्रपति की शपथ लेते हुए कहा था मेरी इच्छा थी कि हसीन उषा बाला चिलकूरी वान्स को अपना उपराष्ट्रपति प्रत्याशी नामित करूं। ट्रंप का कथन था उषा प्रथम एशियन-अमेरिकी सनातनी-विप्र महिला हैं। निर्वाचित उपराष्ट्रपति वांस से कहीं अधिक विवेकशील और चुंबकीय हैं। उषा के पुत्र ईवान ने तो सार्वजनिक रूप से कहा कि वे अपने ननिहाल भारत में ही रहेगा।

शपथ ग्रहण के उत्सव में डोनाल्ड ट्रंप ने टिप्पणी की थी कि उषा अपने पति से कहीं अधिक चतुर और क्रियाशील हैं। इसका आधारभूत कारण भी है। उषा के पूर्वज अठारहवीं सदी में पश्चिम गोदावरी तटीय वडलूरू ग्राम के चिलुकुरी चातुष्टय पंडित भ्रातावर्ग अद्वितीय विद्वान थे। अर्थात् ट्रंप-प्रशासन को आंध्र के विप्र समाज का ज्ञान भी प्राप्त होगा। भारत भी लाभान्वित रहेगा। चालीस-वर्षीय लेखक, वकील और पूर्व सैनिक (ईराक़ युद्ध में थे) जेम्स डेविड वान्स ने तेलुगुभाषी, आंध्र माता-पिता की संतान उषा से पिछले दशक (2014) में विवाह किया। दोनों तब ओहयो राज्य के विधि विश्वविद्यालय में सहपाठी थे। उषा के माता-पिता चेन्नई में वैज्ञानिक थे। उषा के मित्र उन्हें किताबी कीड़ा और नेता कहते थे। वे पत्रकार भी रहीं। येल लॉ जर्नल की संपादक थीं। मीडिया की स्वतंत्रता के संघर्ष में सक्रिय थीं।

उषा का परिवार ब्राह्मण विद्वानों का है। उनके दादा पंडित चिलुकुरी बुच्चिपापय्या शास्त्री कृष्णा जिला के साईपुरम ग्राम में संस्कृत पंडित और वेदशास्त्री रहे। उनकी विशाखापत्तनमवासी दादी ने भगवदगीता का अंग्रेज़ी अनुवाद किया था। वकील उषा के मुवक्किलों में पैरामाउंट फिल्म तथा वाल्ट डिज्नी हैं। भारत में भी पति की बदौलत पत्नी को राजनीतिक महत्व मिलना कई राज्यों में हो चुका है। लखनऊ का किस्सा है। सुचेता कृपलानी एक भारतीय राजनीतिज्ञ और स्वतंत्रता सेनानी थीं। वह भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री थीं, जिन्होंने 1963 से 1967 तक उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख के रूप में कार्य किया।

सुचेताजी का यूपी का मुख्यमंत्री बनना भी एक ऐतिहासिक घटना रही। जवाहरलाल नेहरू के विरोध के बावजूद तब चंद्रभानु गुप्ता मुख्यमंत्री बन गए थे। मगर पुत्री इंदिरा गांधी के प्रतिद्वंदियों को काटने के लिए प्रधानमंत्री नेहरू कांग्रेस अध्यक्ष के. कामराज के नाम पर एक योजना बनाई और अपनी काबीना से मोरारजी देसाई, एस.के. पाटिल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीबी गुप्ता को भी हटा दिया। तब इस रिक्त पद पर गुप्ताजी के समर्थन से सुचेताजी देश की और उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनीं। मगर श्रेय आचार्य जेबी कृपलानी को जाता है क्योंकि पति के आग्रह पर ही उनकी पत्नी को गुप्ताजी ने मुख्यमंत्री चुनाव जितवाया था। इस संदर्भ में जेडी वेंस का अपने उपराष्ट्रपति बनने में उषा के रोल की तारीफ करना वाजिब है हालांकि भारत में बहुत कम पतियों ने अपनी पत्नियों को राजनीति में आगे बढ़ाया हो। जैसे बिल क्लिंटन ने हिलेरी को, बराक ओबामा ने अपनी पत्नी मिशेल रोबिन्सन को आगे बढ़ाया है। भारत में कुछ ही दिन में उषा वेंस बड़ी लोकप्रिय हो गई खासकर दिल्ली की अक्षरधाम मंदिर की यात्रा के बाद।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर पहलगाव में आतंकियों ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा करने वाली घटना को अंजाम दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पहली बार कश्मीर में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों और उनके समर्थकों को करारा जवाब दिया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है।**

# पहलगाम में मजहबी आतंक का सबसे बर्बर चेहरा


ललित गर्ग

जम्मू-कश्मीर में स्थित पहलगाम, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से जाना जाता है, मंगलवार को एक भीषण, दर्दनाक एवं अमानवीय आतंकी हमले का गवाह बना, एक बार फिर जिहादी आतंक का घिनौना-बर्बर चेहरा दिखा। आतंकियों ने पहलगाम में निर्दोष-निहत्थे पर्यटकों की जिस तरह पहचान पता करके गोलियां बरसाई, उससे यही पता चलता है कि वे केवल खौफ ही नहीं पैदा करना चाहते थे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का खून बहाकर दुनिया का ध्यान भी खींचना चाहते थे। यह आतंकवाद एवं सांप्रदायिक घृणा का अब तक का सबसे घिनौना एवं बर्बर हमला एवं चेहरा है, जिसमें हिन्दू सुनकर चलाई गोलियां। जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा है। इस जघन्य एवं त्रासद घटना में निर्दोष पर्यटकों को तब मौत की गहरी नींद सुलाया गया, जब अमेरिकी उपराष्टपति भारत में हैं और भारतीय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में। इस हमले ने यह प्रकट किया कि कश्मीर में बचे-खुचे आतंकी किसी भी सीमा तक गिरने पर आमादा हैं। आतंकियों ने उन पर्यटकों को निशाना बनाया, जो कश्मीरियों की रोजी-रोटी को ही सहारा देने कश्मीर गए थे। यह हमला इतना वीभत्स था कि उसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने नृशंसता की सारी सीमाएं पार करते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 28 पर्यटक, जिनमें दो विदेश नागरिक भी थे, की दर्दनाक मौत हो गई।

हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने ली है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि हमलावरों ने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग से होते हुए किश्तवाड़ के रास्ते बैसरन तक पहुंच बनाई। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है, जब बैसरन के घास के मैदान और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पर्यटक मौज-मस्ती कर रहे थे, कुछ खच्चरों की सवारी का आनंद ले रहे थे तो कुछ परिवार पिकनिक मना रहे थे। तभी घात लगाए बैठे आतंकियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना के लिये सीधे तौर पर पाकिस्तान जिम्मेदार है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि चंद दिन पहले ही पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर ने किसी जिहादी की तरह हिंदुओं और भारत के खिलाफ अपनी घृणा का भद्दा प्रदर्शन किया था। अबू मूसा का वह भाषण और उसके तुरंत बाद हुआ पहलगाम नरसंहर दर्शाता है कि पीओके में बैठे आतंकी सरगना न केवल भारत विरोधी जहरीला प्रचार फैला रहे हैं, बल्कि कश्मीर घाटी की शांति, विकास एवं सौहार्द को बाधित करने की हर कोशिश को सफल बनाने में जुटे हैं। वे आगामी समय में घाटी को फिर से अशांत करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। इस भीषण आतंकी हमले के बाद घाटी में पर्यटन




संबंधी कारोबार करीब-करीब ठप पड़ना तय है। आखिर इतनी भयावह घटना के बाद कौन पर्यटक कश्मीर की ओर रुख करेगा?

लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर पहलगाव में आतंकियों ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा करने वाली घटना को अंजाम दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पहली बार कश्मीर में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों और उनके समर्थकों को करारा जवाब दिया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। पहलगाम में आतंकी हमले की गंभीरता इससे प्रकट होती है कि जहां गृहमंत्री अमित शाह आनन-फानन श्रीनगर के लिए रवाना हुए, वहीं सऊदी अरब गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी यात्रा बीच में छोड़कर दिल्ली आ गये। दिल्ली आते ही एयरपोर्ट पर ही एक मीटिंग की, जिसमें अजित डोभाल से गंभीर मंत्रणा के बाद इस आतंकवादी घटना के खिलाफ एक्शन लेना प्रारंभ कर दिया। मोदी एवं शाह के एक्शन से उम्मीद बंधी है कि इस बार कुछ निर्णायक होगा। पहलगाम की सुंदर घाटी को रक्त रंजित करने के लिये आतंकवाद का जिन्न भले ही निकल आया हो, लेकिन इस बार निर्दोष एवं बेकसूर लोगों का रक्त व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। यह हमला पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा है, उसी के इशारे पर किया गया। यह मानने के पुख्ता एवं पुष्ट कारण हैं कि पाकिस्तान सुलगते बलूचिस्तान से दुनिया का ध्यान हटाना चाहता है और उसे यह रास नहीं आ रहा कि कश्मीर में स्थितियां तेजी से सामान्य होती जा रही हैं। भारत को पाकिस्तान के शैतानी इरादों के प्रति और अधिक सतर्क रहना चाहिए था। वह न पहले भरोसे लायक था और न अब। अब आतंकियों को शह और सहयोग देने वाले पाकिस्तान को निर्णायक रूप से सबक सिखाया जाना ज्यादा जरूरी हो गया है।

तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत बनी है, जिससे भी पाकिस्तान भयभीत बना। मुंबई सहित देश के अन्य हिस्सों और विशेषतः जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ न केवल था, बल्कि आर्थिक एवं अन्य तरह का सहयोग भी शामिल है। पहलगाम की ताजा घटना हो या बार-बार होने वाली आतंकी घटनाएं तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इन हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश एवं दुनिया के सामने आने का डर पाकिस्तान को सता रहा था, तभी उसने इस पहलगाम की घटना को अंजाम दिया। लेकिन अब हद हो गयी। अब एक साथ कई मोर्चे पर आतंकवाद के खिलाफ कमर कसनी होगी, अब भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का असली बड़ा काम यहां से शुरू करना होगा। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने में भारत का साथ देने का संकल्प एकबार फिर दोहराया है, इसी तरह रूस भी भारत के साथ है। अनेक देशों ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हर तरह से सहयोग का वादा किया है। अब समय आ गया है पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाने एवं उसके विध्वसंक एवं विनाशकारी मनसूबों को नेस्तनाबूंद करने का। तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है, यही पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है। कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर होना भी पाकिस्तान के लिये बड़ी चुनौती बना है।

# वह दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है

**निक्कू मधुसूदन का जन्म 1980 में भारत में हुआ। उनकी शैक्षिक यात्रा की शुरुआत वाराणसी के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी बीएचयू) से हुई, जहां उन्होंने बी.टेक की डिग्री हासिल की। इसके बाद, उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का रुख किया और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) से भौतिकी में मास्टर और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। MIT में उनके गुरु प्रोफेसर सारा सीगर, जो बाह्यग्रह अनुसंधान की अग्रणी वैज्ञानिक हैं, ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में, निक्कू मधुसूदन कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी और बाह्यग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं।**


बलदेव राज भारतीय

यह धरती, यह आकाश, यह ब्रह्मांड अपने आप में न जाने कितने रहस्य छुपाए हुए हैं। कितनी बड़ी विडंबना है कि हम अपनी पृथ्वी को अभी सही ढंग से समझ नहीं सके और बाह्य जगत के रहस्यों को जानने के लिए लालायित रहते हैं। मनुष्य अंतरिक्ष के अन्य पिंडों पर जीवन की तलाश कर रहा है और जहां जीवन मौजूद है उसे तहस नहस करने पर तुला हुआ है। वह कभी चांद पर जीवन की संभावना तलाशता है तो कभी मंगल पर पानी की खोज। बड़े बड़े टेलिस्कोप लिए बैठा है किसी नई दुनिया की खोज में। जैसे उसके सपने इस दुनिया में नहीं उसी दुनिया में पूरे होने हों। वह रहस्य, वह रोमांच बयान नहीं किया जा सकता, जब उसे ऐसी किसी दुनिया का पता चलता है। वह उस बच्चे की तरह मचल उठता है, जिसे उसके पसंदीदा खिलौने मिल गए हों। ऐसी ही खुशी भारतवंशी वैज्ञानिक निक्कू मधुसूदन को उस समय प्राप्त हुई जब उन्होंने अपनी हालिया अंतरिक्ष खोज से पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया।

सौरमंडल से 120 प्रकाशवर्ष दूर एक बाह्यग्रह K2_18b पर जैविक गतिविधि के मजबूत संकेत पाए गए हैं। निक्कू मधुसूदन के नेतृत्व वाले एक दल ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की सहायता से उस ग्रह पर डाइमिथाइल सल्फाइड और डाइमिथाइल डाइसल्फाइड जैसे रासायनिक यौगिकों का पता लगाया, जो पृथ्वी पर केवल जीवित प्राणियों विशेषकर समुद्री शैवाल द्वारा उत्पादित होते हैं। यह खोज न केवल खगोल विज्ञान और जैव-खगोल विज्ञान के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि मनुष्य के मन में वर्षों से दबे उस प्रश्न के उत्तर की ओर बढ़ा हुआ एक कदम है जिसमें बार बार उसके मस्तिष्क के पटल पर प्रश्न उभरता था कि क्या हम ब्रह्मांड में अकेले हैं? यद्यपि अनेक सनातन ग्रंथों में वर्णित त्रिलोक शब्द इस बात की पुष्टि करता था कि पृथ्वी के अतिरिक्त भी अन्य दो लोक हैं, जहां जीवन संभव है। परन्तु विज्ञान की कसौटी पर इन ग्रंथों को मिथक कहकर नकार दिया जाता था। अब जब मनुष्य एक नई दुनिया के विषय में जानकारी प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है तो कहीं न कहीं सनातन ग्रंथों में वैज्ञानिकता की पुष्टि होने की संभावना बढ़ रही है।

निक्कू मधुसूदन का जन्म 1980 में भारत में हुआ। उनकी शैक्षिक यात्रा की शुरुआत वाराणसी के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी बीएचयू) से हुई, जहां उन्होंने बी.टेक की डिग्री हासिल की। इसके बाद, उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का रुख किया और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) से भौतिकी में मास्टर और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। MIT में उनके गुरु प्रोफेसर सारा सीगर, जो बाह्यग्रह अनुसंधान



की अग्रणी वैज्ञानिक हैं, ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में, निक्कू मधुसूदन कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी और बाह्यग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं।

आओ बात करें उस ग्रह की जिसे K2_18b नाम दिया गया है। यह एक बाह्यग्रह है, जो पृथ्वी से लगभग 120-124 प्रकाश वर्ष दूर है। यह ग्रह सिंह राशि में स्थित एक ठंडे लाल बौने तारे K2_18b के चारों ओर चक्कर लगाता है। इस ग्रह की खोज पहली बार 2015 में केपलर स्पेस टेलीस्कोप के डेटा के आधार पर की गई थी। यह एक 'सब-नेपच्यून' ग्रह है, जिसका आकार पृथ्वी से बड़ा लेकिन नेपच्यून से छोटा है। इसका द्रव्यमान पृथ्वी से 8.6 गुना और व्यास 2.6 गुना है। यह ग्रह अपने तारे के हैबिटेबल जोन में स्थित है, अर्थात वह क्षेत्र जहां तरल पानी के अस्तित्व की संभावना होती है। जिसके कारण वहां जीवन की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। मधुसूदन और उनकी टीम ने 2021 में हाइसीन (Hycean) ग्रहों की अवधारणा प्रस्तुत की थी। हाइसीन हाइड्रोजन और ओसियन दो शब्दों को जोड़कर बना है। अर्थात उन्होंने उन ग्रहों पर फोकस किया जिन पर हाइड्रोजन और ओसियन दोनों हों, क्योंकि ऐसे ग्रहों पर जीवन की संभावनाएं अधिक होती हैं।

इस खोज का आधार नासा का जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST) है, जिसे दिसंबर 2021 में लॉन्च किया गया था। यह टेलीस्कोप अपनी उन्नत अवरक्त (infrared) तकनीकों के कारण बाह्यग्रहों के वायुमंडल का अध्ययन करने में अभूतपूर्व सक्षमता रखता है। जब K2_18b अपने तारे के सामने से गुजरता है, तो तारे का प्रकाश ग्रह के वायुमंडल से होकर गुजरता है। इस प्रक्रिया में, वायुमंडल में मौजूद गैसें प्रकाश की कुछ तरंगदैर्ध्य को अवशोषित कर लेती हैं, जिससे एक विशिष्ट स्पेक्ट्रम बनता है। इस स्पेक्ट्रम का विश्लेषण करके वैज्ञानिक वायुमंडल में मौजूद रासायनिक यौगिकों की पहचान कर सकते हैं। मधुसूदन की टीम ने इस तकनीक, जिसे ट्रांसमिशन स्पेक्ट्रोस्कोपी कहते हैं, का उपयोग करके DMS और DMDS के संकेतों का पता लगाया। DMS का पता लगना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि पृथ्वी पर यह गैस केवल जीवित प्राणियों, मुख्य रूप से समुद्री शैवालों द्वारा उत्पादित होती है। इस गैस की उपस्थिति K2_18b पर जैविक गतिविधि की संभावना को दर्शाती है। हालांकि, नासा और मधुसूदन ने इस खोज को पूरी तरह से पुष्ट करने के लिए और अधिक अवलोकनों की आवश्यकता पर जोर दिया है। वर्तमान में, DMS का सिग्नल थ्री-सिग्मा स्तर पर है, जिसका अर्थ है कि यह सिग्नल के यादृच्छिक होने की संभावना केवल 0.3 फीसदी है। खगोल विज्ञान में, किसी खोज को निश्चित मानने के लिए फाइव-सिग्मा स्तर की आवश्यकता होती है, इसलिए इस दिशा में और शोध की जरूरत है।

मधुसूदन ने इस खोज को खगोल विज्ञान और जैव-खगोल विज्ञान में एक परिवर्तनकारी क्षण करार दिया है। उनकी टीम का मानना है कि K2_18b पर एक गर्म सागर हो सकता है, जो जीवन से÷परिपूर्ण हो। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह जीवन की पुष्टि नहीं है, बल्कि एक मजबूत संकेत है, जिसे और जांच की आवश्यकता है। मधुसूदन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जीवन की खोज का दावा समय से पहले करना किसी के हित में नहीं है। यह सावधानी वैज्ञानिक समुदाय में एक सामान्य प्रथा है, क्योंकि अतीत में भी कई बार ऐसी खोजें गलत साबित हुई हैं, जैसे कि 2018 में शुक्र के वायुमंडल में फॉस्फीन की उपस्थिति का दावा। इस खोज का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह हाइसीन ग्रहों की अवधारणा को और मजबूती प्रदान करता है। मधुसूदन ने 2021 में प्रस्तावित किया था कि हाइसीन ग्रह, जो सब-नेपच्यून श्रेणी में आते हैं, जीवन की खोज के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हो सकते हैं।

# क्या है देश के अपमान की परिभाषा

**राहुल गाँधी ने अमेरिका में बोस्टन की ब्राउन यूनिवर्सिटी में जाकर कौन सी ऐसी नई बात कह दी या नया आरोप लगा दिया जो वे यहाँ संसद से लेकर अपनी जनसभाओं या पत्रकारों के समक्ष नहीं उठाते रहे हैं? वे अनेक बार भारतीय चुनाव आयुक्त और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठा चुके हैं। वहां भी उन्होंने चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में गड़बड़ी का वही दावा किया जो यहाँ भी कई बार कर चुके हैं।**


निर्मल रानी

कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी देश विदेश में कहीं भी बोलते हैं तो उनके एक एक शब्द पर सत्ताधारी दल के नेताओं के कान लगे होते हैं। शायद भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रधानमंत्री के भाषण को भी इतने ग़ौर से न सुनते हों जितने कि राहुल गाँधी व सांसद प्रियंका गाँधी व सोनिया गाँधी के भाषण सुने जाते हों। ज़ाहिर है लगभग 11 वर्ष तक केंद्र में सरकार चलाने के बावजूद चूँकि अभी भी नेहरू गाँधी परिवार वर्तमान सत्ता को सीधे तौर पर चुनौती दे रहा है और संसद से लेकर सड़कों तक सत्ता से ऐसे सवाल पूछ रहा जिसका जवाब देने से सत्ता कतराती रहती है। इसीलिये इन्हें नेहरू गाँधी परिवार की बातों में ही बतंगड़ बनाने की सामग्री तलाशनी होती है। ख़ासकर राहुल गाँधी जो बातें अपने देश में भी करते हैं यही बात यदि वे विदेश में जाकर करें तो इन्हें यह सब विदेशी धरती पर देश का अपमान करना नज़र आता है।

वैसे भी राहुल गाँधी ने अमेरिका में बोस्टन की ब्राउन यूनिवर्सिटी में जाकर कौन सी ऐसी नई बात कह दी या नया आरोप लगा दिया जो वे यहाँ संसद से लेकर अपनी जनसभाओं या पत्रकारों के समक्ष नहीं उठाते रहे हैं? वे अनेक बार भारतीय चुनाव आयुक्त और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठा चुके हैं। वहां भी उन्होंने चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में गड़बड़ी का वही दावा किया जो यहाँ भी कई बार कर चुके हैं। फिर आख़िर वही बात विदेश की धरती पर करने से वे देशद्रोही, ग़द्दार,देश के दुश्मन और न जाने क्या क्या कैसे हो गये? आज के सूचना प्रौद्योगिकी इंटरनेट के दौर में क्या ऐसा संभव है कि कोई घटना या कोई वक्तव्य किसी सीमा तक सीमित रखा जा सके? जब युद्ध के मैदान से सीधी ख़बरें पलक झपकते पूरे विश्व में पहुँच जाती हैं तो मीडिया सम्बोधन में तो वैसे भी विश्व के संवाददाता मौजूद रहते हैं। सब कुछ लाईव चल रहा होता है। फिर यह तो बहुत ही बचकानी सी बात है कि राहुल ने यह बात विदेश में क्यों कह दी? और इसी बहाने सत्ता सुख भोगने वालों ने अपने आक़ा को न केवल अपनी आक्रामक सक्रियता जताने के लिये बल्कि अपने पद व राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखने के लिये राहुल गांधी के प्रति तरह तरह के अपशब्द कह डाले।

इस तिलमिलाहट के एक मायने तो यह भी हैं कि यही आरोप राहुल गाँधी भारत में ही लगायें तो कोई बात नहीं, आपत्ति केवल यह है कि उन्होंने यह सब अमेरिका में जाकर क्यों कह दिया? दरअसल राहुल गांधी ने पिछले दिनों अमेरिकी ब्राउन यूनिवर्सिटी में अपने



संबोधन में कहा था कि - यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज़्यादा लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया? ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफ़ी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने क़ानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफ़ी के लिए न कह सकें।

यही सवाल कांग्रेस व विपक्ष द्वारा संसद में मीडिया में और चुनाव आयोग के सामने भी उठाये जा चुके हैं। और विदेशी मीडिया अनेक बार इसकी रिपोर्टिंग भी कर चुका है। अमेरिकी अख़बार पूर्व में जहां भारत जैसे विशाल और जटिल देश में बड़े पैमाने पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की क्षमता ,भारतीय चुनाव आयोग की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) जैसी तकनीकी प्रगति व मतदाता जागरूकता अभियानों की तारीफ़ कर चुके हैं वहीं इन्हीं अमेरिकी अख़बारों द्वारा 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने वाले लेख भी लिखे जा चुके हैं। द वाशिंगटन पोस्ट और न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे प्रमुख अख़बारों द्वारा अपने लेखों में भारतीय चुनाव आयोग पर सत्तारूढ़ दल (विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी) के प्रति कथित पक्षपात के आरोपों का जिक्र किया जा चुका है। इसीतरह 2024 के चुनावों के दौरान, अमेरिकी अख़बारों के कुछ लेखों में भारतीय चुनाव आयोग की कार्रवाइयों, जैसे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर कथित निष्क्रियता या देरी, और विपक्षी नेताओं के ख़िलाफ़ जांच को लेकर भी सवाल उठाए जा चुके हैं। द गार्जियन और टाइम मैगज़ीन जैसे प्रकाशनों ने भी इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जिसे अमेरिका सहित पूरे विश्व में पढ़ा व देखा गया। इन्हीं में ईवीएम की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर भी चर्चा हो चुकी है। यह और बात है कि ऐसे लेख अथवा संपादकीय विदेशी मीडिया में प्रकाशित होने के बाद कुछ सत्ता समर्थक भारतीय विश्लेषकों या सरकारी अधिकारियों, अथवा किसी मंत्री द्वारा ऐसी कवरेज को पश्चिमी पक्षपात या माइंड गेम कह कर अपना पक्ष रख दिया जाता है। ख़ास तौर पर उस समय जबकि इससे भारत की छवि का नकारात्मक रूप से चित्रण होता हो।

लिहाज़ा राहुल पर भड़ास निकालकर अपनी 'वफ़ादारी' का सुबूत देने के बजाये देश के नेता विपक्ष द्वारा उठाये गये सवालों का तार्किक जवाब दिया जाना चाहिये। वे वहां क्यों कह रहे हैं के बजाये यह बताना चाहिये कि उन्हें आख़िर ऐसा क्यों कहना पड़ रहा है? उनके सवालों पर उन्हें घटिया शब्दों से संबोधित करने व उनके ख़िलाफ़ गोदी मीडिया की जुगलबंदी कर राजनैतिक माहौल तैयार करने से बेहतर है कि भारतीय चुनाव आयोग देश को तथा विपक्ष को अपनी बेगुनाही का सुबूत दे और जनता में अपना विश्वास पैदा करे। रहा सवाल देश की छवि बिगाड़ने का तो देश और दुनिया देख रही है कि देश के अपमान की परिभाषा क्या है और देश की छवि कौन और कैसे बिगाड़ रहा है। और कौन देश को कमज़ोर कर रहा है।

# शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर 1 मई को होगा धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुलतानपुर एक बार फिर मुखर हो गया है। बुधवार को संघ की संयुक्त कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक तिकोनिया पार्क में जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 1 मई को प्रस्तावित एकदिवसीय धरना प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गई।

प्रवक्ता निजाम खान ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जनपद मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस धरना के माध्यम से शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली, प्रोन्नत वेतनमान, चयन वेतनमान की त्रुटियों, स्थानांतरण, दिव्यांग भत्ता, विद्यालय

**■ तिकोनिया पार्क में हुई शिक्षक संघ की बैठक में बनी रणनीति**

समय पुनर्निर्धारण, आधार कार्ड संशोधन की बाध्यता, और लंबित पदोन्नतियों जैसे बुनियादी मुद्दों पर शासन का ध्यान आकृष्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से 1 अप्रैल 2005 के पूर्व नियुक्त विशिष्ट बीटीसी 2004-05 के शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने में शासन की उदासीनता और टालमटोल की नीति से प्रदेश भर के शिक्षकों में भारी आक्रोश है। इसके अतिरिक्त चयन वेतनमान की ऑनलाइन प्रक्रिया में आ रही लगातार खामियों, लंबित पदोन्नतियों, व ट्रांसफर नीति के पालन में ढिलाई से शिक्षक वर्ग हताश है।धरना प्रदर्शन 1 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तिकोनिया पार्क में आयोजित होगा। इसके पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला मंत्री डॉ. एचबी सिंह ने सभी पदाधिकारियों को धरना प्रदर्शन की सूचना व्यापक स्तर पर शिक्षकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विकास क्षेत्र की इकाइयों को स्थानीय बैठकें आयोजित कर प्रेस विज्ञप्ति जारी करने का भी आग्रह किया।

# आदिवासी परिवार के साथ मारपीट जबरन चोरी कबूलने का दबाव

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिले के राजघाट रानीपुरा गांव में पुलिस पर एक आदिवासी परिवार के साथ मारपीट और मानवाधिकार हनन के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामवासी कपूरी बाई पत्नी स्व.राजाराम आदिवासी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को लिखे शिकायती पत्र में बताया कि पुलिस ने उनके परिवार के सदस्यों को जबरन उठाकर मारपीट की और क्षेत्र में हुई चोरियों को कबूल करने का दबाव बनाया। कपूरी बाई के अनुसार, दो-तीन दिन पहले पुलिस ने उनके घर पर दबिश दी और उनके परिजनों मंगल, बादल और दशरथ को जबरन अपने साथ ले गई। इस दौरान पुलिस ने महिलाओं और बच्चों के साथ भी बेरहमी से मारपीट की। कपूरी बाई ने गंभीर आरोप लगाते हुये बताया कि उनकी पुत्री सुनीता और चंचल के हाथों पर जूतों से रगड़ा गया, जबकि उनके नाती की पीठ पर लात मारी गई। पुलिस ने धमकी दी कि यदि चोरी कबूल नहीं की तो परिवार का एनकाउंटर कर दिया जाएगा। आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाला यह परिवार मेहनत-मजदूरी कर गुजर-बसर करता है। कपूरी बाई ने पुलिस की इस कार्रवाई को अमानवीय बताते हुए कहा कि वे और उनके परिजन भयभीत हैं। उन्होंने अपने परिजनों की जान-माल की सुरक्षा और तत्काल रिहाई की मांग की है। इस मामले ने स्थानीय स्तर पर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। कपूरी बाई ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है, ताकि उनके परिवार को इंसाफ मिले और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# 'युवाओं को बनाया जा रहा सशक्त'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन किया गया। जिसका विषय भविष्य का निर्माण जिसमें छात्र उद्यमियों को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर नवाचार के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्र एवं उद्योग जगत के अनुभवी विशेषज्ञों ने भाग लेकर युवाओं में उद्यमशीलता की सोच और नवाचार को प्रोत्साहित किया।

यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. पांडेय के संरक्षण में आयोजित की गई, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक व उद्यमशील पहलों में अग्रसर है। कार्यशाला का पहला सत्र डॉ. अमित सिन्हा द्वारा संचालित किया गया, जिसमें उन्होंने सीएम युवा मिशन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। मुख्य वक्ता के रूप में राफ्ट एंड रिवर्स एलएलसी (दक्षिण-पूर्व एशिया) के





**■ भाषा विवि में हुआ कार्यशाला का आयोजन**

प्रमुख नृपेन भट्ट ने वैश्विक उद्यमशीलता के रुझानों, नवाचार की शक्ति और धैर्य के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के संयोजक एवं अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ. सैयद हैदर अली ने छात्र आधारित स्टार्टअप्स के लिए सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को व्यवहारिक अनुभव प्रदान करने हेतु ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता की प्रतिबद्धता जताई। इस आयोजन के साथ विश्वविद्यालय में अंबेडकर सप्ताह का भी आयोजन किया गया, जिसमें बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रचारित सामाजिक न्याय, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के मूल्यों को स्मरण किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विषयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विचार-विमर्श, संवादात्मक सत्रों एवं मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से अपने विचारों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय एवं अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं, जिससे आत्मनिर्भर एवं सशक्त युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके।

# अधिकारी निजीकरण के बड़े भ्रष्टाचार को दबाने में लगे

अवधनामा संवाददाता

**■ सरकार तत्काल करें पत्रावली सील: उपभोक्ता परिषद**

**लखनऊ।** 42 जनपदों के निजीकरण का मसौदा तैयार करने वाली कंसल्टेंट कंपनी ग्रांट थॉर्नटन द्वारा झूठा शपथ पत्र देकर टेंडर लेने के मामले में आज लगभग 2 सप्ताह होने को है पावर कार्पोरेशन प्रबंधन उसे लगातार बचा रहा है उसे तीन बार जवाब लिया सिद्ध हो गया कि वह दोषी है उसके द्वारा तथ्य को छुपा कर झूठा शपथ पत्र देकर टेंडर लिया गया उसके बावजूद भी उसे पर कार्यवाही नहीं की जा रही है पावर कारपोरेशन के नियमों के तहत टेंडर निकालने वाली विंग द्वारा कंसल्टेंट के खिलाफ झूठा शपथ पत्र देने के लिए कार्यवाही किए जाने का प्रस्ताव टेंडर मूल्यांकन कमेटी के पास जब भी भेजा जाता है एक निर्देशक जानबूझकर उस पर कोई न कोई कमेंट करके पत्रावली ऊपर नीचे भेजते रहते हैं अब सबसे बड़ा खुलासा यह है की ग्रांट थ्रोनटन कंपनी को बुलाकर पावर कारपोरेशन के उच्च अधिकारियों द्वारा यह कहा गया किसी लीगल एक्सपर्ट से अपने पक्ष में कुछ लिखवा लो फिर आपको बड़ी करने के लिए कुछ सोचते हैं। उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के निजीकरण का मसौदा तैयार करने वाली कंसलटेंट कंपनी दोषी पाए जाने के बाद भी उसको बचाया जाना पावर सेक्टर का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है।

उपभोक्ता परिषद ने कहा मुख्यमंत्री कुछ उच्च अधिकारी आपकी छबि भी धूमिल करने पर लगे हुए हैं उनके खिलाफ तत्काल जनहित में सीबीआई जांच कराई जाए और निजीकरण के मसौदा की पूरी पत्रावली को तत्काल सील किया जाए क्योंकि उसमें फोर्जरी की जा सकती।

# सांस्कृतिक समारोह युवा पीढ़ी के लिए बहुत महत्वपूर्ण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में दो-दिवसीय अन्तर-विद्यालयी साँस्कृतिक समारोह 'अभ्युत्थानम' आज सायं विद्यालय के सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। इससे पहले, इस साँस्कृतिक समारोह के दूसरे व अन्तिम दिन आज प्रतिभागी छात्रों ने माडल जी-20 सम्मेलन, हैकथॉन, न्यूज लेटर मेकिंग, पेन्टिंग, कविता पाठ, रोबोटिक्स आदि विभिन्न दिलचस्प प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

विदित हो कि इस साँस्कृतिक समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनिल राजभर, श्रम एवं रोजगार, उ.प्र. द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री राजभर ने कहा कि संस्कृति व साहित्य भावी पीढ़ी को मानवता की भलाई हेतु



प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। मुझे खुशी है कि सी.एम.एस. ने युवा पीढ़ी को देश की संस्कृति व सभ्यता से अवगत कराने हेतु इस साँस्कृतिक समारोह का आयोजन किया है। यह समारोह युवा पीढ़ी के चिन्तन को रचनात्मक दिशा प्रदान करने में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। 'द अवेकनिंग ऑफ आर्यावर्त' थीम पर आयोजित इस साँस्कृतिक समारोह में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के 250 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

इस साँस्कृतिक समारोह के दो दिनों में जी-20, विकास मंथन, विरासत-ए-कला, द अभ्युत्थानम् क्रानिकल्स, नवाचार, काव्य कुंभ, राग रॉक, विवेचना, अन्वेषण, वाक्यार्थ एवं रोबो रफ्तार थीम पर विभिन्न दिलचस्प प्रतियोगितायें आयोजित की गई। 'माडल जी-20 सम्मेलन' के अन्तर्गत प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए जलवायु परिवर्तन, व्यापार, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा-परिचर्चा की एवं विभिन्न देशों के बीच एकता, शान्ति व सहयोग की स्थापना पर जोर दिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से

**■ साँस्कृतिक समारोह 'अभ्युत्थानम' का सीएमएस में भव्य समापन**

12 तक छात्रों ने प्रतिभाग किया एवं प्रत्येक टीम में दो छात्र शामिल थे। मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रतिभागी छात्रों ने 'अप्लीकेशन ऑफ साइंस एण्ड मैथमेटिक्स इन नेचर' थीम पर समाजोपयोगी माडल्स बनाये तो वहीं दूसरी ओर 'गुरू-शिष्य परम्परा' पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता में भी छात्रों की प्रतिभा देखने लायक रही। इसी प्रकार, वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों की प्रतिभा, ज्ञान व अभिव्यक्ति क्षमता देखने लायक थी, जिसमें छात्रों ने पक्ष-विपक्ष में बोलते हुए देश के आर्थिक विकास पर बड़ी प्रमुखता से अपने विचार व्यक्त किये। इसी प्रकार, पेन्टिंग, कविता पाठ, रोबोटिक्स, हैकथॉन एवं न्यूज लेटर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागी छात्रों बड़े ही जोरदार ढंग से अपनी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

# अत्याधुनिक आधुनिक मछली बाजार के विकास की हुई समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य विभाग के केंद्रीय सचिव डॉ. अभिलाक्ष लिखी ने आज उत्तर प्रदेश के चंदौली में विकसित किए जा रहे अत्याधुनिक थोक मछली बाजार का दौरा कर उसके निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। यह बाजार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत स्थापित किया जा रहा है। दौरे के उपरांत सचिव महोदय ने स्थानीय मछुआरों और मत्स्य पालकों से संवाद कर जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की।

भारत के सबसे बड़े अंतर्देशीय मत्स्य उत्पादन वाले राज्यों में से एक उत्तर प्रदेश प्रतिवर्ष लगभग 11.60 लाख मीट्रिक टन मछली उत्पादन के साथ देश के कुल उत्पादन में

**■ यह बाजार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत स्थापित किया जा रहा**

महत्वपूर्ण योगदान देता है। मत्स्य मूल्य श्रृंखला में मौजूदा अंतराल को दूर करने और मछुआरों को बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत आधुनिक मछली बाजार, कियोस्क और कोल्ड स्टोरेज जैसी सुविधाओं के विकास को समर्थन प्रदान किया जा रहा है।

इसी उद्देश्य के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 में चंदौली में एक अत्याधुनिक थोक मछली बाजार की परियोजना को 61.88 करोड़ की बजटीय स्वीकृति के साथ मंजूरी प्रदान की गई थी। इस परियोजना का उद्देश्य पोस्ट-हार्वेस्ट अवसंरचना को मजबूत करना और मछुआरों के लिए बाजारों तक पहुंच को बेहतर बनाना है।

# श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर तुवन मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** तालाबपुरा में डोडा घाट पर स्थित श्री 1008 बालाजी महाराज मंदिर पर श्रीधाम वृंदावन से आए कथा व्यास पंडित श्री जयकिशन दास जी महाराज के द्वारा 21 अप्रैल से 28 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा । सोमवार की सुबह 10बजे तुवन मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया।

कलश यात्रा के शुभारंभ से पूर्व भागवत पुराण का कथा व्यास श्री जयकिशन दास जी की मौजूदगी में मुख्य यजमान दीपक पाठक पंडा जी सपत्नीक तुवन मंदिर पहुंचे वहां पर श्री शिवम कृष्ण शास्त्री जी द्वारा विधि विधान से मंदिर में विराजे भगवान का एवं श्रीमद्भागवत पुराण का पूजन कराया गया। पूजन के उपरांत तुवन मंदिर से गाजे बाजे के साथ विशाल



कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में आगे आगे डीजे चल रहा था पीछे बैंड बाजे चल रहे थे। कलश यात्रा में कथा के मुख्य यजमान दीपक पाठक पंडा जी भागवत जी को अपने सिर रखकर चल रहे थे । साथ में श्रद्धालु माता बहने अपने सिर पर कलश रखकर भजन गाती चल रही थी। इनके पीछे घोड़ा बग्घी पर बैठकर श्रीधाम वृन्दावन से आए कथा व्यास जयकिशन दास जी महराज चल रहे थे। कलश यात्रा तुवन से होते हुए नरसिंह मंदिर होते हुए निकलते हुए बालाजी मंदिर पहुंची इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया साथ ही जगह जगह सभी को शीतल जल पिलाया गया । डोडा घाट पर बालाजी मंदिर पहुंचकर भागवत जी का पूजन अर्चन किया गया । इस दौरान श्रद्धालु माता बहनों के द्वारा खूब नृत्य किया गया भागवत पोथी को कथा स्थल पर ले जाने के बाद कलश यात्रा का समापन किया गया। संध्या काल में कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास जयकिशन दास जी महाराज ने कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा की बहुत ही सौभाग्य से कथा कराने और श्रवण करने को मिलती हैं । श्रीमद्भागवत कथा को कभी मनोरंजन में नहीं लेना चाहिए यह मनोरंजन का साधन नहीं है । यह कल्पवृक्ष के समान है और साक्षात भगवान कृष्ण है। श्रीमद्भागवत कथा को पूरी श्रद्धा और नियम संयम के साथ कराना चाहिए।

# बिलग्राम स्थित पौराणिक राजघाट पर बनेगा भव्य भागीरथी द्वार



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जिला गंगा समिति हरदोई की माह फरवरी एवं मार्च 2025 की बैठकों में आमंत्रित सदस्यों द्वारा बिलग्राम के पौराणिक राजघाट पर, जिलाधिकारी महोदय से एक भव्य भागीरथी द्वार बनाये जाने की मांग की गयी थी जिसके लिए जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता शारदा नाहर, सिचाई विभाग,,अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण खण्ड-2 एवं जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे, जिला गंगा समिति को नोडल नामित करते हुए स्थानीय स्तर पर गंगा के कैचमेंट क्षेत्र के बाहर अधिशाषी अभियंता, शारदा नहर, सिचाई विभाग को संयुक्त रूप से सर्वे कर रिपोर्ट अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, खण्ड-2 को प्रेषित करने तथा लोक निर्माण विभाग को डीपीआर तैयार कर 10 दिनों के अन्दर पूर्ण आख्या जिला गंगा समिति, हरदोई को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए थे, अधिशाषी अभियंता, शारदा नहर, सिचाई विभाग के नेतृत्व में राजघाट पर भागीरथी द्वार बनाये जाने हेतु निरीक्षण कार्य आज पूर्ण कर लिया गया।

# भू-माफियाओं से परेशान हुये व्यापारी पहुंचे डीएम के पास

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नगर क्षेत्र के तालाबपुरा में भूमि सं. 3147 मि.रकवा 2.82 एकड़ अंदर हद नगर पालिका क्षेत्र में संगठित गिरोह के दबंग लोग जबरन उक्त भूमि पर कब्जा किये है, जिसमें 30-35 प्लाट सम्मिलित बताये है। उक्त समस्या में घिरे तालाबपुरा निवासी वयोवृद्ध विनोद जैन उमरिया और उनके सहयोगी रिश्तेदार अशोक अनौरा आदि ने बताया कि उक्त जमीन उनके पुश्तैनी विरासत है जिसको वर्तमान में निर्माण करने का मन है लेकिन उक्त दबंग लोगों ने जो कब्जा किया है उससे भू स्वामी परेशान हैं। भू-स्वामी ने बताया कि उक्त दबंग लोग जो संगठित गिरोह बनाये उसमें मास्टर माइंड तालाबपुरा का रहने वालाहै। और उसके दबंग



सहयोगी जो अपराधिक किस्म की सोच रखते हैं,जिनका एक ही काम है कि दबंगता के बल पर कब्जा की गयी जमीन को फर्जी स्टांप द्वारा मनमाने दामों में बेच रहे हैं जिससे भूस्वामी की करोड़ों रूपये कीमत जमीन खुर्द बुर्द हो रही है। उक्त समस्या से जूझते जूझते सात बर्ष हो गये जिसको लेकर ललितपुर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से मुलाकात कर उक्त समस्या अवगत कराकर शीघ्र निस्तारण की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रसाशन के समक्ष अधिकारी की उपस्थिती में उक्त भू खण्ड की पैमाइश कराई जाये जिससे समय रहते समस्या का निराकरण हो सके तथा आगामी समय में उक्त दबंग संगठित अनेक लोग कब्जाई जमीन को पाने की लालच में कोई अनहोनी घटनाक्रम न कर दे। ज्ञापन देते समय बुंदेलखण्ड़ गल्ला व्यापारी मंडल के अध्यक्ष अशोक जैन अनौरा, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कड़की एवं भूमि स्वामी विनोद जैन उमरिया, अशोक जैन उमरिया आदि रहे।

# जन समस्याओं को लेकर सपाइयों ने किया जोरदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सपा कार्यकर्ताओं का अर्धनग्न प्रदर्शन,बिजली और महंगाई पर जताया विरोध।यूपी में महंगाई और बिजली संकट को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न प्रदर्शन किया। सपा यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महंगाई,बिजली दरों में बढ़ोतरी और अनियमित आपूर्ति को लेकर कड़ी नाराज़गी जताई गई।

प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। चेतावनी दी कि अगर हालात नहीं सुधरे,तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश सचिव नवनीत यादव, सतीश यादव, राकेश पाल, अमरीश कांत गौतम,



नसीम, सुग्रीव निषाद, अमजद खान, संदीप गौतम, आशीष विश्वकर्मा, जरताब रज़ा खान, पवन यादव, पिंटू यादव, शानू खान, कादिर खान, सुरेश गौतम, राज मिश्रा, हरिओम, अभिषेक कुमार, अर्जुन राज, देव निषाद, नूर आलम, शिवशंकर गोस्वामी, सईद अहमद, हिमांशु यादव, कपिल मुनि, मनीष कुमार, दीपक कुमार, सुलतान खान, रजत यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएमएस की एक और छात्रा बनी आईएएस

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की छात्रा देवांशी सक्सेना (रैंक 124) ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) में चयनित होकर विद्यालय का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. के पाँच छात्र इस वर्ष आई.ए.एस. में चयनित हो चुके हैं, जिनमें अमन तिवारी (रैंक 74), प्रशान्त सिंह (रैंक 102), रजत सिंह (रैंक 132) एवं अनुश्री सचान (रैंक 220) शामिल हैं। इन पाँचो छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा सी.एम.एस. के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रों की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि वर्ष 2011 से 2025 तक कुल 82 सी.एम.एस. छात्र आई.ए.एस. की प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित हो चुके हैं।

# टीएमयू का विश्व पृथ्वी दिवस पर ब्रजघाट में नमामि गंगे कैंपेन



अवधनामा संवाददाता

**■ टीएमयू के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस के गंगा चैंपियंस क्लब की ओर से चला स्वच्छता अभियान**

**मुरादाबाद।** विश्व पृथ्वी दिवस पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस के गंगा चैंपियंस क्लब ने गढ़मुक्तेश्वर के ब्रजघाट में गंगा किनारे सफाई कैंपेन चलाया। नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत स्टुडेंट्स ने सफाई के संग-संग न केवल पौधे रोपे, बल्कि गंगा घाट पर दुकानदारों को पौधे भी उपहार स्वरूप भेंट किए। गंगा चैंपियंस क्लब ने नुक्कड़ नाटक के अलावा जल-मृदा की सैंपलिंग भी की। इस अभियान में एग्रीकल्चर कॉलेज के करीब 50 स्टुडेंट्स ने हिस्सा लिया। गंगा चैंपियंस क्लब ने संकल्प दोहराते हुए कहा, यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि धरती मां को बचाने का हमारा संकल्प है। आज का हर छोटा प्रयास आने वाले कल को सुरक्षित बनाएगा। सफाई कैंपेन गंगा चैंपियंस क्लब के उपाध्यक्ष मुकुन्द सिंह की अगुवाई में चला। पौधारोपण की कमान स्टुडेंट लोचन व्यास ने संभाली, जबकि पौधादान अभियान रक्षित ज्योति और प्रियांशु की देखरेख में चला। ब्रजघाट पर आम और जामुन के पौधे रोपित किए गए।

नुक्कड़ नाटक और अवेयरनेस आनन्द राज के निर्देशन में हुआ। इन छात्रों को कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये छात्र नोडल अधिकारी प्रो. गणेश दत्त भट्ट, प्रो. महेश सिंह, डॉ. ब्रजपाल सिंह राजावत, डॉ. नेहा सिंह आदि के नेतृत्व में गढ़मुक्तेश्वर गए थे। उल्लेखनीय है, केन्द्र सरकार की ओर से संचालित नमामि गंगे प्रोजेक्ट का तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के संग एमओयू साइन है। डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह कहते हैं, नमामि गंगे कैंपेन के प्रति यूनिवर्सिटी बेहद संजीदा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई शासी निकाय की बैठक





अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के शासी निकाय की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। लापरवाह व संदिग्ध निष्ठा वाली आशाओं की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाये। अच्छा कार्य करने वाली आशाओं को प्रोत्साहित किया जाये। 100 शैय्या अस्पताल में प्रसव की संख्या बढ़ाई जाये। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को होने वाले भुगतान में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। आभा आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये। नियमित टीकाकरण की प्रगति बढ़ाई जाये। लोगों को टीकाकरण के सम्बन्ध में जागरूक किया जाये। डिप्थीरिया के मामलों में कमी लाने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। पिछले तीन वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण किया जाये। आयुष विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र को गौरवशाली व विश्व गुरु बनाने तक चिंतन जारी रहेगा: साक्षी महाराज

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** मोदी जी ने विकसित भारत का संकल्प लिया। दिन रात केवल देश के लिए लोगों के लिए हम सब के लिए मेहनत करते हैं। मोदी जी केवल एक चिंतन करते है भारत कैसे गौरवशाली राष्ट्र बनेगा कैसे विश्वगुरु बनेगा इसी चिंतन से एक राष्ट्र एक चुनाव निकला है।

यह बात सांसद साक्षी महाराज ने आदर्श मैरिज लॉन में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए सांसद संवाद कार्यक्रम में कही। डॉ साक्षी महाराज ने कहा अटक से कटक तक कश्मीर से कन्या कुमारी तक एक देश दो विधान दो निशान नहीं चलेंगे इसी विचार के साथ कभी हम लाल चौक पर तिरंगा फहराने गए थे आज कश्मीर की घाटी में हर कोने पर तिरंगा है मोदी है तो मुमकिन है। एक विधान एक निशान के साथ देश में एक साथ चुनाव होंगे। हम राष्ट्र की राजनीति करने वाले परिवार की राजनीति करने वाले नहीं है। बार बार हमारे सामने चुनाव खड़े रहते हैं लोकसभा फिर हरियाणा महाराष्ट्र फिर दिल्ली फिर बिहार इससे देश का विकास रुकता है। सांसद ने आगे कहा अगले 30 सालों तक हमारी सरकार कहीं जाने वाली नहीं हैं। हमारी सरकार में विकास भी और विरासत का भी मंत्र है। राष्ट्र के लिए साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए आर्थिक विकास के लिए राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए एक देश एक चुनाव की आवश्यकता है। उन्होंने कहा इससे एक और दिक्कत दूर होगी लोकसभा वाला लोकसभा का टिकट मांगेगा विधानसभा वाला विधानसभा का सबको अवसर मिलेगा परिवारवाद मिटेगा। मोदी जी ऐसे भी कर देते लेकिन वह नीचे से ऊपर तक सभी से क्या चाहते हैं आपकी इच्छा क्या है आप प्रस्ताव भेजें। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा मोदी जी की इच्छा हैं 80 प्रतिशत मतदाता मतदान कर चुनाव में सहभागिता कर सकें आज केवल 50 से 60 प्रतिशत ही मतदान हो पाता है अधिक सहभागिता से भारत का लोकतंत्र मजबूत होगा। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ होंगे और उसके 100 दिन के अंदर नगर निकाय और पंचायतों के चुनाव। हम सब मोदी जी और राष्ट्रपति को इसके लिए पत्र लिख अवगत कराएं। भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ल ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने एक सपना देखा था जैसे 1952 से 67 तक एक साथ चुनाव होते हैं वैसे सारे चुनाव एक साथ चुनाव हों वही सोच लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इस बिल को पास किया मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई। लगातार चुनाव में लगने वाली आचार संहिता से 40 दिन तक विकास के सारे कार्य ठप हो जाते हैं। हमे एक देश एक चुनाव की तरफ कदम बढ़ाने हैं। गोष्ठी में जिला महामंत्री आशीष बाजपेई अटल जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ल पूर्व जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ दीक्षित, सुरेंद्र लोधी, भाजपा नेत्री चंद्रकांता जोशी, मंडल अध्यक्ष धीरज शुक्ला, विनय सिंह, विवेक सैनी, रमा गुप्ता, संदीप पाण्डेय, अवनीश शुक्ला, युवा मोर्चा से अखिल गुप्ता चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष विद्या भास्कर अजय बाजपेई आदि उपस्थित रहे।



## आतंकी हमले में मृत लोगों के लिए दुःख

उन्नाव। मोती नगर स्थित विशाल कॉन्टिनेंटल में एक राष्ट्र एक चुनाव व्यापारी संवाद का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरिसाक्षी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। सांसद साक्षी जी महाराज बोले पहलगाम आतंकी हमले में मारे लोगों के लिए पीड़ा है जिन्हें धर्म और जाति पूंछकर मारा गया। सपा सरकार में खाली दुकान हमारी है का नारा था। दिन में दुकान के सटर टूट जाते थे। व्यापारी एमपी एमएलए बनाने वाले देश की दशा दिशा बदलने वाले हैं। कुछ लोग 2047 तक गजवाएं हिंद का सपना देखते है। मोदी जी ने लाल किले से ऐलान कर दिया 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे। इसी विकसित भारत के एक देश एक चुनाव आवश्यक है। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा पिछली सरकारों में व्यापारी अपनी सुरक्षा के लिए पैसे देते थे आज व्यापारी की तरफ उठने वाले हाथ को काटने काम करते हैं। मोदी जी देश को आर्थिक शक्ति बनाने के लिए देश का पैसा अपव्यय से कैसे बच सकता है इस विषय पर कार्य कर रहे हैं इसी को लेकर बार बार चुनाव से होने वाले खर्च से हमें बचाना चाहते हैं। इस अवसर पर संयोजक धर्मवीर सिंह संचालक मनीष जायसवाल उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद अवस्थी चंद्रप्रकाश अवस्थी, अखिलेश अवस्थी राम तनेजा, सभासद बृजेश पांडे, नगर अध्यक्ष अवनीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# डीएम की पहल पर 1180 छायादार/फलदार पौधे रोपित

अवधनामा संवाददाता

■ विरासत के आधार सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने पर 28 शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत किये

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा जनपद में पर्यावरण को स्वच्छ बनाये जाने हेतु वृक्षारोपण में पहल करते हुए जनपद के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों से लाइसेंस का नवीनीकरण कराने पर तथा वृद्धावस्था वारिसान एवं मृतक वारिसान के आधार पर लाइसेंस स्वीकृत किये जाने सम्बन्धी पत्रावलियों में दिनांक- 22 अप्रैल 2025 तक 1180 छायादार / फलदार पौधे रोपित कराये जा चुके है तथा विरासत के आधार सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने पर 28 शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत किये गये है। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक पर्यावरण (वन, वन्यजीव, झील, नदी इत्यादि) की रक्षा को संविधान में देश की जनता के मौलिक कर्तव्य के रूप में शामिल किया गया है। हम सभी को पौधारोपण एवं पर्यावरण की रक्षा करने के हरसंभव उपाय करने चाहिए। पृथ्वी के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वृक्षों का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पेड़ लगाने के नाम से विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं।पर्यावरण एवं जलवायु को बेहतर करने के उद्देश्य रहता है। सभी जनपद वासी शामिल होकर इसे सफल बनाएं। साथ ही इस पेड़ को अपने मातृतुल्य सम्मान देते हुए उसकी देखभाल करें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि पेड़ों को लगाने में ऐसी जगह का चयन करें, जहां आप उसकी देखभाल बेहतर तरीके से कर सकें। डीएम ने कहा कि बीते ग्रीष्म ॠतु में तापमान बहुत ज्यादा रहा यह भी हमारे पर्यावरण में हो रहे असंतुलन की ओर इशारा करता है। कभी ज्यादा बारिश होना तो कभी बिलकुल बारिश न होना, इसी प्रकार शीत ॠतु में काफी बदलाव दिखाई देना यह सभी पर्यावरण असंतुलिन की ओर इंगित करता है। उन्होंने वृक्षारोपण करने वाले सभी व्यक्तियों से कहा कि वृक्षारोपण की सफलता के लिए वृक्षारोपण पश्चात उसकी नियमित रूप से देखभाल की जाए।

## वृंदावन में स्कूल बस और टेंपो की जबरदस्त भिड़ंत

**वृंदावन (मथुरा)** वृंदावन कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए।यमुना एक्सप्रेसवे लिंक रोड स्थित चामुंडा कट के पास परमेश्वरी देवी धानुका विद्यालय की स्कूल बस और एक तेज़ रफ्तार टेंपो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के वक्त बस में स्कूली बच्चे भी सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेंपो तेज रफ्तार में था और अनियंत्रित होकर सीधे स्कूल बस में जा घुसा। टेंपो में सवार महिला बुलंदशहर निवासी कमलेश पत्नी रमेश उनकी बेटी रिचा और चालक इस टक्कर में घायल हो गए। कमलेश को सिर में चोट आई है जबकि रिचा के दांतों में हैं। टेंपो चालक को भी मामूली चोटें आई हैं। घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

हादसे के वक्त स्कूल बस में दर्जनों बच्चे सवार थे। टक्कर होते ही बस में चीख-पुकार मच गई और बच्चे सहम गए। हालांकि गनीमत रही कि किसी भी बच्चे को कोई चोट नहीं आई। बस चालक ने स्थिति को संभालते हुए बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# कोतवाली पुलिस नें पैदल गस्त कर सुरक्षा का एहसास कराया



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर व क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने एवं आमजन में कानून के प्रति विश्वास बनाए रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे ने दल बल के साथ नगर में पैदल भ्रमण किया गया। इस दौरान नागरिकों से वार्ता कर उन्हे सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। बुधवार की शाम उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे ने दल बल के साथ नगर के जीटीरोड, तिर्वारोड, रेलवे रोड, फ्तेहगढ रोड सहित अन्य स्थानों पर पैदल गश्त के दौरान नागरिकों और व्यापारियों से संवाद किया। उन्होंने लोगों को बताया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की। उन्होनें कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम सभी से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं ताकि अपराधियों के मन में कानून का भय बना रहे और आम नागरिक निडर होकर अपने कार्य कर सकें। इस दौरान निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी, उपनिरीक्षक संजीव कटारा, मोहनलाल, देवी चरण साहू सहित कांस्टेवल योगेन्द्र कुमार, गगन कुमार, विनय कुमार, नीरज कुमार, अमन सिंह, गजेन्द्र सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## डीजे बजानें के विवाद को लेकर भिडे दो पक्ष, आठ घायल



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीती रात्रि क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा मे डीजे मे गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी व गालीगलौज के बाद लाठी डण्डे लेकर एकत्र हुये दोनों पक्षों के लोगों में जमकर मारपीट हुई जिसमें दो पक्षों के करीब आठ लोग घायल हो गये। बुधवार की सुवह क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा में डीजे पर गाना बजानें के विवाद को लेकर प्रथम पक्ष के कामिल पुत्र हारून, अरबाज पुत्र समीम, आकिब पुत्र हारून, मुशाहिद पुत्र नौशाद व द्वितीय पक्ष के सलमान, सावेद पुत्रगण निजामुद्दीन, तरंन्नुम पुत्री सहजुद्दीन, हुस्ना बेगम पत्नी निजामुद्दीन में आपस में कहां सुनी हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षो से एकत्र हुये लोगों मे जमकर लाठी डण्डे वले जिसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हो गये। जिन्हें कोतवाली पुलिस द्वारा इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मझपुर्वा चौकी प्रभारी धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि अभी तक दोनों पक्षो से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# एसेन्ट खालसा कॉलेज में छात्रा से मारपीट का आरोप

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली स्थित खालसा डिग्री कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा ने कॉलेज प्रिंसिपल पर मारपीट का गंभीर आरोप लगाया। नवाबगंज निवासी राजपाल सिंह की बेटी निधि सिंह का आरोप है कि प्रिंसिपल ने एडमिट कार्ड न देने को लेकर विवाद के दौरान उनके साथ मारपीट की। छात्रा के परिजनों के अनुसार एडमिट कार्ड देने से इनकार करने पर विवाद शुरू हुआ। इस दौरान प्रिंसिपल ने छात्रा को धमकाया और कथित तौर पर मारपीट की। खबर मिलते ही अन्य छात्र भी आक्रोशित हो उठे और अपने अभिभावकों को कॉलेज बुला लिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। अजगैन कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन स्थिति तब तक काफी तनावपूर्ण हो चुकी थी। एक अन्य छात्र योगेंद्र सिंह ने भी प्रिंसिपल और अन्य शिक्षकों पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। कई अन्य छात्रों ने भी बताया कि कॉलेज में मारपीट और दुर्व्यवहार की घटनाएं आम हैं। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के रवैये को लेकर गंभीर नाराजगी जताई। कालेज के प्रिंसिपल ने अपना बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी से मारपीट नहीं की। बस थोड़ा जोर से बोल दिया था। छात्रा ने डरकर झूठे आरोप लगाए हैं। अजगैन कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कॉलेज में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और छात्रों के बयान लिए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**उन्नाव।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जयपुरिया स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को रोजमर्रा जीवन में इस्तेमाल हेतु पर्यावरणानुकूल थैलों का मॉडल दिखाया गया एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं से वृक्षारोपण, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण जैसी गतिविधियों के बारे में चर्चा की गयी।

### सिपाही भर्ती में सफल अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच शुरू, एसपी ने किया निरीक्षण



**उन्नाव।** सिपाही भर्ती परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच प्रक्रिया जनपद में भी प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में चल रही मेडिकल जांच प्रक्रिया का निरीक्षण किया। एसपी ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी सफीपुर मधुप नाथ मिश्रा भी मौजूद रहे। यह भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस पदों के लिए हो रही है, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है और अब अंतिम चरण के तहत उनका मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है।

### महिला से बैंक में की पैंतालिस हजार की टप्पे बाजी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम नंगा पुरवा निवासी प्रीति पत्नी अरविंद नगर के चौराहा स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया में पचास हजार रुपये जमा करने आई थी। जहां बैंक कर्मियों द्वारा उससे पैन कार्ड की मांग की गई। जिस पर उसने असमर्थता जता दी। तो बैंक कर्मियों ने 45000 रुपये की नगदी का फार्म भरवाने की बात कही। महिला बैंक में ही स्थापित एटीएम के पास बैठे अज्ञात युवक ने उसके रुपए बैंक के एटीएम में जमा करने का झांसा देते हुए उसकी 45000 रुपये की नगदी पार कर दी और मौके से फरार हो गए। पीडिता नें घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। जिस पर कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी ने पुलिस बल के साथ बैंक सहित आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किये हैं।

### महिला ने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला मुजाहिद नगर निवासी सना पुत्री सरजू खान द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि पड़ोसी थाना तालग्राम के ग्राम रसूलाबाद निवासी मुफीद पुत्र समीम के साथ उसका दहेज एक्ट का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। इसके बावजूद उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। विगत 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे जब वह अपनी ससुराल गई तो उसके पति, ननंद व दो जेठों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# वंचित वर्ग के बच्चों के प्रति समर्पित है नेहरू ग्राम भारती विवि



■ नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर व ज्योतिष विज्ञान में बीए का कोर्स शुरू

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में ग्रामीणांचल एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय ने प्रवेश सत्र 2025 26 से बीएससी एग्रीकल्चर तथा ज्योतिष विज्ञान में बीए कोर्स शुरू किया है। यह विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है कि नैक से बी प्लस ग्रेड प्राप्त यह विश्वविद्यालय स्नातक स्तर पर एनईपी 2020 पहले ही लागू कर चुका है। स्नातक स्तर पर एनईपी के अंतर्गत बीए प्रचीन इतिहास, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, पत्रकारिता एवं जनसंचार, भूगोल, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, ज्योतिष शामिल हैं। साथ ही बीबीए, एमबीए, बीसिए, एमसीए, पीजीडीसिए, एमएसडब्ल्यू, एमएजेएमसी, बीलिब आई एस सी, एमलिब आई एससी, पीजी डिप्लोमा इन फोटोग्राफी, विधि संकाय में बीएएलएलबी, एलएलबी, एलएलएम (साईबर लॉ), एलएलएम (कॉर्पोरेट कमर्शियल लॉ), एलएलएम (क्रिमिनल एण्ड सिक्युरिटी लॉ), शिक्षक-शिक्षा संकाय में बीएड, एमएड, बीएलएड, डीएलएड, बीपीईएस-एमपीईएस, विशेष शिक्षा के अंतर्गत बीएड एचआई, बीएड (आईडी), एमएड एचआई, डीएड(आईडीडी), डीएड (एचआई) विज्ञान संकाय में बीएससी एवं एमएससी भौतिक विज्ञान, जीवविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है एवं वाणिज्य संकाय में बी0 कॉम0 एवं एम0कॉम0 पाठ्यक्रम चल रहे हैं। उपर्युक्त के सन्दर्भ में विश्वविद्यालय के सिविल लाइन्स, सिटी ऑफिस में बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलपति प्रो0 रोहित रमेश, प्रति कुलपति डॉ एस0सी0 तिवारी, डीन एकैडेमिक्स डॉ रजेश तिवारी, प्रवेश प्रकोष्ठ निदेशक एसएस मिश्रा, कुलसचिव डॉ हिमांशु टण्डन ने पत्रकारों से कोर्स के विषय में विस्तृत जानकारी पत्रकारों से साझा किया। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 से एन ई पी- 2020 आधारित नए पाठ्यक्रम बीएससी (एग्रीकल्चर) /बीएससी (एग्रीकल्चर) ऑनर्स, बी ए ऑनर्स वीथ रिसर्च ज्योतिष एवं परास्नात्मक स्तर पर एमए ज्योतिष पाठ्यक्रम आरंभ किया गया।

## फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के रैनी गांव में एक विवाहिता की लाश फंदे पर लटकी मिली। मृतका की पहचान आरती देवी के रूप में हुई। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरती की शादी 2019 में फाफामऊ रंगपूरा निवासी अनिल भारतीय से हुई थी। दंपति का एक 6 वर्षीय बेटा रिकी है। शादी के चार साल बाद पति-पत्नी के बीच अनबन हो गई। आरती अपने बेटे के साथ मायके में रहने लगी थी। मृतका के पिता तीरथ सरोज के अनुसार, ससुराल वाले दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करते थे। मंगलवार को तीरथ सरोज परिवार के साथ एक शादी समारोह में गए थे। आज सुबह पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि आरती की लाश घर के कमरे में फंदे से लटकी हुई है। मौके पर पहुंचने पर देखा कि मृतका का पैर घुटने से जमीन को छू रहा था। छह साल के रिकी ने दादा को बताया कि उसके पिता अनिल और चाचा कुनाल घर आए थे।

# खाद्य विभाग के द्वारा मिल्क प्रोडक्ट उत्पादकों और विक्रेताओं कार्रवाई से हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

■ खोवा पनीर और घी के सैंपल भरे अपमिश्रित पनीर नष्ट कराया

**मथुरा।** खाद्य विभाग की सचल दल की छापेमारी से देरी कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गई टीम ने कई जगह छापेमारी कर पनीर खोवा और घी के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं वहीं अपमिश्रित पनीर को भारी तादात में नष्ट कराया गया। जानकारी के अनुसार दिनांक 22.04.2025 को रात्रि में लगभग 09:00 बजे मुखबिर से प्राप्त सूचना पर खाद्य सचल दल द्वारा बी0एस0ए0 रोड, पर स्थित सफी डेयरी पर विक्रय हेतु बुलेरो पिकअप गाड़ी संख्या एचआर 73 बी 8563 द्वारा लाये गये पनीर मात्रा लगभग 540 कि0ग्रा0 का निरीक्षण किया गया। गाड़ी चालक ने अपना नाम शाहिद निवासी इन्दाना पुन्हाना, जिला नूंह, हरियाणा बताया। निरीक्षण के दौरान उक्त गाड़ी में भंडारित पनीर में से पनीर का एक नमूना तथा सफी डेयरी से पनीर का एक नमूना संग्रहित किया गया। उक्त बुलेरो पिकअप में भंडारित पनीर को मौके पर अपमिश्रित होने के कारण नष्ट करा दिया गया। 23 अप्रैल को प्रातः लगभग 7:30 बजे होलीगेट पर ईको गाड़ी संख्या एचआर 28 एम 0643 में सार्वजनिक बिक्री हेतु भंडारित लगभग 120 कि0ग्रा0 पनीर का निरीक्षण किया गया। पूछे जाने पर उक्त गाड़ी के वाहन चालक/मालिक ने अपना नाम खूबी पुत्र ताजू, निवासी मेवात हरियाणा बताया। गाड़ी में भंडारित पनीर से एक नमूना संग्रहित कर शेष अपमिश्रित पनीर को नष्ट करा दिया गया। होलीगेट स्थित जैन डेयरी से पनीर का एक व खोआ का एक नमूना तथा कृष्णा डेयरी से खोआ का एक नमूना एवं हनुमान डेयरी, कोतवाली रोड से घी का एक नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित कुल 07 खाद्य नमूनों को विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

साथ ही 22 अप्रैल को पनीर निर्माण इकाईयों मै0 राधे मिल्क एण्ड मिल्क प्रोडक्ट्स, रामनगर पारसौली रोड, बाजना, मथुरा तथा अतुल डेयरी, रामनगर पारसौली रोड, बाजना, मथुरा द्वारा निर्मित पनीर खाद्य विश्लेषक की जांच में अधोमानक एवं असुरक्षित पाये जाने पर उक्त दोनों डेयरियों के खाद्य लाइसेंस निलम्बित कर उनके खाद्य कारोबार पर रोक लगा दी गयी है।

## डीएम कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुंचे दिव्यांग

**मथुरा।** राष्ट्रीय दिव्यांग सेना के दर्जनों सदस्यों ने कलेक्ट्रेट में जिंदाबाद जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए जिन्हे सुनकर एक बारगी लोग चकरा गए और डीएम ऑफिस की और माजरा देखने के लिए दौड़ पड़े । वहां पहुंचकर पता चला कि जनपद के दिव्यांगजन डीएम से मिली खुशी के कारण जिंदाबाद के नारे लगा रहे है। संगठन के जिला अध्यक्ष श्यामवीर ने बताया कि हमने दिव्यांगों को बेरोजगार बनाने एवं रोजगार छीनने के संबंध में ज्ञापन दिया जिसे स्वयं जिलाधिकारी सीपी सिंह ने अपने दफ्तर से बाहर आकर ग्रहण किया और पूर्ण आश्वासन दिया कि दिव्यांगजनों के साथ किसी भी प्रकार की नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी।

# अभ्युदय ने दिया यूपीएससी का सपना पूरा करने का मौक़ा

■ कोचिंग से 9 जिलों के 13 होनहारों ने लहराया जीत का परचम

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी की दूरदर्शी 'मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना' की पहल ने सबका ध्यान अपनी और खींचा है संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2024 के फाइनल में इस योजना के पढ़ रहे 13 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है और प्रदेश का नाम बढ़ाया। इस सरकारी योजना से गरीब और वंचितों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर रही है। लखनऊ में इसके सेंटर से 4 और प्रयागराज से 2 अभ्यर्थी ने सफलता हासिल की।

बता दें कि उत्तर प्रदेश में इस योजना से गरीब वंचित वर्ग को यूपीएससी की तैयारी के लिए शिक्षा देना मील का पत्थर साबित हो रही है। इस योजना से छात्रों के लिए उच्चा शिक्षा और फ्री कोचिंग के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस योजना से छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए अभुदय कोचिंग सेंटर में पढाई की और उपस्क सिविल सर्विस परीक्षा 2024 में जिले के 13 होनहार अभ्यर्थियों ने कामयाबी हासिल की है।

मुख्यमंत्री की इस पहल से प्रदेश के छात्र-छात्राओं के सपने साकार हो रहे है और अपने उज्जवल भविष्य की और आगे बढ़ रहे है। प्रदेश के सभी जिलों में अभ्युदय कोचिंग के 166 सेंटर्स संचालित किये जाते है इसमें सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी करवाई जाती है।

### प्रयागराज से दो और लखनऊ सेंटर से 4 अभ्यर्थियों का चयन

**प्रयागराज।** सिविल सेवा परीक्षा 2024 में शगुन कुमार ने 100वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने हापुड़ सेंटर से पढ़ाई की। आयुष जायसवाल (बरेली) ने 178वीं और अदिति दुबे (लखनऊ) ने 180वीं रैंक के साथ सफलता अर्जित की. जबकि मयंक बाजपेई (सीतापुर) को 149वीं रैंक मिली। इसके अलावा अश्वनी शुक्ला (जालौन) ने 423वीं, उदित कुमार सिंह (प्रयागराज) ने 668वीं, सौम्या शर्मा (प्रतापगढ़) ने 218वीं रैंक, प्रतीक मिश्रा (प्रयागराज) ने 234वीं और आंचल आनंद (गौतमबुद्ध नगर) ने 399वीं रैंक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। दिशा द्विवेदी (लखनऊ) ने 672वीं, मनीष कुमार (लखनऊ) ने 748वीं, हिमांशु मोहन (अयोध्या) ने 821वीं तथा नैन्सी सिंह (लखनऊ) ने 970वीं रैंक हासिल कर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की सफलता को नई ऊँचाई दी। यूपी के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया है कि योगी सरकार की और से प्रदेश में गरीब और वंचित वर्ग के वो बच्चे जो कि प्रतिभाशाली बच्चो को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है उन्होंने आगे कहा कि इसमें उत्तीर्ण हुए सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं आगे उन्होंने बताया की इस योजना के तहत कोचिंग सेंटर में 280 अभ्यर्थी पीसीएस मेन्स की तैयारी कर रहे है और आगे इस कोचिंग का विस्तार किया जायेगा। समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने अभ्युदय योजना की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का उद्देश्य प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर और दूर-दराज के प्रतिभाशाली युवाओं को वही अवसर मिले जो बड़े शहरों में उपलब्ध होते हैं। हमारे पास 13 बच्चों का यूपीएससी परीक्षा में चयन होना इस बात का प्रमाण देता है कि यदि सही मार्गदर्शन मिले और संसाधन उपलब्ध हो तो फिर मज़िल दूर नहीं।

# पहलगाम हमले की एआइपीएमएम ने की निन्दा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग ज़िले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी, पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले ने समूचे देश को गहरे आघात में डाल दिया है। इस भयावह घटना में 26 से 28 निर्दोष नागरिकों की जान गई तथा कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता है और इसे देश की एकता, अखंडता, सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला मानता है। इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले तत्व न केवल मानवता के शत्रु हैं, बल्कि वे कश्मीर की शांति, समृद्धि और पर्यटन को बाधित करने की मंशा से प्रेरित हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा हम इस दुखद अवसर पर शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। अल्लाह से मृतकों की मग़फिरत और शांति की दुआ करते हुए, हम घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करते हैं।

उन्होंने कहा आतंकवाद का कोई धर्म, कोई मज़हब, और कोई इंसानी मूल्य नहीं होता जो लोग निर्दोषों की हत्या कर अपने झूठे एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं, वे पूरी इंसानियत के खिलाफ खड़े हैं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस ने कहा हम कश्मीर के नागरिकों और समस्त भारतवासियों से अपील करते हैं कि वे इस दुःखद घड़ी में संयम, एकजुटता और भाईचारे का परिचय दें। कश्मीर की आम जनता सदैव शांति, प्रेम और सहअस्तित्व की पक्षधर रही है, और इस हमले के बाद उन्होंने एक बार फिर आतंकवाद के खिलाफ अपने दृढ़ संकल्प को दर्शाया है। हम उनकी साहसिक भावना को सलाम करते हैं और उन्हें देश के लिए एक प्रेरणास्रोत मानते हैं।

## अमरावती में होगी फेडरेशन कप कबड्डी प्रतियोगिता

भारतीय कबड्डी संघ की ओर से सीनियर फेडरेशन कप कबड्डी प्रतियोगिता आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 2-5 मई तक खेली जाएगी। जिला कबड्डी संघ के सचिव विनय सिंह ने बताया कि इसमें खेलने वाली यूपी टीम का चयन ट्रायल 29 अप्रैल को होगा। यूपी टीम का कोच अर्जुन सिंह बनाए गए हैं। वह 30 अप्रैल को टीम के साथ अमरावती रवाना होंगे।

## शूटिंग में जगदीप मधोक ने जीता स्वर्ण

25वीं राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स की निशानेबाजी प्रतियोगिता में 58 वर्ष आयुवर्ग में वाराणसी के जगदीप मधोक ने स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने 10 मीटर पिस्टल की ओपेन स्पर्धा में सर्वाधिक अंक हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता 19 से 26 तक हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में खेली गई।

## हैंडबॉल में खेलेंगी चार टीमों की 48 खिलाड़ी

रानी लक्ष्मीबाई जिलास्तरीय आमंत्रण बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में चार टीमों की 48 खिलाड़ी खेलेंगी। बालिका वर्ग की खिलाड़ियों ने मंगलवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। संयोजक उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष एके सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में चार बालिका टीमें राउंड रॉबिन लीग के आधार पर भिड़ेंगी।

सभी मैच बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परमानंदपुर में खेले जाएंगे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ की संयुक्त सचिव विभव सिंह शाम पांच बजे उद्घाटन करेंगी। जिला हैंडबॉल संघ के सचिव डॉ. शम्स तबरेज रहेंगे।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में खेलेंगे 12 खिलाड़ी

बिहार में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में महिला कबड्डी टीम का चयन ट्रायल मंगलवार को सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। ट्रायल में 132 खिलाड़ी शामिल हुए। पहले राउंड में सभी खिलाड़ी,दूसरे राउंड में सिर्फ 29 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट हुए। 12 खिलाड़ी चयनित हुए जबकि तीन खिलाड़ी अतिरिक्त के रूप में चुने गए। उप क्रीड़ा अधिकारी अकरम महमूद ने बताया कि खिलाड़ी बिहार के लिए रवाना होंगे।

खो-खो टीम का ट्रायल स्थगित- खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए खो-खो टीम का चयन ट्रायल मंगलवार को नहीं हो सका। अधिकारियों के मुताबिक अब यह ट्रायल अन्य तिथियों पर होगा। अगली तिथि और स्थान अभी तय नहीं हुआ है। खो-खो की महिला और पुरुष टीम का चयन ट्रायल लालपुर के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में होना था।

## राष्ट्रीय कुश्ती में काशी के यशवंत ने जीता कांस्य

राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में बरेका व्यायामशाला के कुश्ती खिलाड़ी यशवंत गिरि ने कांस्य पदक जीता है। अंडर 20 राष्ट्रीय जूनियर कुश्ती राजस्थान के कोटा में खेली गई। इसमें यूपी टीम में काशी का प्रतिनिधित्व करते हुए यशवंत गिरि ने पदक जीता है। इससे पूर्व महिला वर्ग के 62 किलो भारवर्ग फ्री स्टाइल में वाराणसी की कशिश यादव कांस्य पदक जीत चुकी हैं।

## जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 27 को

जिला एथलेटिक्स संघ की ओर से 27 अप्रैल को वार्षिक जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी। मुनारी के एसबीएस स्पोर्ट्स एकेडमी के खेल मैदान पर खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रमेश कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 16 वर्ष से कम उम्र के बालक और बालिकाएं हिस्सा ले सकते हैं। दौड़, कूद और भाला फेंक जैसी स्पर्धाएं होंगी। सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 15 से 18 जून तक आंध्र प्रदेश में 20वीं राष्ट्रीय इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## कोरियाई प्रशिक्षक से प्रशिक्षण लेने बेटे के साथ कानपुर से पहुंचे पति और पत्नी

तीन दिवसीय निशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण में कोरियाई प्रशिक्षक से प्रशिक्षण लेने के लिए कानपुर से एक परिवार आया। चार साल के बेटे, चंद्रमोहन सक्सेना और पत्नी राखी सक्सेना ने एक साथ प्रशिक्षण लिया।जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव सत्यवर्धन सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन 117 प्रशिक्षकों में से 59 ने हिस्सा लिया।

परिवार को खेल के नए नियमों की जानकारी दी गई। पति के साथ प्रशिक्षण लेने पहुंची राखी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में लागू होने वाले कई नियमों में बदलाव हुए है, लेकिन इसकी जानकारी शिविर में आकर मिली। प्रशिक्षु चंद्रमोहन ने बताया कि पहले खिलाड़ी के गिरने पर, बॉर्डर लाइन क्रॉस करने पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी। अब बार-बार गिरने पर खिलाड़ी को बाहर कर दिया जाता है।

## खेलने में लगी चोट को नजरअंदाज न करें

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद (बीएचयू) खेल चोट रोकथाम और पुनर्वास कार्यशाला में खिलाड़ियों को चोट से बचाव और रोकथाम की जानकारी दी गई। क्रीड़ा परिषद के सेमीनार हॉल में तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन आईएमएस बीएचयू के हृदय रोग विषेशज्ञ विकास अग्रवाल ने किया।

कार्यशाला निदेशक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि खेलने के दौरान लगने के चोट को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह आगे चलकर खिलाड़ी के लिए समस्या बन सकती है। आयोजन सचिव डॉ. कविता वर्मा ने बताया कि कार्यशाला में खेल से संबंधित 125 ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर डॉ. एसएस पांडेय, डॉ. खुर्शीद अहमद, डॉ. प्रदीप खालखो, डॉ. धीरेंद्र तिवारी, डॉ. रॉबिन सिंह मौजूद रहे।

# पाकिस्तान से खेल संबंध समाप्त करने की मांग

## सचिन-कोहली ने भी आतंकी हमले पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। वहीं, पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के खेल संबंध समाप्त करने की मांग कर डाली है।

भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है जिसमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन चीड़ के पेड़ों के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश व दुनिया के पर्यटकों

**शोक**

**भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है।**

के बीच पसंदीदा स्थान है। पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

**सचिन-कोहली ने पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि**

भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। सचिन ने लिखा, पीड़ित परिवार अकल्पनीय कष्ट से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया



भर में लोग इस कठिन समय में उनके साथ हैं। हम इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देते हैं और न्याय की प्रार्थन करते हैं।

आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना। जिन परिवार के लोगों ने इस कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान गंवाई है, उनके लिए प्रार्थना करता हूं और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति मिले ऐसी प्रार्थना करता हूं।

**श्रीवत्स गोस्वामी ने चैंपियंस ट्रॉफी का दिया उदाहरण**

इस बीच, पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के खेल संबंध समाप्त करने की मांग कर डाली है। गोस्वामी ने लिखा, इसलिए मैं कहता हूं कि आप पाकिस्तान के साथ क्रिकेट नहीं खेलें। ना सिर्फ अभी, बल्कि कभी नहीं। जब बीसीसीआई या सरकार ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से इन्कार किया था तो कुछ लोगों ने कहा था कि खेल को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। लगता है कि निर्दोष भारतीयों की हत्या करना पाकिस्तान का राष्ट्रीय खेल बना गया है और भारत को जीरो टोलेरेंस के तहत जवाब देना चाहिए, ना कि बल्ले और गेंद से।

**भारत-पाकिस्तान के बीच नहीं होती द्विपक्षीय सीरीज**

मालूम हो कि भारत और पाकिस्तान के बीच 2012-13 से ही द्विपक्षीय सीरीज बंद है। बीसीसीआई ने फरवरी-मार्च में हुए चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम भेजने से मना कर दिया था और भारतीय टीम ने फाइनल सहित अपने सभी मैच दुबई में खेले थे। गोस्वामी ने हाल ही में पहलगाम का दौरा किया था। गोस्वामी ने कहा कि उन्होंने घाटी में आशा और शांति लौटती हुई महसूस की थी। गोस्वामी ने कहा, और अब फिर खूनखराबा हुआ। यह आपके अंदर कुछ तोड़ देता है। यह आपको यह सवाल करने पर मजबूर करता है कि हमसे और कितनी बार यह अपेक्षा की जाएगी कि हम चुप रहें, खेलते रहें, जबकि हमारे लोग मर रहे हैं। अब और नहीं। इस बार बिल्कुल नहीं।

**विजेंद्र सिंह ने की कड़ी कार्रवाई की मांग**

ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंद्र सिंह ने भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, हमारे वीर जवान आने वाले समय में इस कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब जरूर देंगे। भारत माता के वीर सपूतों की मौजूदगी में जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की चाहत रखने वालों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।

## बनारस क्रिकेट क्लब को नौ विकेट से हराया, यादवेंद्र के शतक से शिवाय क्लब फाइनल में



**वाराणसी।** वाराणसी के प्रमुख स्थानों पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। हॉकी, क्रिकेट, हैंडबॉल सहित विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अतिथियों और दर्शकों ने खिलाड़ियों का प्रोत्साहत भी किया। खेल के बाद उन्हें सम्मान मिला।

चतुर्थ स्व. मोहनलाल और स्व. प्रेमा देवी स्मृति क्रिकेट का सेमीफाइनल मंगलवार को बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान पर खेला गया। यादवेंद्र यादव के नाबाद शतकीय पारी से शिवाय एसीए क्लब की टीम, बनारस क्रिकेट क्लब को हराकर फाइनल में पहुंची। पहले बल्लेबाजी कर बनारस क्रिकेट क्लब 33 ओवर 5 गेंद पर सभी विकेट खोकर 163 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाय एसीए क्लब टीम के ओपनर बल्लेबाज और कप्तान मानस चौबे ने तेज शुरुआत की। उन्होंने 33 गेंद खेलकर तीन चौकों की मदद से 33 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज यादवेंद्र यादव ने 56 गेंद खेलकर 13 चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 120 रन बनाया। यह मैच शिवाय एसीए क्लब ने यह मैच 15 ओवर में ही नौ विकेट से जीत लिया।

## तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन में उतरेंगे जोकोविच, 100वें टूर खिताब पर रहेगी नजरें

**मैड्रिड।** जोकोविच मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन रहे हैं। उन्होंने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीते हैं। वह 2022 के सेमीफाइनल में अल्कारेज से हार के बाद यहां पहली बार खेलेंगे।

पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में उतरेंगे। उनकी निगाह अपने 100वें टूर खिताब पर होगी। जोकोविच को चौथी वरीयता दी गई है और वह उसी हाफ में हैं जिसमें दूसरी वरीयता प्राप्त स्थानीय दर्शकों के चहेते कार्लोस अल्कारेज होंगे। जोकोविच का मैड्रिड ओपन में जीत हार का रिकॉर्ड 30-9 का है।

37 वर्षीय जोकोविच मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन रहे हैं। उन्होंने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीते हैं। वह 2022 के सेमीफाइनल में अल्कारेज से हार के बाद यहां पहली बार



खेलेंगे। हाल में म्यूनिख में खिताब जीतने वाले दुनिया के दूसरे नंबर के अलेक्जेंडर ज्वेरेव यहां शीर्ष वरीय होंगे, जबकि तीसरी वरीयता टेलर फिट्ज को दी गई है।

**कार्लोस को उम्मीद पांव की चोट नहीं करेगी परेशान**

बार्सिलोना ओपन के दौरान अल्कारेज अपने दाएं पांव का इलाज करना पड़ा। अल्कारेज को उम्मीद है कि चोट उन्हें मैड्रिड में परेशान नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा होता है कि जब आप बहुत ज्यादा मैच खेलो और आपको आराम करने के लिए कम दिन मिले।

## केएल राहुल ने आईपीएल में हासिल की बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। राहुल आईपीएल में सबसे कम पारियों में 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ा। राहुल ने लखनऊ के खिलाफ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल और अभिषेक पोरेल के अर्धशतकों से लखनऊ सुपर जाएंट्स को आठ विकेट से हराया। लखनऊ ने इकाना स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में एडेन मार्करम के अर्धशतक के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए, जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में दो विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली के लिए राहुल ने 42 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए।

# हॉकी: भैंस को चारा-पानी देने वाली काशी की बेटी पूजा ऑस्ट्रेलिया में 23 नंबर की जर्सी में लहराएंगी तिरंगा

वाराणसी। भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम में गंगापुर की निवासी पूजा यादव का चयन हुआ है। मिडफील्डर पूजा वाराणसी की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई, जिसका चयन भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल किया गया है।

पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी श्रृंखला खेलने काशी की बेटी पूजा यादव मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं। 23 नंबर की जर्सी में 26 अप्रैल को पहला मैच पर्थ में खेलेंगी। गंगापुर निवासी दुधिया की बेटी पूजा यादव का बचपन गरीबी में गुजरा है। वह गंगापुर नगर पंचायत के एक कमरे के पुश्तैनी मकान में 6 बहनों और भाई के साथ रहती हैं। वह खेल के साथ अपनी भैंस को चारा और पानी भी

**चयन**

**छह भाई बहनों में पूजा पांचवें नंबर पर है। उनसे छोटा एक भाई है। तीन बहनों की शादी हो चुकी है। पूजा यादव का चयन पिछले महीने सीनियर वूमेन नेशनल कोचिंग कैंप साई सेंटर बंगलूरू के लिए हुआ था।**

देती थीं।

मां कलावती देवी ने बताया कि वह हर रोज पूजा के टीम में चयन होने की दुआ मांगती थीं। उनकी









इच्छा है कि बेटी हॉकी में जीत दिलाकर देश का मान बढ़ाए। पति महेंद्र यादव बेटी को खेलने नहीं जाने देते थे। उसके खेल को देखकर लोगों ने पिता से तारीफ की। ओलंपियन ललित उपाध्याय ने काफी मदद की।

उन्होंने बेटी को हॉकी किट दी थी। गंगापुर हॉकी अकादमी के प्रदीप सिंह, चरण दास गुप्ता ने बताया कि पूजा ने गंगापुर मैदान और अकादमी से हॉकी सीखी है। सचिव अवधेश लाल मौर्य ने बताया कि पूजा यादव ने जूनियर नेशनल में गोल्ड मेडल जीता था। प्रतिभा देखकर बहुत से लोगों ने हॉकी खेलना शुरू किया।

**ओलंपियन ने बताया कि टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी**

ओलंपियन ललित उपाध्याय ने बताया कि पूजा भारतीय महिला हॉकी टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। मिडफिल्डर पर खेल को आगे बढ़ाने के साथ खेल की गति बरकरार रखने की जिम्मेदारी होती है। वैसे खिलाड़ी किस पोजीशन से खेलेगा यह खेल की रणनीति पर निर्भर करता है। मैच के अनुसार रणनीति में बदलाव भी होता है।

**छह भाई-बहनों में पांचवें नंबर की हैं पूजा**

छह भाई बहनों में पूजा पांचवें नंबर पर है। उनसे छोटा एक भाई है। तीन बहनों की शादी हो चुकी है। पूजा यादव का चयन पिछले महीने सीनियर वूमेन नेशनल कोचिंग कैंप साई सेंटर बंगलूरू के लिए हुआ था। पूजा भारतीय टीम के साथ 21 अप्रैल से 5 मई तक ऑस्ट्रेलिया में खेलेंगी।

**खेलो इंडिया यूथ गेम में जीता था स्वर्ण पदक**


पूजा ने उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलो इंडिया में हिस्सा लेते हुए गोल्ड मेडल जीता, सीनियर नेशनल साइन डिपार्टमेंटल में कांस्य पदक जीत चुकी हैं। उत्तर प्रदेश की ओर से सीनियर नेशनल में भी प्रतिभाग किया। इस श्रृंखला में चयन होने पर पूजा ने खुशी जाहिर की है। कहा कि अब बड़ा लक्ष्य है। कठिन परिश्रम कर रही हूं।

**ये है श्रृंखला का शेड्यूल**

ऑस्ट्रेलिया बनाम इंडिया

26 अप्रैल, 27 अप्रैल, 1 मई, 3 मई, 4 मई।

## इंफ्लुएंसर गौरव तनेजा क्यों कर रहे हैं शाहरुख खान की पत्नी का बचाव?





पिछले दिनों शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान के एक रेस्तरां से जुड़ी खबर सामने आई। एक इंफ्लुएंसर ने गौरी खान के रेस्तरां में मिलने वाले खाने पर बड़ा खुलासा किया। अब इस मामले पर गौरव तनेजा ने भी अपनी बात, नजरिया सामने रखा है।

पिछले दिनों एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान के रेस्तरां में जाकर एक सिंपल टेस्ट के जरिए वहां के पनीर को नकली बता दिया। इस पर गौरी खान के रेस्तरां का भी बाद में बयान आया। अब इस मामले में इंफ्लुएंसर गौरव तनेजा भी अपना नजरिया बताते नजर आए। जानिए, क्या है ये पूरा मामला और गौरव तनेजा ने क्या कहा?

**इंफ्लुएंसर ने गौरी खान के रेस्तरां पर किए सवाल**

हाल ही में एक इंफ्लुएंसर सार्थक सचदेवा ने एक वीडियो पोस्ट किया था, जो अब हटा दिया गया है। इसमें सार्थक गौरी खान के रेस्तरां में जाता है और वहां मिलने वाले पनीर पर आयोडीन टेस्ट करता है, जिसके कारण पनीर का रंग काला पड़ जाता है। इसके बाद सार्थक दावा करता है कि ये पनीर नकली है। इस वीडियो पर रेस्तरां की तरफ से भी सफाई आई, जिसमें कहा गया कि आयोडीन टेस्ट पनीर में स्टार्च की मात्रा को बताता है, पनीर के असली या नकली होने को यह साबित नहीं करता है।

**गौरव तनेजा ने बता दी सच्चाई**

गौरी खान के रेस्तरां से जुड़े मामले के बीच इंफ्लुएंसर गौरव तनेजा ने सच्चाई सामने रखी है। वह कहते हैं, ' 99 प्रतिशत नकली पनीर भी आयोडीन टेस्ट को पास कर सकता है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि बाजार में सबसे ज्यादा मिलावटी प्रोडक्ट पनीर है। आपने देखा होगा कि आजकल हर शख्स जहां भी जाता है, अपने साथ आयोडीन ले जाता है लेकिन सच्चाई यह है कि आप आयोडीन से पनीर के असली या नकली होने की जांच नहीं कर सकते। मैंने डेयरी बिजनेस में काम किया है।'

**कौन है गौरव तनेजा**

गौरव तनेजा एक यूट्यूबर, इंफ्लुएंसर हैं। 'फ्लाइंग बीस्ट' नाम का यूट्यूब चैनल चलाते हैं। इन दिनों वह अपना एक डेयरी बिजनेस भी कर रहे हैं।

## पहलगाम हमले के चलते टली फवाद खान की फिल्म की रिलीज

### अब 9 मई को नहीं आएगी 'अबीर गुलाल'

**मुंबई।** कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछकर पर्यटकों को मारे जाने की घटना से पूरे देश में गुस्सा है। इस गुस्से के चलते ही हिंदी फिल्म 'अबीर गुलाल' की रिलीज डेट टाल दी गई है। इस फिल्म में पाकिस्तानी हीरो फवाद खान लीड भूमिका में हैं। इस फिल्म को महाराष्ट्र में रिलीज न होने देने की धमकी पहले ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता दे चुके हैं। इसके पहले फवाद खान की पिछली फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' की रिलीज के समय भी इसका खूब विरोध हुआ था।

पहलगाम में देशभर से पहुंचे पर्यटकों की पहचान पूछकर हत्या किए जाने के चलते मुंबई फिल्म जगत में भारी गुस्सा है। तमाम सितारे सोशल मीडिया पर अपने गुस्से का इजहार भी कर रहे हैं। कश्मीर के दुर्दांत आतंकवादी गाजी बाबा को मारने के लिए सीमा सुरक्षा बल की तरफ से चलाए गए अभियान ग्राउंड जीरो पर इसी नाम से बनी फिल्म का एक खास शो भी बुधवार को फरहान अख्तर की कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट के दफ्तर में बने मिनी थियेटर में रखा गया है। शो में पहुंचे लोगों में भी सबसे ज्यादा चर्चा फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर ही रही।

फिल्म 'अबीर गुलाल' का पहला टीजर इसी महीने की शुरुआत में जारी किया गया था। फिल्म का टीजर, पोस्टर रिलीज होते ही फिल्म में फवाद खान की मौजूदगी के खिलाफ बयान आने शुरू हो गए थे। इस फिल्म से फवाद खान की नौ साल बाद हिंदी सिनेमा में वापसी हो रही है। लेकिन, इस बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रवक्ता अमेय खोपकर ने कहा, ÷हम साफ तौर पर ये कह रहे है कि हम इस फिल्म को महाराष्ट्र में रिलीज नहीं होने देंगे, क्योंकि इसमें पाकिस्तानी एक्टर की मौजूगी है। हम किसी भी हाल में ऐसी फिल्म को यहां सिनेमाघरों में लगने नहीं देंगे।

## हिंदी सिनेमा की मौजूदा हालत पर बोले आमिर खान, कहा- हमने तरक्की की है और भी गुंजाइश है

**मुंबई।** हाल ही में बॉलीवुड की कई फिल्में फ्लॉप हुई हैं। ऐसे में अभिनेता आमिर खान ने कहा है कि हमारे पास बेहतर करने की गुंजाइश है। उन्होंने इसका उदाहरण भी दिया है। हिंदी सिनेमा पिछले कुछ वक्त से बुरे दौर से गुजर रहा है। बॉक्स ऑफिस पर हिट फिल्मों की तुलना में फ्लॉप फिल्में ज्यादा आ रही हैं। हिंदी सिनेमा के मुकाबले क्षेत्रीय फिल्में अच्छा कर रही हैं। इस पर मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने अपनी बात रखी है। आमिर खान ने कहा है कि हिंदी फिल्मों में सुधार की गुंजाइश है।

**बॉलीवुड फिल्मों में बेहतर करने की गुंजाइश है**

आमिर खान ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में कहा %हम नहीं कहते कि हम बेहतर फिल्म निर्माता नहीं हो सकते। मेरे विचार से फिल्म निर्माता के तौर पर हमारे पास सुधार की बहुत गुंजाइश है। हमने कई इंडस्ट्रीज से सीखा है।% आमिर के मुताबिक अगर आप 70 और 80 के दशक की फिल्मों को देखें



तो उसके बाद से फिल्में और बेहतर हुई हैं ऐसे में अगर मेहनत की जाए तो और बेहतर हो सकती हैं। आमिर ने कहा जब हम 1988 में आए थे तो उस वक्त फिल्मों की संख्या बहुत कम थी। उसके बाद से हमने तरक्की की है। 90 के दशक के बाद जब 2000 आया तो दर्शक बदल गए। वह बहुत खुले हुए और दूसरी तरह की सामग्री देखना चाहते थे।%

**एक अच्छी फिल्म बना लूं यही बहुत है**

आमिर से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की मौजूदा हालत को बदलने के लिए क्या करना चाहते हैं? इस पर उन्होंने कहा मैं बस वही करना चाहता हूं जो मैं कर रहा हूं और वही कहानियां बताना चाहता हूं जिन पर मेरा यकीन है। मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो अपने बारे में कोई बड़ी राय रखता हो कि मैं चीजों को बदल सकता हूं। मैंने कभी अपने बारे में ऐसी राय नहीं रखी। फिल्म बनाना बहुत मुश्किल है। मैं एक फिल्म ही अच्छे से बना लूं वही मेरे लिए बड़ी बात है।

आपको बता दें कि आमिर खान अपनी आने वाली फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म तारे जमीन पर की सीक्वल है। फिल्म में आमिर खान का किरदार एक बॉस्केटबॉल कोच का है। फिल्म विकलांग लोगों पर आधारित है।

## वेल्लोर केस में नया मोड़, मद्रास हाईकोर्ट ने दुरईमुरुगन परिवार पर फिर से केस चलाने का दिया आदेश



**चेन्नई।** तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन और उनके परिवार की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती हुई दिख रही है। जहां आय से अधिक संपत्ति मामले में दुरईमुरुगन परिवार पर मद्रास हाईकोर्ट ने एक बार फिर केस चलाने का आदेश दिया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक अहम फैसला सुनाया, जिसमें डीएमके महासचिव और तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन और उनके परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में फिर से मुकदमा चलाने का आदेश दिया गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। डीएवीसी ने वेल्लोर जिले की विशेष अदालत द्वारा 2007 में दुरईमुरुगन और उनके परिवार को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी।

मामले में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि जब दुरईमुरुगन 1996 से 2001 तक तमिलनाडु के लोक निर्माण विभाग मंत्री थे, उस दौरान उन्होंने 3.92 करोड़ रुपये की संपत्ति अपने, अपने बेटे और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर अर्जित की। यह संपत्ति उनकी आय से कहीं ज्यादा बताई गई है। बता दें कि मंत्री दुरईमुरुगन के साथ उनकी पत्नी डी. संथाकुमारी, भाई दुरई सिंगाराम, बेटा डी. एम. कथिर आनंद (जो अब वेल्लोर से सांसद हैं) और बहू के. संगीता के नाम भी शामिल हैं। जहां 23 फरवरी 2007 को वेल्लोर की विशेष अदालत ने दुरईमुरुगन और उनके परिवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज इस मामले से बरी कर दिया था।

गौरतलब है कि शेष अदालत के इस फैसले को ष्ठङ्कष्ट ने मार्च 2012 में चुनौती दी और पुनरीक्षण याचिका दाखिल की, जिसके बाद अब हाईकोर्ट ने डीवीएसी की याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि मामले में फिर से आरोप तय किए जाएं और छह महीने के भीतर सुनवाई पूरी की जाए। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि चूंकि मामला काफी पुराना है, इसलिए दिन-प्रतिदिन सुनवाई कर इसे जल्द निपटाया जाए।

## बातचीत से मामला सुलझाएं, मानहानि मामले में शिवराज चौहान और विवेक तन्खा को सुप्रीम कोर्ट की सलाह

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में साल 2021 के पंचायत चुनावों में शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने उनके खिलाफ संगठित, दुर्भावनापूर्ण, झूठा और मानहानिकारक अभियान चलाया। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा से कहा कि वे मानहानि मामले को आपसी बातचीत से निपटा लें। कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश में साल 2021 के पंचायत चुनावों में शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने उनके खिलाफ संगठित, दुर्भावनापूर्ण, झूठा और मानहानिकारक अभियान चलाया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने चौहान और तन्खा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी और कपिल सिब्बल से कहा, कृपया हमें यह मामला सुनने के लिए मजबूर न करें।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पहलगाम आतंकी हमले का मामला



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद अधिवक्ता विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में पहाड़ी राज्यों में सशस्त्र सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग की गई है।

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट में पर्यटकों की सुरक्षा की मांग को लेकर जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि गृह मंत्रालय और राज्यों को पहाड़ी स्थानों पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बल की तैनाती के निर्देश दिए जाएं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं। इस घटना के बाद पहाड़ी इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। अधिवक्ता विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्यों को पहाड़ी राज्यों और दूरदराज के स्थानों पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपाय करने और उन स्थानों पर सशस्त्र बल तैनात करने के निर्देश देने की मांग की गई है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

याचिका में पर्यटन स्थलों, विशेषकर दूरदराज के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों में उचित चिकित्सा सुविधाएं स्थापित करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है। ताकि आपातकालीन स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। याचिका में कहा गया है कि उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पर्यटन क्षेत्र पर निर्भर करती है, क्योंकि गर्मियों के मौसम में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। आतंकी हमले इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में पर्यटकों के लिए सुरक्षा उपाय करना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

याचिका में कहा गया कि पहलगाम हमले में किसी भी तरह की सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है, जबकि यह एक संवेदनशील क्षेत्र है। ऐसे स्थानों की सशस्त्र सुरक्षा होनी चाहिए। केवल ऐसे उपायों से ही हम पर्यटकों को आतंकी हमलों से बचा सकते हैं। याचिकाकर्ता ने कश्मीर में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश देने की मांग की है।

## महाराष्ट्र के 6 मृतकों के परिजनों को पांच लाख का मुआवजा, सीएम फडणवीस ने की घोषणा

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए महाराष्ट्र के छह निवासियों के शव वापस लाए जा रहे हैं और मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों को पांच लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। सरकार मृतकों की वापसी, अंतिम संस्कार और फंसे हुए पर्यटकों को लाने के लिए विशेष उड़ानों की व्यवस्था कर रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि जम्मू और कश्मीर के पहलगाम शहर में आतंकवादियों के हमले में मारे गए 26 लोगों में से छह उनके राज्य के रहने वाले थे और उनके शव वापस लाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि राज्य के जिन लोगों की मौत हुई है, उनके परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के मृतकों के शव लाने की व्यवस्था देखने के लिए कुछ मंत्रियों को जिम्मेदारी दी है।

## सेना को अलर्ट पर रहने के निर्देश



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार अलर्ट मोड में है। रक्षा मंत्रालय में हमले को लेकर बैठक हुई, जिसमें तीनों सेनाओं को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने सीसीएस की बैठक बुलाई है, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। आइए जानते हैं कि पहलगाम आतंकी हमले में अब तक क्या-क्या हुआ। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से देश में गुस्सा और शोक है। सरकार भी इसे लेकर हाई अलर्ट है और पीएम मोदी अपना सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर बुधवार सुबह ही भारत वापस लौट आए। पहलगाम हमले को लेकर बुधवार शाम छह बजे सुरक्षा मामलों की केंद्रीय समिति की बैठक होगी। इससे पहले रक्षा मंत्रालय में भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें सेना के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए। तीनों सेनाओं के अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। जानिए पहलगाम हमले में अब तक क्या-क्या हुआ-

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर करीब 2.45 बजे आतंकियों ने पहलगाम के बैसरन घाटी इलाके में 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी। हमले की जिम्मेदारी लश्कर ए तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। यह जम्मू कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ बीते 25 साल का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले साल 2000 में अमरनाथ बेस कैंप पर हुए हमले में 30 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हमला होने के बाद मंगलवार रात में ही जम्मू कश्मीर रवाना हो गए। अमित शाह ने श्रीनगर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। बुधवार सुबह गृह मंत्री पहलगाम पहुंचे, जहां उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दौरान पीड़ित परिजनों से भी मिले। पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना सऊदी अरब का अहम दौरा बीच में ही छोड़कर भारत वापस लौट आए हैं। पीएम मोदी बुधवार सुबह नई दिल्ली पहुंचे और नई दिल्ली पहुंचते ही एयरपोर्ट पर ही उन्होंने शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे और बैठक में पीएम मोदी ने स्थिति की जानकारी ली।

## मालदा के सिकंदरपुर गांव में रात्रि पहरा दे रहे युवक की बेरहमी से हत्या; इंग्लिश बाजार में तनाव



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के इंग्लिश बाजार विधानसभा क्षेत्र के अमृत क्षेत्र के सिकंदरपुर में मंगलवार रात को पहला दे रहे दो युवकों पर कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना को लेकर ग्रामिणों में जबरदस्त हंगामा किया और पूरे इलाके को जाम कर दिया है। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल के साथ ही रैफ को उतारा गया है। मृतक की पहचान शिबू मंडल और घायल की पहचान सूर्य मंडल के रूप में हुई है।


जानकारी के मुताबिक वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए गांव के लोगों ने पहरा देने का निर्णय लिया था। मंगलवार रात को शिबू मंडल और सूर्य मंडल पहरा दे रहे थे। रात को बदमाशों ने उन पर हमला बोल दिया। धारदार हथियार से दोनों पर हमला बोल दिया। इसमें शिबू मंडल की मौत हो गई जबकि सूर्य मंडल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद सिकंदरपुर इलाके में भारी तनाव है। लोग सड़कों पर उतर आए और मालदा-मानिक चौक रास्ते को बंद कर दिया। तनाव को देखते हुए पुलिस ने भारी मात्रा में पुलिस बल और रैफ को उतार दिया है।

## न्यायपालिका के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का मामला, हाईकोर्ट ने महिला को सुनाई जेल की सजा

**मुंबई।** उच्च न्यायालय ने कहा कि अगर सोसाइटी की प्रबंध समिति को आवारा कुत्तों को खाना खिलाए जाने से नाराजगी है तो उन्हें नगर निगम को इसकी सूचना देनी चाहिए थी न कि खुद ही निवासी का उत्पीड़न करना चाहिए था। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक महिला को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराते हुए जेल की सजा सुनाई है। दरअसल दोषी महिला ने अदालत को डॉग माफिया बताया था। अदालत ने इसे

अपमानजनक मानते हुए कहा कि एक शिक्षित व्यक्ति से इस तरह की टिप्पणी बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस अद्वैत सेठना की पीठ ने विनीता श्रीनंदन को अदालत की अवमानना का दोषी मानते हुए एक सप्ताह साधारण जेल की सजा और 20 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाने का आदेश दिया। दरअसल नवी मुंबई की एक हाउसिंग सोसाइटी और सोसाइटी की एक निवासी लीला वर्मा के बीच विवाद हुआ था। इस विवाद के चलते लीला वर्मा ने उच्च न्यायालय का रुख किया और आरोप लगाया कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने के चलते हाउसिंग सोसाइटी की प्रबंध समिति द्वारा उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि अगर सोसाइटी की प्रबंध समिति को आवारा कुत्तों को खाना खिलाए जाने से नाराजगी है तो उन्हें नगर निगम को इसकी सूचना देनी चाहिए थी न कि खुद ही निवासी का उत्पीड़न करना चाहिए था। याचिकाकर्ता लीला वर्मा ने कहा कि कानून के तहत रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन को आवारा कुत्तों को अपने परिसर में खाना खिलाने की मंजूरी देनी चाहिए। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देश है कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने के लिए तय जगह होनी चाहिए। लीला वर्मा का कहना है कि जब उन्होंने प्रबंध समिति के सदस्यों को भेजे ईमेल में ये जानकारी दी तो सदस्यों ने जजों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की।

## रूस-यूक्रेन युद्ध विराम के प्रयास तेज, लंदन में बैठक करेंगे अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों के राजनयिक



**लंदन।** लंदन में ब्रिटेन, अमेरिका, यूरोपीय देशों और यूक्रेन के राजनयिक और रक्षा प्रमुख रूस-यूक्रेन युद्ध विराम को लेकर बैठक करेंगे।विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में युद्ध विराम कैसा हो सकता है और दीर्घ अवधि में शांति कैसे सुनिश्चित की जा सकती है इस पर चर्चा होगी।

रूस-यूक्रेन संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका समेत कई देश प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को लंदन में ब्रिटेन, अमेरिका, यूरोपीय देशों और यूक्रेन के राजनयिक और रक्षा प्रमुख शांति समझौते को लेकर बैठक करेंगे। ब्रिटिश रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा कि विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में युद्ध विराम कैसा हो सकता है और दीर्घ अवधि में शांति कैसे सुनिश्चित की जा सकती है इस पर चर्चा होगी। बैठक में यूक्रेन और रूस के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल कीथ केलॉग भी शामिल होंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि पेरिस वार्ता में शामिल होने वाले विदेश मंत्री मार्को रुबियो शेड्यूल संबंधी समस्या के कारण बैठक में नहीं आ पाएंगे। ब्रिटेन ने कहा कि रूस द्वारा अपने पड़ोसी पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद से तीन साल से अधिक समय से चल रही लड़ाई को रोकने के लिए राजनयिक प्रयासों के लिए यह एक महत्वपूर्ण समय है। ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि वार्ता अपने चरम पर पहुंच रही है और अगर दोनों पक्षों में से कोई भी शांति की ओर नहीं बढ़ता है तो अमेरिका इसे छोड़ सकता है। पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के इस सप्ताह फिर से मास्को आने की उम्मीद है। पश्चिमी विश्लेषकों का कहना है कि रूस शांति वार्ता को समाप्त करने की जल्दी में नहीं है, क्योंकि उसके पास युद्ध के मैदान की गति है और वह अधिक यूक्रेनी भूमि पर कब्जा करना चाहता है। यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के प्रवक्ता डेव पेरेस ने कहा कि गेंद रूस के पाले में है। अब समय आ गया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिखाएं कि वह शांति के बारे में गंभीर हैं।

## यूएस-इस्राइल-रूस-जर्मनी-इटली जैसे देशों ने दिया भारत का साथ; दुनियाभर के नेताओं ने की निंदा




**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की दुनिया भर के नेताओं ने कठोर शब्दों में निंदा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ-साथ इस्राइल, यूक्रेन, ईरान, अर्जेंटीना ने इस आतंकी हमले की भर्त्सना की है। जर्मनी और श्रीलंका ने भी आतकी हमले की निंदा की है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा दुनिया भर के नेताओं ने की है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन साआर समेत कई ने शोक जताया है। वहीं इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिथा- कश्मीर से बहुत परेशान करने वाली खबर आई है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है। हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भारत के अविश्वसनीय लोगों को हमारा पूरा समर्थन और गहरी सहानुभूति है। हमारी संवेदनाएं आप सभी के साथ हैं! वहीं भारत के दौरे पर आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा, उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में, हम इस देश और इसके लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हैं। इस भयावह हमले पर शोक जताते हुए हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की तरफ से जानकारी दी गई है और जैसे-जैसे और तथ्य सामने आ रहे हैं, उन्हें जानकारी दी जा रही है। हम पहले से ही जानते हैं कि दक्षिण कश्मीर के एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल पर हुए क्रूर आतंकवादी हमले में दर्जनों लोग मारे गए और इससे भी ज्यादा लोग घायल हुए। राष्ट्रपति ट्रंप जल्द से जल्द प्रधानमंत्री मोदी से बात करेंगे और मारे गए लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करेंगे और हमारी प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं और हमारे देश का समर्थन हमारे मित्र भारत के साथ है। आतंकवादियों की तरफ से की जाने वाली इस तरह की भयावह घटनाओं के कारण ही हममें से जो लोग दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए काम करते हैं, वे अपना मिशन जारी रखते हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। रूस दूतावास ने राष्ट्रपति पुतिन के हवाले से लिखा- कृपया पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दुखद परिणामों पर अपनी संवेदनाएं स्वीकार करें, जिसके शिकार नागरिक थे - कई देशों के नागरिक।

## तुर्किये में 6.2 तीव्रता के भूकंप के झटके, इस्तांबुल के पास मरमारा सागर में था केंद्र

**अंकारा।** तुर्किये में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.02 मापी गई। जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र (जीएफजेड) ने यह जानकारी दी। तुर्किये की समाचार एजेंसी अनादोलु के मुताबिक, देश के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने अपने सोशल मीडिया खाते पर एक पोस्ट में कहा, इस्तांबुल के पास मरमारा सागर में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी (एएफएडी) और हमारे संस्थानों की सभी टीमों ने भूकंप के जमीनी प्रभाव का जायजा लेना शुरू कर दिया है। छह फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके कुछ घंटों बाद एक और भूकंप आया, जिसने दक्षिणी और दक्षिण पूर्वी तुर्किये के 11 प्रांतों को तबाह कर दिया था।


## अमेरिकी हमलों के बीच हूती विद्रोहियों की इस्राइल को चुनौती, कई शहरों पर दागी मिसाइलें



**तेल अवीव।** हूतियों द्वारा इस्राइल के गाजा पर हमले के विरोध में लाल सागर इलाके में अतंरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया रहा है। इसी के चलते अमेरिका ने हूतियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया हुआ है, जिसमें कई बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर अमेरिका ने हवाई हमले किए। यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को इस्राइल पर मिसाइल हमला किया। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका द्वारा लगातार हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया जा रहा है। हूतियों के हमलों के चलते इस्राइल के हाइफा, क्रयोट और अन्य इलाकों में सायरन बज उठे, जिससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। इस्राइली सेना का कहना है कि हमले में किसी नुकसान की खबर नहीं है और संभवतः मिसाइलों को हवा में ही तबाह कर दिया गया।

हूतियों ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अमेरिका द्वारा हूतियों पर बीती 15 मार्च से ही हमले किए जा रहे हैं। इसके बावजूद हूती अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने भी अभी तक इस्राइल पर हूतियों के हमले को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है। हूतियों द्वारा इस्राइल के गाजा पर हमले के विरोध में लाल सागर इलाके में अतंरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया रहा है। इसी के चलते अमेरिका ने हूतियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया हुआ है, जिसमें कई बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर अमेरिका ने हवाई हमले किए। हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है। नवंबर 2023 से इस साल जनवरी तक हूतियों ने लाल सागर में 100 से अधिक व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया और दो जहाजों को डुबो दिया। इस दौरान चार नाविक मारे गए। इन हमलों के चलते लाल सागर इलाके में अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हुआ। हालांकि अमेरिका द्वारा हूतियों पर किए गए हमलों में कितने लोग मारे गए हैं और किन ठिकानों को निशाना बनाया गया है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। हूतियों द्वारा भी हमलों को लेकर ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

## टेस्ला के गिरते शेयरों से घबराए मस्क



**वॉशिंगटन।** टेस्ला के कई निवेशक भी शिकायत कर चुके हैं कि सरकार में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के तौर पर मस्क अपने बिजनेस पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। वेडबुश सिक्योरिटीज के डैन इवेस का कहना है कि यह सही दिशा में लिया गया कदम है। निवेशक भी चाहते हैं कि मस्क टेस्ला पर ध्यान दें। एलन मस्क ने कहा है कि वे मई से टेस्ला को ज्यादा समय देंगे। मस्क का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब पहली तिमाही में टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट आई है। टेस्ला को इन दिनों लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। मस्क के सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के तौर पर बड़ी संख्या में लोगों को नौकरी से निकालने से अमेरिका का एक बड़ा वर्ग मस्क से नाराज है। इसका सीधा असर टेस्ला पर पड़ रहा है। टेक्सास के ऑस्टिन में टेस्ला का मुख्यालय है। टेस्ला ने मंगलवार को बताया कि उनके मुनाफे में 71 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 40 करोड़ डॉलर रहा। यह अनुमानों से भी ज्यादा है। टेस्ला का राजस्व भी 9 प्रतिशत कम हुआ है और यह 19 अरब डॉलर है। टेस्ला को लेकर लोगों में इतनी नाराजगी है कि टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ की जा रही है। कंपनी को अपनी कारें बेचने में काफी परेशानी हो रही है। राष्ट्रपति ट्रंप भी सार्वजनिक तौर पर टेस्ला का समर्थन कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद हालात नहीं सुधरे हैं। यही वजह है कि अब मस्क ने खुद टेस्ला पर मई से फोकस करने और कंपनी को ज्यादा समय देने का एलान कर दिया है। टेस्ला के कई निवेशक भी शिकायत कर चुके हैं कि सरकार में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के तौर पर मस्क अपने बिजनेस पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। वेडबुश सिक्योरिटीज के डैन इवेस का कहना है कि यह सही दिशा में लिया गया कदम है।

## अब्रेगो गार्सिया निर्वासन मामले में ट्रंप प्रशासन को जज की फटकार, कहा- अदालती आदेशों की अनदेखी की जा रही

**न्यूयॉर्क।** 29 वर्षीय साल्वाडोर के नागरिक अब्रेगो गार्सिया को मैरीलैंड में गिरफ्तार कर निर्वासित कर दिया गया था। इस मामले में यूएस कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप प्रशासन अदालती आदेशों की अनदेखी कर रहा है और कानूनी प्रक्रिया में बाधा डाल रहा है।

अल सल्वाडोर के युवक अब्रेगो गार्सिया निर्वासन मामले में संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप प्रशासन अदालती आदेशों की अनदेखी कर रहा है और कानूनी प्रक्रिया में बाधा डाल रहा है। कोर्ट ने कहा कि अल साल्वाडोर की जेल से गलती से निर्वासित मैरीलैंड के युवक को मुक्त करने और उसे अमेरिका वापस भेजने के लिए उन्होंने जो भी कदम उठाए हैं, उनके बारे में जानकारी देने से इनकार करके ट्रंप प्रशासन बुरी नीयत से काम कर रहा है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश पाउला जिनिस ने कहा कि कई हफ्तों से प्रतिवादियों (ट्रंप प्रशासन) ने विशेषाधिकार के



अस्पष्ट और निराधार दावों की आड़ में शरण ली है। उन्हें खोज में बाधा डालने और इस अदालत के आदेशों के अनुपालन से बचने के लिए एक ढाल के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्हें पता है कि न्यायालय को विशेषाधिकार के किसी भी दावे का समर्थन करने के लिए विशिष्ट कानूनी और तथ्यात्मक प्रदर्शन की आवश्यकता है। फिर भी उन्होंने बॉयलरप्लेट दावों पर भरोसा करना जारी रखा है। वह अब समाप्त होता है। उन्होंने प्रशासन को विवरण उपलब्ध कराने के लिए बुधवार शाम छह बजे तक का समय दिया है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने लगभग दो सप्ताह पहले ट्रंप प्रशासन को साल्वाडोरन जेल से किल्मर अब्रेगो गार्सिया की अमेरिका वापसी का आदेश दिया था। व्हाइट हाउस ने इस दावे को खारिज कर दिया था कि गलती से उसे निर्वासित करने के बाद वह उसे वापस नहीं लाया सका। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि यह अल सल्वाडोर पर निर्भर है। हालांकि अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति ने भी कहा है कि उनके पास अब्रेगो गार्सिया को वापस करने की शक्ति नहीं है। ट्रंप प्रशासन ने यह भी तर्क दिया है कि अब्रेगो गार्सिया को वापस करने के लिए उसने जो भी कदम उठाए हैं या उठा सकता है, उसके बारे में जानकारी अटॉर्नी-क्लाइंट विशेषाधिकार कानूनों, राज्य गुप्त कानूनों, सामान्य सरकारी विशेषाधिकार या अन्य गोपनीयता नियमों द्वारा संरक्षित है। वहीं जज जिनिस ने कहा कि बिना किसी तथ्य के उन दावों ने खोज दायित्वों का पालन करने से जानबूझकर और बुरे विश्वास से इनकार को दर्शाया है। यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप प्रशासन को निर्वासन मामलों के प्रति अपने दृष्टिकोण पर संघीय न्यायाधीश से तीखे आदेश का सामना करना पड़ा है।

## पहलगाम आतंकी हमले पर जताया आक्रोश, पाकिस्तान पर कठोर कार्यवाही की मांग

**प्रयागराज।** नमस्ते भारत परिवार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा किए गए 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना की कड़ी निंदा की। संयोजक नरेंद्र खेड़ा ने कहा कि पाकिस्तान से सारे संबंध तोड़कर घटना का केंद्र सरकार मुंहतोड़ जवाब दे। उन्होंने कहा कि यह हमला मानवता व भारतीय सहिष्णुता, संस्कृति, सभ्यता जो आपसी भाईचारे का पाठ सिखाती है को शर्मसार कर भारत की प्रभुता को चुनौती है। भारत को ऐसा कठोर कदम उठाना चाहिए आतंकवाद कभी सर ना उठा सके। संस्था के पदाधिकारियों ने एक स्वर में प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से जल्द से जल्द कठोर कदम उठाने की मांग की। आक्रोश व्यक्त करने वाले में संरक्षक कादिर भाई, हिमांशु निक्की गुप्ता, मनोज गुप्ता (गायक), भाजपा नेता सरदार अमरजीत सिंह, अतुल केसरवानी,पीयूष जायसवाल, गुलशन अरोरा, अंकुर रस्तोगी, मुकेश टोटल, निरंकार विक्की साहू, सुनील केसरवानी, राकेश केसरवानी, उत्तम केसरवानी आदि मौजूद रहे।

## बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**प्रयागराज।** राजकीय बालिका गृह, खुल्दाबाद में बुधवार को माननीय किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में 15 दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बलराम महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर शाह आलम व उनके सहयोगियों द्वारा नारी निकेतन व बालिका गृह की बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बागवानी के बारे में बताया गया। दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा समस्त बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधीक्षिका नीतू सिंह , रूबी मेराज आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

## पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला एक नृशंस और अमानवीय



**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला कार्यालय पर आजमगढ़ सदर के जिलाध्यक्ष धुरुव कुमार सिंह की अध्यक्षता में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि मंगलवार को पहलगाम में हुआ कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है। उन्होंने निर्दोष पर्यटकों पर हुए इस हमले को अक्षम्य बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्रद्धांजलि सभा में श्रीकृष्ण पाल, जयनाथ सिंह, घनश्याम पटेल, प्रेम प्रकाश राय, सचिदानंद सिंह, हरिवंश मिश्रा, विभा बर्नवाल, आनंद सिंह, विनय प्रकाश गुप्ता, प्रवीण सिंह, विवेक निषाद, रमेश सैनी, राजीव शुक्ला, मृगांक शेखर सिन्हा, अवनीश चतुर्वेदी, बाबूराम चौहान, अभिनव श्रीवास्तव, शोभित श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पहलगाम हमले का चौतरफा विरोध

### हिंदू-मुस्लिम युवाओं ने एकजुट होकर फूंका आतंकवाद का पुतला, अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांध कर किया प्रदर्शन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। सिविल लाइंस इलाके में मुस्लिम युवाओं ने आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद खत्म करो के नारे लगाए। उधर अधिवक्ताओं ने भी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया।

सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल पर विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन करते हुए मुस्लिम युवाओं ने कहा कि आतंकवाद किसी धर्म का नहीं होता। उन्होंने सरकार से पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अब सिर्फ निंदा नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई का समय है।

हिंदू नवयुवक और अधिवक्ता भी सड़कों पर उतरे। उन्होंने कहा कि यह हमला पूरे भारत पर हमला है। युवाओं ने आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की मांग की। दोनों समुदायों के लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई। प्रदर्शन के दौरान पुलिस मौके पर तैनात रही। प्रशासन ने बताया कि शहर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।जनपद न्यायालय परिसर में अधिवक्ता अनुराग त्रिपाठी के नेतृत्व में वकीलों ने प्रदर्शन किया। वकीलों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। साथ ही आतंकवाद का पुतला दहन भी किया। अधिवक्ताओं ने इस घटना को निंदनीय और दुखद बताया। उन्होंने कहा कि एक विशेष धर्म के लोगों को निशाना बनाकर की गई यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन और अनुच्छेद 370 व 35 हटने के बाद ऐसी घटनाएं कम हो गई थीं। लेकिन अब्दुल्ला जैसे नेताओं के सत्ता में आने के बाद आतंकवाद को फिर बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बंगाल की हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदू समाज पहले से ही व्यथित है। पहलगाम की यह घटना सोचने पर मजबूर कर रही है। आतंकवाद का कोई चेहरा नहीं होता, लेकिन इसका स्वरूप बार-बार एक ही दिशा में इशारा करता है। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही सरकार से दोषियों को कड़ी सजा देने की अपील की।

## आतंकवादियों को गोली का जवाब गोले से दो : राजेश केसरवानी



पाक आतंकवादियों के द्वारा पहलगाम कश्मीर में हिंन्दु पर्यटकों पर आत्मघाती हमला कर हत्या किए जाने पर अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के द्वारा मुट्ठीगंज चौराहे पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आंतकवाद का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन करते हुए श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने कहा कि आतंकवादियों के द्वारा हिन्दू पर्यटकों की हत्या देश बर्दाश्त नहीं करने वाला है। उन आतंकवादियों को गोली का जवाब अब गोले से दिया जाए और देश के अंदर पाकिस्तानी आंतकवादियों को पनाह देने वाले को अब इसराइल की तरह जवाब दिया जाए तभी हम आतंकवाद पर काबू पाया जा सकेगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विजय वैश्य ने कहा कि आतंकवादियों के द्वारा पर्यटकों को हिंदू धर्म के नाम पर मारा गया जिसकी में निंदा करता हूं। आतंकवादियों का समूल नाश किया जाए सरकार से मांग करता हूं। पुतला दहन करने वालों में विजय वैश्य, अभिलाष केसरवानी, किशन जायसवाल, नीरज केसरवानी, शत्रुघन जायसवाल, मुकेश जोशी, पारस केसरवानी, अजय अग्रहरि, अतुल खन्ना, कन्हैया लाल गुप्ता, विकास चौरसिया, धीरज केसरवानी, लवकुश केसरवानी, मधुर माथुर, सुनील केसरवानी, एवं मुट्ठीगंज के सैकड़ो व्यापारी रहे।

# पीयू में पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि




**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सरस्वती सदन में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने शोक सभा का आयोजन किया, दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने इस हमले की कड़ी निंदा की। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इस घटना से पूरे देशवासियों को गहरा दुःख हुआ है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह, डीआर अमृत लाल, बबिता सिंह, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. राकेश यादव, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव समेत अन्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा भी श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम किया गया। इसके साथ ही संकाय भवन से विश्वविद्यालय गेट तक शांति मार्च निकला गया। शांति मार्च में शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए और घटना की निंदा की।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शशिकांत यादव ने किया। शांति मार्च में प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. राम नारायण, डॉ. एस पी तिवारी, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ सुनील कुमार, डॉ. अवधेश मौर्य, डॉ. नितेश जायसवाल, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. अश्वनी कुमार यादव एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुई।

## भाजपा विधायक सपा प्रत्याशी को जिताने में लगे रहे : डा. मनोज सोमवंशी

**जौनपुर।** बदलापुर विधानसभा क्षेत्र से एक राजनीतिक विवाद सामने आया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य पति और भाजपा नेता डॉ. मनोज सोमवंशी ने अपनी ही पार्टी के विधायक पर कई आरोप लगाए हैं। सोमवंशी के अनुसार, विधायक ने समाजवादी पार्टी की ब्लॉक प्रमुख आशा यादव का समर्थन कर पार्टी विरोधी कार्य किया है। भाजपा प्रत्याशी ज्योति सिंह के पक्ष में लाया गया अविश्वास प्रस्ताव विफल हो गया। विधायक ने प्रशासनिक शक्ति का दुरुपयोग कर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को धमकाया। प्रेसवार्ता में सोमवंशी ने विधायक पर योगी सरकार की नीतियों का विरोध करने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विधायक के असामाजिक लोग आम जनता को मुकदमों की धमकी देते हैं।

## आयुष श्रीवास्तव ने जेसिज चौराहे पर बने अस्थाई पुलिस बूथ/ कनात टेन्ट का किया गया उद्घाटन



**जौनपुर।** आयुष श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के द्वारा जेसिज चौराहे पर बने अस्थाई पुलिस बूथ/ कनात टेन्ट का किया गया उद्घाटन। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में यातायात पुलिस के लिए गर्मी व धूप/हीट वेब के बचाव हेतु अस्थाई पुलिस बूथ/ कनात टेन्ट को शहर के जेसिज चौराहे लगाया गया। जिसमें शीतल पेय के लिये घड़े व पानी की भी व्यवस्था की गई है। अस्थाई पुलिस बूथ/ कनात टेन्ट का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक नगर, आयुष श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्रा, अन्य अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य उपस्थित रहे।जौनपुर शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर यातायात व्यवस्था ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण हेतु गर्मी/ हीट वेब से बचाव के लिये शहर के निम्नलिखित 10 प्रमुख चौराहों/तिराहों का चिन्हिकरण किया गया है। जहाँ पर अस्थायी कनात टेन्ट लगानें तथा वहाँ पर शीतल पेय के लिये सुराही (स्टैन्ड व मग सहित) की व्यवस्था करायी जायेगी। आज जेसिज चौराहे पर अस्थाई पुलिस बूथ/ कनात टेन्ट को लगाया गया है, शेष 09 चौराहों पर भी इनको लगाये जाने का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा।

# मंडलायुक्त ने किया विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** मंडलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में आज मंडलायुक्त सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर (विकास कार्यों से संबंधित) डायनामिक फार्मूला के अनुसार रैंकिंग,ग्रेडिंग की समीक्षा बैठक की गई। आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने मंडल स्तर के अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित समय से करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के साथ ही संबंधित व्यक्तियों से संतुष्टि का फीडबैक भी लेना सुनिश्चित करें, ताकि वह पुनः शिकायत ना करें। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें प्राप्त होती हैं, उसका तत्काल उसी दिन संबंधित अधिकारी को प्रेषित कर दिया जाए। आईजीआरएस शिकायतों को निस्तारण में प्रदेश में आठवीं रैंक प्राप्त होने पर जिलाधिकारी बलिया द्वारा कैसे शिकायतों का निस्तारण कर ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार किया गया, इसके संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

मंडलायुक्त विवेक ने मुख्य अभियंता विद्युत को दैनिक विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक दिन पोर्टल पर अपडेट करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा कि रोड रेस्टोरेशन कार्य की पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को कार्यों की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु लगातार निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से समन्वय स्थापित कर नगर पंचायत एवं नगर निकायों में फैमिली आईडी को शत प्रतिशत बनाकर रैंकिंग एवं ग्रेडिंग को बनाए रखने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने पर्यटन विभाग की रैंकिंग में गिरावट पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने शासनादेश में दी गई गाइडलाइन का अनुपालन न करने एवं कार्य में लगातार लापरवाही करने पर पर्यटन सूचना अधिकारी आजमगढ़ का वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि किसी भी विभाग के अधिकारी को 03 बार स्पष्टीकरण देने के बाद विभागीय कार्यवाही हेतु शासन को संस्तुति कर दी जायेगी। उन्होंने बीएसए को मिड डे मील की गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं ग्राम प्रधानों, शिक्षामित्र, आंगनवाड़ी, आशा बहू के माध्यम से छात्रों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए। श्री विवेक ने समाज कल्याण विभाग को पूर्व दशमध्दशमोत्तर छात्रवृत्ति, सामूहिक विवाह योजना में पंजीकरण बढ़ाने एवं खंड विकास अधिकारी के माध्यम से प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने गर्भवती महिलाओं का जांच, टीकाकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि टीकाकरण कराने के प्रति उदासीन क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर टीकाकरण के प्रति प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर टीकाकरण बढ़ाने के निर्देश दिए।

# पत्रकार कुँवर यशवंत सिंह का निधन परिजन व क्षेत्र में शोक का माहौल

**अवधनामा संवाददाता**

**खेतासराय (जौनपुर)** जिले के वरिष्ठ पत्रकार डॉ कुँवर यशवंत सिंह का बुधवार की प्रातः निधन हो गया। उन्होंने अपने पैतृक गांव पोरईखुर्द में अंतिम सांस ली। वह क़रीब अस्सी वर्ष के थे। निधन की ख़बर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों ने आवास पहुँचकर शोक संवेदना प्रकट की। पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वह विकास खण्ड सोंधी में 1974 से 1984 तक नायब ब्लॉक प्रमुख रहे। कई शिक्षण संस्थानों में संस्थापक सदस्य के अलावा श्रमजीवी पत्रकार संघ के संरक्षक भी रहे। उनका अंतिम संस्कार देर शाम खुटहन के पिलकिछा घाट पर किया गया। मुख्यग्नि बड़े बेटे अजय सिंह ने दिया। उन्होंने अपने पीछे दो बेटे और एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ दिया।

निधन की खबर लगते ही काफी संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, पत्रकार व जनप्रतिनिधि आवास पहुँचकर शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वाले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख ईश नारायण यादव, पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव, प्रधान इस्रायल, कृपा शंकर राजभर, इंद्रेश राजभर, मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, अनिल कुमार उपाध्याय समेत दर्जनों लोगों ने शोक व्यक्त किया। उधर पत्रकारों ने नगर में शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार राममूर्ति यादव, इंद्रजीत सिंह मौर्य, यूसुफ खान, आनंद सिंह, सय्यद तारिक़, अज़ीम सिद्दीकी, हाजी जियाउद्दीन, श्याम चन्द्र यादव, विवेक श्रीवास्तव, सुरेश प्रजापति, मो फ़हीम, राकेश शर्मा, मो अरशद, अजय श्रीवास्तव, जीशान सिद्दीकी, औरंगजेब समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## रानी रेवती देवी के पूर्व छात्र आलोक सिंह का सिविल सेवा में चयन

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज के पूर्व छात्र आलोक सिंह का ऑल इंडिया रैंक 207 (सिविल सेवा) आई.ए.एस. में चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय तथा समस्त आचार्य परिवार एवं प्रबंध समिति ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि आलोक सिंह ने रानी रेवती देवी से 2011 में 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करके आईआईटी गांधीनगर से 2012 से 16 तक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया तत्पश्चात 2016 से 2020 तक भारत पैट्रोलियम बीपीसीएल में नौकरी की और 2020 में अपनी नौकरी से त्यागपत्र देकर के सिविल सेवा की तैयारी में जुट गए। 2022 में पी.सी.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण करके एसडीएम के पद पर चयनित हुए। इनके पिता प्रभाकर सिंह 2023 में कानूनगो के पद से सेवा निवृत हुए इनकी माता गृहिणी है तथा इनकी बड़ी बहन एम.एन.सी. बेंगलुरु में और छोटी बहन केजीएमयू में नर्सिंग ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं। यह अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता एवं परिवार को देते हैं।

## प्रयास सामाजिक संगठन बजरंग आश्रम पर शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ

**आजमगढ़।** प्रयास सामाजिक संगठन चित्रकूट इकाई द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए देवांगना के बजरंग आश्रम पर शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। आश्रम के महंत गणेश दास जी महाराज तथा सीताराम जी द्वारा विधवत पूजन अर्चन करके इसकी शुरुआत की गई तथा तमाम आने जाने वालों को मिष्ठान खिला करके शीतल जल पिलाया गया। - प्रयास चित्रकूट इकाई के अध्यक्ष धनी दास महाराज ने बताया कि प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है, प्रयास संगठन इस तरीके के मटके वाले जल को जगह-जगह स्थापित करने का प्रयास करेगा ताकि इस भीषण गर्मी में राहगीरों दर्शनार्थियों को राहत मिल सके। -इस अवसर पर रामकेश यादव, डॉ वीरेंद्र पाठक, रणजीत सिंह, राहुल मिश्रा,शुभम साहू, शिखा पाठक, ऊषा पाठक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 273/न0पं0धौ0/ई-निविदा/2024-25 — दिनांक- 21 अप्रैल, 2025

## ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में नगर पंचायत धौरहरा को राज्य वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित/स्वीकृत निर्माण कार्य कराने के लिए ई-टेण्टर पोर्टल के माध्यम से दिनांक - 22.04.2025 से दिनांक - 14.05.2025 को समय अपराह्न 12:00 बजे तक आनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिनके निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो निर्धारित समयान्तर्गत डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है, तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक- 15.05.2025 को समय अपराह्न 03:00 बजे टेण्डर कमेटी द्वारा खोला जायेगा उक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश पड़ने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।

**नोट-** कार्य का विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित आवश्यक नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**



# कार्यालय जिला पंचायत बदायूँ।

पंत्राक :- 13/जि0प0/नि0अनु0/2025-26 — दिनांक : 23-04-2025

## सामान्य निविदा सूचना

उ0प्र0 शासन के आदेश सं0 05/2019/2902/33-2-2019-167जी/2018 दिनाक 16 अगस्त 2019 व शासनादेश सं0 1129/33-2-2020-167जी/2018 दिनांक 03 जून 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त जिला पंचायत में पजीकृत ठेकेदारों, लो0नि0वि0 एवं सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवा वित्त आयोग (टाइड) अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कार्ययोजना में स्वीकृत 05 कार्यों की निविदाये दिनांक 08.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक बन्द लिफाफे में आमन्त्रित की जाती हैं जो इसी दिनांक 08.05.2025 को दोपहर 02:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत बदायूँ में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 08.05.2025 समय 11.00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा शुल्क की धनराशि फार्म-5 आर0टी0जी0एस0 (RTGS)/ एन0ई0एफ0टी0 (NEFT) के माध्यम से जिला निधि के खाता सं0 09830100009167 आई0एफ0एस0सी0 कोड BARB0BADAUN में जमा करना अनिवार्य होगा और जमा निविदा शुल्क की युनिक नम्बर रसीद व 2% (दो प्रतिशत) धरोहर (जमानत) धनराशि की एफ0डी0आर0 जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो के साथ- 2 जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र आयकर व ठेकेदारी का नवीनीकरण/पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर निविदा प्रपत्र के साथ लगाना अनिवार्य है। किसी भी निविदा पर बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा। सशर्त प्राप्त निविदा तथा नियत तिथि व समय उपरान्त कोई भी वाद व प्रार्थना पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी BUDAUN.NIC.IN पर भी देखा जा सकता है। विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | क्षेत्र पंचायत का नाम | कार्य का नाम | अनु.धनराशि (रू. में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पंचम राज्य वित्त | | | | |
| 1 | मुख्यालय | जिला पंचायत आवासीय कालोनी में आवास संख्या 4 का अनुरक्षण मरम्मत एव रंगाई पुताई कार्य | 338997 | 6800 | 1200 | 2 माह |
| | | पन्द्रहवां वित्त आयोग टाइड | | | | |
| 2 | दहगवॉ | ग्राम धर्मपुर टपपा वैश्य पुराने नाले से तालाब की ओर नाला निर्माण | 757675 | 15200 | 1200 | 2 माह |
| 3 | जगत | ग्राम खरखोली बुजुर्ग में मुनीश पंडित जी के घर से तालाब तक नाला निर्माण | 519874 | 10400 | 1200 | 2 माह |
| 4 | उझानी | संजरपुर बालजीत टंकी के पास से पुलिया तक अवशेष नाला निर्माण कार्य। | 298822 | 6000 | | |
| 5 | कादरचौक | ग्राम ककोड़ा में अमृत सरोवर का कटाव अनुरक्षण कार्य (2023-24पु0) | 175506 | 3600 | 1200 | 2 माह |

**नोट-** (1) जिला पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों, लो0नि0वि0 एवं सिचाई विभागों में पजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र 1, 2 व 3 प्रमुख सचिव पंचायतीराज अनु0-2 के पंत्राक 819/33-2-2007-100 जी/2006 दिनांक 10 अप्रैल 2007 के अनुसार वैध होना अनिवार्य है।
(2) कार्यों के अनुबन्ध आदि की कार्यवाही सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त एव धनराशि की उपलब्धतानुसार ही किया जायेगा।
(3) निर्माण कार्यों में जी0एस0टी0 का भुगतान पृथक से देय होगा। जो कार्यों के प्रांक्कलन में पृथक से नियमानुसार लगायी गयी है।

**(मासूम रजा)**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बदायूँ**

**(दिनेश प्रताप सिंह)**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बदायूँ**

**(वर्षा सिंह)**
**अध्यक्ष**
**जिला पंचायत, बदायूँ**

# शेयर बाजार लगातार सातवें दिन बढ़त के साथ बंद, सेंसेक्स 521 अंक चढ़ा, निफ्टी 24300 पार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 520.90 (0.65%) अंकों की बढ़त के साथ 80,116.49 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 161.71 (0.67%) अंक मजबूत होकर 24,328.95 पर बंद हुआ। आइए जानते हैं बुधवार को कैसी रही शेयर बाजार की चाल।

शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक लगातार सातवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान, आईटी और ऑटो शेयरों में मजबूत बढ़त के कारण बेंचमार्क सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 520 अंक उछलकर चार महीने में पहली बार 80,000 के ऊपर पहुंच गया।

30 शेयरों वाला सेंसेक्स 520.90 अंक या 0.65 प्रतिशत बढ़कर 80,116.49 अंक पर बंद हुआ जो 18 दिसंबर के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। दिन में कारोबार के दौरान यह 658.96 अंक या 0.82 प्रतिशत बढ़कर 80,254.55 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 161.70 अंक या 0.67 प्रतिशत बढ़कर

**सूचकांक**

**शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक लगातार सातवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए।**

24,328.95 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी पूंजी प्रवाह और सकारात्मक वैश्विक रुझानों के बाद बाजार में खरीदारी बढ़ी।

**एचसीएल टेक में सबसे अधिक बढ़त**

सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक में सबसे अधिक 7.72 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। कंपनी ने मार्च तिमाही 2024-25 के लिए समेकित शुद्ध लाभ 8.1 प्रतिशत बढ़कर 4,307 करोड़ रुपये होने की जानकारी दी है। कंपनी के अनुसार, उसे मुख्य रूप से लगभग 25,500 करोड़ रुपये के कुल



अनुबंध मूल्य वाले बड़े सौदों के कारण फायदा हुआ।

टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और मारुति भी प्रमुख लाभ में रहीं। बैंकिंग शेयरों में हालिया बढ़त के बाद बिकवाली दिखी। एचडीएफसी बैंक का शेयर 1.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ सेंसेक्स के शेयरों में सबसे अधिक नुकसान उठाने वाला शेयर रहा।

**एशियाई शेयरों में दिखा मिला-जुला रुख**

कोटक महिन्द्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट भी पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक, टोक्यो का निक्केई 225 और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। शंघाई एसएसई कंपोजिट मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

यूरोप के बाजार काफी तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में जोरदार उछाल आया। नैस्डैक कंपोजिट में 2.71 प्रतिशत की तेजी आई, डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 2.66 प्रतिशत की उछाल आई और एसएंडपी 500 में 2.51 प्रतिशत की तेजी आई। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,290.43 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी।

**वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में दिखी मुनाफावसूली**

जानकारों के अनुसार, भारतीय इक्विटी बाजार ने बुधवार को अपनी सकारात्मक गति बनाए रखी। इस पर बेहतर तिमाही परिणामों का असर दिखा। हालांकि, हाल की तेज रैली के बाद वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में मुनाफावसूली दिखी।

# पेटीएम मनी ने पे लेटर (एमटीएफ) के लिए ब्याज दरों में कटौती और संशोधित ब्रोकरेज की घोषणा की

**नई दिल्ली।** पेटीएम मनी, जो कि वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और एक अग्रणी वेल्थ-टेक प्लेटफॉर्म है जो टेक्नोलॉजी-फर्स्ट दृष्टिकोण के ज़रिए संपत्ति प्रबंधन और इक्विटी निवेश को सरल बनाता है, ने आज अपने हाल ही में लॉन्च किए गए पे लेटर (एमटीएफ मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी) ऑफरिंग के लिए नई किफायती ब्याज दरों और ब्रोकरेज संरचना की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य खुदरा और उच्च-मूल्य के निवेशकों के लिए निवेश को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है।

नई स्लैब-बेस्ड ब्याज दरें 9.75% प्रतिवर्ष से शुरू होती हैं, जो कि पहले की 14.99% प्रतिवर्ष की स्थिर दर से कम हैं। यह दरें फंडिंग बुक साइज़ के आधार पर तय की गई हैं। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म ने प्रति ट्रेड 0.1% का संशोधित ब्रोकरेज भी लागू किया है, जो किफायत और प्लेटफॉर्म की स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखता है।

अब खुदरा निवेशक 9.75% प्रतिवर्ष की अग्रणी इंडस्ट्री दर पर पे लेटर (एमटीएफ) का लाभ ले सकते हैं, जिससे वे अधिक सस्ती ट्रेडिंग की शुरुआत कर सकते हैं। साथ ही, 25 लाख से अधिक की फंडिंग बुक साइज़ वाले हाई-वैल्यू ट्रेडर्स को भी 9.75% प्रतिवर्ष की समान ब्याज दर का लाभ मिलेगा, जिससे ज़्यादा ट्रेडिंग गतिविधि और गहरा जुड़ाव प्रोत्साहित होगा। 1 लाख से 25 लाख के बुक साइज़ वाले निवेशकों के लिए 14.99% प्रतिवर्ष की ब्याज दर लागू होगी।

ब्याज दरों में कमी के चलते शुरुआती स्तर के निवेशक भी अब एमटीएफ को एक्सप्लोर कर सकते हैं, जिससे मार्जिन ट्रेडिंग और अधिक सुलभ होगी। यह कदम ऐसे समय पर आया है जब खुदरा और बड़े पैमाने पर ट्रेड करने वाले निवेशक स्मार्ट और लचीले तरीकों से बाज़ार के अवसरों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। मार्जिन-आधारित उत्पादों में बढ़ती रुचि को देखते हुए, पेटीएम मनी का नया एमटीएफ ऑफर निवेश की लागत, पारदर्शिता और पहुंच जैसे मुख्य उपभोक्ता चिंताओं को दूर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह नई ब्याज दर संरचना निवेशकों को लागत पर बेहतर नियंत्रण और निष्पक्ष मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करती है।

पेटीएम मनी के प्रवक्ता ने कहा, ÷हम भारत में संपत्ति प्रबंधन को लोकतांत्रिक बनाने के अपने मिशन के तहत निवेशक-अनुकूल समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किफायती ब्याज दरों के ज़रिए हम आशा करते हैं कि अधिक से अधिक निवेशक अपनी संपत्ति निर्माण यात्रा शुरू कर पाएंगे, जबकि नया ब्रोकरेज मॉडल निष्पक्ष मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करता है और प्लेटफॉर्म की दीर्घकालिक स्थिरता को समर्थन देता है।÷

संशोधित ब्याज दरें 18 अप्रैल, 2025 से लागू होंगी जबकि प्रति ट्रेड 0.1त्न का नया ब्रोकरेज 18 मई, 2025 से प्रभाव में आएगा।

# ऑप्टिमस ने रक्षा क्षेत्र के लिए अगली पीढ़ी की टेक्नोलॉजी पेश की, उत्पाद पोर्टफोलियो में 4 नए ड्रोन लांच किए

**नई दिल्ली।** भारत की रक्षा क्षमता बढ़ाने और मेक इन इंडिया विजन में सहयोग करने के प्रयास के तहत भारत के अग्रणी दूरसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण समूह ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स (ओयूएस) ने चार उन्नत ड्रोन लांच करने की आज घोषणा की। ऑप्टिकल फाइबर केबल आधारित निगरानी क्षमता के साथ ये ड्रोन- मारक वीटी100, वज्र क्यूसी55, कैनिस्टर लांच्ड लॉइटरिंग म्यूनिशन और फर्स्ट पर्सन व्यू (एफपीवी) रक्षा, निगरानी और टोह लेने के व्यापक क्षेत्र के लिए समाधान प्रस्तुत कर मानवरहित एरियल टेक्नोलॉजी में नवीनतम हैं। इन ड्रोन्स को यशोभूमि द्वारका कनवेंशन सेंटर में मिलिपोल इंडिया एक्जिबिशन 2025 में प्रदर्शित किया जा रहा है।

**मारक वीटी100:** अधिक ऊंचाई पर सक्षम यह वीटीओएल (वर्टिकल टेक-ऑफ व लैंडिंग) ड्रोन एक एडवांस 30एक्स



ईओआईआर (इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल एंड इंफ्रारेड इमेजिंग) कैमरा से युक्त है जिससे हाई रिजोल्यूशन के साथ दिन और रात दोनों में ही निगरानी संभव है। इसकी वीटीओएल क्षमता बिना दौड़े भागे सीमित क्षेत्र में परिचालन सुगम बनाती है। यह ड्रोन तीन घंटे की सहनशक्ति के साथ 20 किलोमीटर की रेंज की पेशकश करता है। उपकरण के साथ इसकी रेंज 50 किलोमीटर तक बढ़ाई जा सकती है।

**वज्र क्यूसी55:** उन्नत हवाई निगरानी के लिए डिजाइन यह मल्टीरोटर ड्रोन,दिन और रात के दौरान हाई रिजोल्यूशन दृश्यों को कैद करने के लिए ईओआईआर कैमरा से युक्त है। इसकी वर्टिकल लिफ्ट क्षमता सख्त और सुदूर क्षेत्रों में इसे तुरंत लांच करने और नीचे लाने में सुगम बनाती है। यह ड्रोन 10 किलोमीटर तक की दूरी कवर कर सकता है और 80 मिनट से अधिक समय तक हवा में रह सकता है। महत्वपूर्ण ऑपरेशन के दौरान त्वरित निर्णय करने के लिए यह रीयल टाइम इमेजिंग और एआई एनालिटिक्स से लैस है। निगरानी, टोह लेने और त्वरित कार्रवाई के लिए यह एक प्रभावी टूल है।

कैनिस्टर लांच्ड लॉइटरिंग म्यूनिशनः तीस मिनट की सहनशीलता के साथ यह एक उच्च निष्पादन वाला अटैक ड्रोन है जिसमें 2.5 किलोग्राम का पेलोड है और 30 किलोमीटर की कमांड एंड कंट्रोल रेंज इसे 130 किलोमीटर प्रति घंटे की लॉइटर की गति और 150 किलोमीटर प्रति घंटे की स्प्रिंट की गति में पहुंचाने में सक्षम है। एक स्थिर इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इंफ्रा-रेड गिंबाल्ड पेलोड, एआई चालित ट्रैकिंग और प्रॉपराइटरी फ्लाइट कंट्रोल से युक्त यह दृष्टि रेखा से परे जाकर लक्ष्य साधने में सहयोग करता है।

## रेपो रेट में कटौती से निजी खपत बढ़ेगी, एमपीसी के दौरान आरबीआई गवर्नर ने की थी टिप्पणी, मिनट्स जारी



**नई दिल्ली।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने नौ अप्रैल को अल्पकालिक उधारी दर यानी रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे छह प्रतिशत कर दिया था। फरवरी में भी इतनी कटौती की गई थी। इससे जुड़े मिनट्स केंद्रीय बैंक ने जारी कर दिए हैं। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

नीतिगत दरों में कटौती से निजी खपत को बढ़ावा मिलेगा और निजी कॉरपोरेट निवेश में सुधार होगा। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में यह बात कही। इस दौरान मल्होत्रा और एमपीसी के पांच अन्य सदस्यों ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत कटौती के पक्ष में मतदान किया था।

गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने नौ अप्रैल को अल्पकालिक उधारी दर यानी रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे छह प्रतिशत कर दिया था। फरवरी में भी इतनी कटौती की गई थी।

आरबीआई ने बुधवार को एमपीसी बैठक का ब्योरा जारी किया। इसमें कहा गया है, जब उपभोक्ता कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति निर्णायक रूप से चार प्रतिशत के अपने लक्षित स्तर के आसपास है और वृद्धि अभी भी सामान्य है तथा इसमें सुधार हो रहा है, तो ऐसे में मौद्रिक नीति को वृद्धि की गति तेज करने के लिए घरेलू मांग को समर्थन देना चाहिए।

मल्होत्रा ने बैठक में कहा कि इससे निजी खपत बढ़ेगी और निजी कॉरपोरेट निवेश में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि वृद्धि-मुद्रास्फीति के उभरते रुझानों को देखते हुए आगे भी मौद्रिक नीति को उदार होना चाहिए। एमपीसी की अगली बैठक चार-छह जून, 2025 को होनी है।

## डीएस ग्रुप ने हासिल किया 10,000 करोड़ का ऐतिहासिक राजस्व

**नई दिल्ली।** अग्रणी एफएमसीजी समूह और बहुव्यवसायी कॉर्पोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10,000 करोड़ के ऐतिहासिक राजस्व को पार कर लिया है, जिससे यह भारत की शीर्ष 15 एफएमसीजी कंपनियों में शामिल हो गया है। इस उपलब्धि में सबसे बड़ा योगदान खाद्य एवं पेय सेगमेंट का रहा, जो कुल राजस्व का 42त्न है। इसके बाद माउथ फ्रेशनर सेगमेंट 38त्न, हॉस्पिटैलिटी 3त्न और अन्य व्यवसायों का संयुक्त योगदान रहा, जिसमें तंबाकू सेगमेंट का हिस्सा 10त्न से भी कम है। पिछले तीन वर्षों में डीएस ग्रुप ने 16त्न की सीएजीआर दर से सतत विकास किया है, जबकि एफएंडबी सेगमेंट ने 19त्न की सीएजीआर के साथ उल्लेखनीय प्रगति की है। यह वृद्धि पूरी तरह से ऑर्गेनिक रही है और इससे समूह की बाज़ार में नेतृत्वकारी स्थिति और विस्तार की प्रतिबद्धता प्रमाणित होती है। समूह के पास 150 से अधिक सुपर स्टॉकिस्ट, 5000+ वितरक, और 15 लाख से अधिक रिटेल दुकानों तक सीधी और 35 लाख से अधिक तक अप्रत्यक्ष पहुंच है। ई-कॉमर्स, क्विक कॉमर्स और आधुनिक ट्रेड को अपनाकर डीएस ग्रुप ने उपभोक्ता की बदलती जरूरतों को बखूबी समझा और अपनाया है। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों के साथ समूह उद्योग में अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है।डीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री राजीव कुमार ने इस अवसर पर कहा, 10,000 करोड़ का आंकड़ा पार करना सिर्फ एक वित्तीय उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत के विकास में हमारी अहम भूमिका का प्रतीक है। विविध उत्पाद पोर्टफोलियो, गुणवत्ता व नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और देश के सबसे बड़े वितरण नेटवर्क में से एक ने हमें एफएमसीजी क्षेत्र में अग्रणी बनाया है। उन्होंने आगे कहा, एफएंडबी सेगमेंट ने बीते तीन वर्षों में तीव्र वृद्धि दिखाई है और यह उपभोक्ताओं के विश्वास का प्रमाण है। हम अपने शताब्दी वर्ष तक 20,000 करोड़ के लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प रखते हैं। साथ ही, नवाचार, वितरण विस्तार और वैश्विक बाज़ार में पहुंच के माध्यम से भारत के एफएमसीजी क्षेत्र को और मजबूत करने का हमारा उद्देश्य है।

## नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की बड़े विस्तार की योजना नोकंट्रोल ब्रांड के तहत लॉन्च करेगा बेवरेज और एरेटेड ड्रिंक्स की विविधित रेंज

एनएसई और बीएसई लिस्टेड नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज जो प्रीमियम क्वालिटी टूटी फ्रूटी (कैंडिड फ्रूट्स), ड्राई फ्रूट्स और डिहाइड्रेटेड फ्रूट्स के निर्माण और निर्यात में संलग्न है, ने अब ड्रिंक्स और बेवरेज सेगमेंट में विस्तार की रणनीतिक घोषणा की है। कंपनी अब मिनरल वॉटर, एरेटेड ड्रिंक्स और नॉन-अल्कोहॉलिक बेवरेज जैसे उत्पादों को अपनी रेंज में शामिल करेगी। यह कदम कंपनी की उत्पाद विविधीकरण और बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी फूड एंड बेवरेज इंडस्ट्री में फलों, नट्स, बेकरी उत्पादों और विभिन्न कृषि उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण और व्यापार में सक्रिय है। इसके अलावा, कंपनी अपने नए बेवरेज उत्पादों को 'नोकंट्रोल' ब्रांड नाम से लॉन्च करेगी।

रणनीतिक रूप से नागपुर में स्थित अपने मुख्यालय के साथ–जिसे भौगोलिक रूप से भारत का हृदय माना जाता है–कंपनी को राष्ट्रव्यापी कुशल और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में लॉजिस्टिकल लाभ प्राप्त है। नाकोडा मिडिल ईस्ट और यूरोपीय देशों में एक प्रमुख निर्यातक है और दुनिया भर में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की आकांक्षा रखता है।

भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और प्रमुख जी 20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। भारत के फूड प्रोसेसिंग सेक्टर का बाजार आकार 2035 तक 1,100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

कंपनी के ब्लू-चिप ग्राहकों में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पारले एग्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, हल्दीराम्स आदि शामिल हैं।

## OPPO ने लॉन्च किया K13 5G 17,999 रुपये से शुरू होने वाला एक ओवरपावर्ड परफॉरमेंस स्मार्टफोन



**नई दिल्ली।** OPPO India ने OPPO K13 5G लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन पॉवर एफिशिएंसी और प्रीमियम यूजर अनुभव के साथ ओवरपावर्ड परफॉरमेंस प्रदान करता है। इसमें स्नैपड्रैगन 6 जेन 4 मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म के साथ 80W SUPERVOOC फ़ास्ट चार्जर और 7000mAh की ग्रेफाइट बैटरी दी गई है। यह सेगमेंट में सबसे ज़्यादा VC कूलिंग, 120H5 FHD+ AMOLED डिस्प्ले और इंटेलिजेंट नेटवर्क ऑप्टिमाइज़ेशन के साथ आता है, ताकि बेहतर मल्टीटास्किंग, दिलचस्प गेमिंग, लंबी बैटरी लाइफ़ और भरोसेमंद कनेक्टिविटी मिल सके। OPPO K13 5G उपयोगी इनोवेशन, आधुनिक इंजीनियरिंग एंड शानदार डिज़ाइन पेश करने की OPPO की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है, ताकि यह अपने सेगमेंट में सबसे बेहतर परफॉरमेंस प्रदान कर सके। OPPO K13 5G 25 अप्रैल 2025 से OPPO ई-स्टोर और फ्लिपकार्ट पर दोपहर 12 बजे से दो रंगों - आइसी पर्पल और प्रिज्म ब्लैक में उपलब्ध होगा। इसके 8GB+128GB वैरिएंट का मूल्य 17,999 रुपये और 8 GB+256GB वैरिएंट का मूल्य 19,999 रुपये है। इस स्मार्टफोन पर ग्राहकों को केवल सेल के दिन चुनिंदा बैंक ऑफर्स के साथ 1000 रुपये का तत्काल डिस्काउंट या 1000 रुपये का एक्सचेंज बोनस दिया जाएगा, जिससे इसका मूल्य क्रमशः 16,999 रुपये और 18,999 रुपये हो जाएगा। इसके अलावा लॉन्च के ऑफर्स में छह महीने तक की नो कॉस्ट EMI शामिल है, जिससे OPPO K13 5G का मूल्य प्रस्ताव और ज्यादा बेहतर हो गया है।

# क्रिकेट का जुनूनः 47% भारतीय लाइव मैच देखने के लिए यात्रा करने की योजना बना रहे हैं - स्काईस्कैनर

**नई दिल्ली।** लीडिंग ग्लोबल ट्रैवल ऐप स्काईस्कैनर ने आज अपनी पिच परफेक्ट जर्नीज़ रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीयों की यात्रा में क्रिकेट की अहम भूमिका रहने वाली है। लगभग आधे (47%) भारतीय देश और विदेश की यात्रा स्टेडियम में मैच देखने के लिए करने वाले हैं। क्योंकि इस खेल को लाइव देखने का जुनून बहुत ज्यादा बढ़ चुका है। रिपोर्ट में सामने आया कि क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है क्योंकि 98% उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें इस खेल से बहुत प्यार है।

भारतीय यात्रियों के लिए, मैच का दिन बस यात्रा की शुरुआत है। स्काईस्कैनर की रिपोर्ट के अनुसार 50% भारतीय क्रिकेट देखने के बाद अपनी यात्रा को 3-4 दिनों तक बढ़ाना चाहते हैं, ताकि वो पूरी छुट्टी मना सकें। क्रिकेट फैन्स स्थानीय व्यंजनों का आनंद लेने से लेकर पर्यटक और लोकप्रिय स्थलों को देखने तक अपनी छुट्टी का पूरा मजा लेना चाहते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग ने इस ट्रेंड में मुख्य योगदान दिया है। 80% क्रिकेट फैन्स अपनी पसंदीदा टीमों को सपोर्ट करने के लिए यात्रा करने को उत्साहित हैं। इसलिए, यह यात्रा करने के लिए साल के सबसे अपेक्षित अवसरों में से एक बन गया है। क्रिकेट फैन्स लाइव अनुभवों की ओर आकर्षित होते हैं, 67% भारतीय स्टेडियम के अंदर का उत्साह महसूस कर चुके हैं, वहीं 94% फैन्स निकट भविष्य इस रोमांच का अनुभव लेने के लिए उत्सुक हैं।

क्रिकेट यात्रा करने के लिए मुख्य आकर्षण के रूप में उभर रहा है। यात्री अपनी यात्रा की स्मार्ट और व्यवहारिक प्लानिंग में क्रिकेट को भी शामिल कर रहे हैं। 55% फैन्स स्थान और स्टेडियम के वातावरण को सबसे ज़्यादा महत्व देते हैं, जिसके बाद मैच खेलने वाली टीमों (51%) का स्थान आता है। इसके अलावा, मैच को छुट्टी के साथ जोड़ने की संभावना (42%) आदि भी महत्वपूर्ण हैं। स्टेडियम तक आसान पहुँच (38%), रहने के खर्च (37%), आसान वीज़ा नीति (34%), और हवाई जहाज के खर्च (29%) आदि की भी क्रिकेट के लिए होने वाली यात्राओं में अहम भूमिका है।

सर्वे के बारे में स्काईस्कैनर के ट्रैवल एंड डेस्टिनेशंस एक्सपर्ट मोहित जोशी ने कहा, भारतीयों का हमेशा से यात्रा से गहरा लगाव रहा है। अब इस प्रेम में क्रिकेट का जुनून भी शामिल हो रहा है। लगभग आधे (48%) लोग लाइव मैच देखने के लिए अपनी यात्रा की योजना दो महीने पहले ही बना लेते हैं। इससे यह स्पष्ट है कि क्रिकेट से प्रेरित यात्रा बढ़ रही है, फैन्स जिसके साथ अपना यह अनुभव साझा करना चाहते हैं, उससे लेकर हर विवरण की योजना बना रहे हैं। 74% भारतीय मैच देखने के लिए अपने दोस्त को अपने साथ ले जाना चाहते हैं, 59% लोग परिवार तथा 46% लोग अपने जीवनसाथी या पार्टनर के साथ मैच देखना चाहते हैं। इससे साबित होता है कि क्रिकेट केवल एक खेल नहीं है, बल्कि साथ में महसूस किया जाने वाला एक अनुभव है। क्रिकेट देखने के लिए यात्रा की यह बढ़ती रुचि स्पोर्ट मोड का अच्छा उदाहरण है, जो हमारी ट्रैवल ट्रेंड्स 2025 रिपोर्ट में मुख्य ट्रेंड के रूप में सामने आई है। सैलानी नई जगहों की यात्रा में इस खेल के प्रति अपने प्यार को शामिल कर रहे हैं।

स्काईस्कैनर में हम उन्हें प्रोत्साहित करते हैं क्योंकि वो खेल के लिए अपने प्यार की वजह से उड़ान भरते हैं। चाहे प्राइस अलर्ट के साथ सबसे अच्छी फ्लाइट डील हो, होल मंथ फीचर द्वारा सबसे सस्ते दिनों की तलाश या हमारे इंटरेक्टिव मैप की मदद से स्टेडियम के नज़दीक रहने की जगह ढूंढना हो, हमारे टूल्स और सर्च फीचर्स उन्हें बिना तनाव के स्मार्ट विकल्प चुनने में मदद करते हैं, ताकि उनके बैंक बैलेंस पर ज्यादा भार ना पड़े।

# हर्बलाइफ इंडिया ने लॉन्च किया स्लीप एन्हान्स

**हर्बलाइफ स्लीप एनहांस में केसर होता है, जो अच्छी नींद लाने में मदद करता है। यह वैज्ञानिक तौर पर भी साबित हो चुका है**

**नई दिल्ली।** हर्बलाइफ, जो एक जानी-मानी हेल्थ और वेलनेस कंपनी है, ने स्लीप एन्हान्सइ नाम से एक नया प्रोडक्ट लॉन्च किया है। यह कैफीन-फ्री और प्लांट बेस्ड है, और इसमें इस्तेमाल की गई चीजें वैज्ञानिक रूप से जांची गई हैं। माना जाता है कि इससे नींद की क्वालिटी बेहतर होती है। यह प्रोडक्ट ऐसे समय आया है जब भारत में नींद से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसकी वजहें हैं–भागदौड़ भरी जिंदगी, मोबाइल-स्क्रीन पर ज़्यादा वक्त बिताना और बढ़ता तनाव।

आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में, अच्छी नींद अब किसी लक्ज़री की बात नहीं, बल्कि जरूरत बन चुकी है। लेकिन काम के दबाव, बढ़ते स्क्रीन टाइम और तनाव के कारण कई लोग अच्छी नींद लेने में मुश्किल महसूस करते हैं। अध्ययन बताते हैं कि लगभग आधे भारतीय सुबह उठते ही थकान महसूस करते हैं, और सोने से पहले डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल उनकी नींद की गुणवत्ता को और बिगाड़ देता है। इस बढ़ती समस्या को समझते हुए, हर्बलाइफ भारत में नींद सुधारने के लिए कदम बढ़ा रहा है। स्लीप एन्हान्स में अफ्रॉन नामक असली केसर का अर्क है और साबित हो चुका है कि सोने से एक घंटा पहले 28 दिनों तक इसे लेने से नींद की गुणवत्ता को सुधारने में मदद मिलती है।

स्लीप एन्हान्स में कोई एडेड शुगर, आर्टिफिशियल फ्लेवर नहीं है और ये कैफीन फ्री है। जिससे यह रात की दिनचर्या में एक प्रभावी उपाय बन जाता है। इसका फ्लेवर हिबिस्कस का है और इसमें केसर का अर्क है, जिसके बारे में क्लीनिकली यह साबित हुआ है कि यह नींद की गुणवत्ता को सुधारता है, उठने के बाद मूड को बेहतर बनाता है और शांतिपूर्ण तरीके से जागने में मदद करता है।

अजय खन्ना, मैनेजिंग डायरेक्टर, हर्बलाइफ इंडिया का कहना है, सोने का मतलब सिर्फ आराम करना नहीं है, बल्कि अपने शरीर और दिमाग को रीसेट और रीचार्ज करना भी है। स्लीप एन्हान्स में केसर का अर्क होता है जोकि क्लीनिकली नींद की क्वालिटी बेहतर बनाने और सोकर उठने पर सुकून महसूस कराने में मददगार साबित हुआ है। आजकल की भागदौड़ भरी दुनिया में जहां नींद का कम होना आम हो गया है, हम लोगों को रात में बेहतर नींद पाने में मदद कर रहे हैं। इस तरह उनकी पूरी सेहत को बेहतर बनाने की कोशिश की जा रही है।

स्लीप इंडस्ट्री में विज्ञान आधारित रेमेडीज की बढ़ती मांग को देखते हुए हर्बलाइफ इस मुहिम में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इससे ये सुनिश्चित किया जा रहा है कि ग्राहक ना सिर्फ बेहतर नींद लें, बल्कि उनकी नींद की क्वालिटी में भी सुधार हो।

## टॉमी हिलफिगर पहुंचे मुंबईः फैशन, संस्कृति और क्रिएटिविटी का शानदार जश्न



**लखनऊ।** पीवीएच कॉप.र्के हिस्से टॉमी हिलफिगर यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस करता है कि इसके फाउंडर श्री टॉमी हिलफिगर ने 15 अप्रैल 2025 को भारत के फैशन हब मुंबई का दौरा किया। यह दिन फैशन, सांस्कृतिक संवाद और नए जुड़ाव से भरपूर रहा, जिसने भारत में इस प्रतिष्ठित ब्रांड की उपस्थिति को और मजबूत किया। दिन की शुरुआत जियो वर्ल्ड ड्राइव, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित टॉमी हिलफिगर स्टोर के दौरे से हुई। यहाँ श्री हिलफिगर ने एक पैनल चर्चा में हिस्सा लिया, जिसे भारतीय क्रिएटिव पर्सनैलिटी सारा-जेन डायस और अभिनेत्री, मॉडल और समाजसेवी मानुषी छिल्लर ने होस्ट किया। इस चर्चा में स्टाइल, फैशन और वैश्विक प्रभाव जैसे विषयों पर गहराई से बात हुई, जो अमेरिकी और भारतीय फैशन संस्कृतियों के बीच एक शानदार संगम साबित हुआ।शाम को, श्री हिलफिगर ने ताज महल पैलेस होटल के ताज चेम्बर्स में एक खास डिनर की मेज़बानी की। अरब सागर और गेटवे ऑफ इंडिया के शानदार नज़ारों के बीच, यह खास शाम ग्लैमर, संस्कृति और स्टाइल की बेहतरीन मिसाल थी। इस अवसर पर बॉलीवुड सितारों, फैशन जगत की हस्तियों, प्रभावशाली मीडिया और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने शिरकत की। उपस्थित मेहमानों में करण जौहर, सारा अली खान, इब्राहिम अली खान, आदित्य रॉय कपूर, शिखर धवन और गुरु रंधावा शामिल थे।ब्रांड की बोल्ड और वाइब्रेंट पहचान के साथ-साथ स्थानीय रंग-रूप में ढली यह शाम फैशन, रचनात्मकता और भारत के स्टाइल एवं मनोरंजन जगत से टॉमी हिलफिगर के बढ़ते रिश्ते का शानदार उत्सव रही।

# आओ मिलकर स्वागत करे 'द रॉयल्स' का

**रोमांस, रॉयल्टी और बिंदास-अंदाज़ दिखेंगे नेटफ़्लिक्स की आने वाली सीरीज़ 'द रॉयल्स' में**

एक ढहते हुए राजघराने और एक तेज़, आत्मनिर्भर सीईओ के बीच शुरू हुआ एक बिजनेस डील जो जल्द ही एक रोमांस, कॉमेडी और बहुत सारे ड्रामा के रोलरकोस्टर में बदल जाता है! नेटफ़्लिक्स की 'द रॉयल्स' का ट्रेलर आ चुका है प्रीमियर 9 मई को होगा। जिसमें पहली झलक मिलती है भव्य लेकिन ढलते शहर मोरपुर की..जहाँ एक प्यारा सा राजकुमार और एक ज़िद्दी सीईओ मजबूरन साथ आते हैं.. और शायद एक-दूसरे से प्यार भी कर बैठते हैं। इस सीरीज़ में ईशान खट्टर निभा रहे हैं अविराज सिंह का किरदार एक ना चाहते हुए भी बनाया गया हुआ, पोलो खेलने वाला नए ज़माने का राजकुमार, और भूमि पेडनेकर बनी हैं आम कुमारी सोफिया कनमनी शेखर एक तेज़तर्रार सीईओ जिसके सपने किसी महल से भी बड़े हैं। जब ये दोनों मिलकर मोरपुर की मुश्किल में फंसी हवेली और उसके अजीबो-गरीब निवासियों को एक लग्ज़री बी × बी होटल में बदलने की कोशिश करते हैं, तो उनके इगो और एम्बिशन्स की टक्कर



होती हैं और बनती हैं एक तूफानी कहानी जिसमें है फ्लर्ट, फैमिली ड्रामे और हाई स्टेक्स क्रेज़ीपन।

हालाँकि ट्रेलर लॉन्च पर मौजूद नहीं रह पाईं, लेकिन ज़ीनत अमान ने अपने दशकों लंबे शानदार करियर पर बात करते हुए कहा, मैं आज भी नए रोल्स और अवसरों को अपनाने को लेकर उतनी ही पैशनेट हूँ जितनी पहले थी। द रॉयल्स का अनुभव रिफ्रेशिंग और क्रिएटिविटी से भरपूर था। जोश और नई सोच वाले युवा टैलेंट्स के साथ काम करना हर सीन को मज़ेदार बना गया। मैं प्रीतिश नंदी कम्यूनिकेशन्स और नेटफ़्लिक्स का दिल से आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे इस अनोखी रोमांस की कहानी का हिस्सा बनाया। भूमि पेडनेकर कहती हैं, सोफिया का किरदार निभाना ऐसा लगा जैसे मैं एक ऐसी दुनिया में कदम रख रही हूँ जो एक ओर तो प्रेरणादायक है और दूसरी ओर बिलकुल ही अपने जैसी लगती है। वो ज़िद्दी है, एम्बिशियस है और इमोशनली ऑनेस्ट है ये सब क्वालिटीज मुझे हमेशा आकर्षित करती हैं। नेटफ़्लिक्स और प्रीतिश नंदी कम्यूनिकेशन्स के साथ द रॉयल्स सीरीज़ में काम करके मैं खुद को बेहद खुशनसीब समझती हूँ हमें इसे बनाते हुए जितना मज़ा आया, उम्मीद है दर्शकों को इसे देखने में भी उतना ही मज़ा आएगा।

# निवर्तमान डीएम कुशीनगर विशाल भारद्वाज को भावभीनी विदाई

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज का स्थानांतरण (गैर जनपद लखनऊ) विशेष सचिव मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन में होने पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विभागो के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित अधिकारियों ने बारी बारी से जिलाधिकारी के साथ कार्य अनुभवों का साझा किया। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा निवर्तमान डीएम विशाल भारद्वाज को माला पहनाया गया, सॉल, बुके दिया गया एवं महात्मा बुद्ध तथा श्रीराम की प्रतिमा स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा उनके कार्यकाल की सराहना मुक्त कंठ से की गई। कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के संयुक्त संयोजन में विदाई समारोह आयोजित कर निवर्तमान जिलाधिकारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी श्री भारद्वाज ने कहा कि स्थानांतरण सर्विस का एक अभिन्न अंग है। अपने लगभग सात से आठ माह के कार्यकाल के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताया। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यो की सराहना की। कहा की मेरे पश्चात आने वाले नवागत जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में जनपद में विकास के कार्यो को और गति मिलेगी। **जिले का बहुमुखी विकास हुआ-** आईजीआरएस में जनपद को बेहतर रैंक प्रदान हुआ। स्वच्छता अभियान के तहत जिले की नगर पालिका परिषद हाटा ने स्वच्छ घाट प्रतियोगिता में नगरपालिका श्रेणी में प्रदेश में प्रथम स्थान किया है। स्वच्छता लक्षित इकाई कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत श्रेणी में नगर पंचायत रामकोला ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कई ऐसी योजनाओं को गति प्रदान की गई जो आने वाले दिनों में जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगा।



### डीएम के कार्यशैली का आम जनता में खूब रहा चर्चा का विषय

जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में जिले के विकास के आयाम में नए पंख जुड़े। ग्राम चौपाल अभियान के माध्यम से हजारों की संख्या में जनपदवासियों को सरल व सुलभ न्याय की व्यवस्था, प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, ग्रामों में कैंपों के माध्यम से योजनाओं का लाभ तत्काल लाभार्थियों को मिला। पर्यटन के क्षेत्र में कुशीनगर में अनेक परियोजनाओं को भौतिक पटल (भूतल) पर लाते हुए उन्हे मूर्त रूप प्रदान किया गया। पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण तथा विकास कार्य किया गया। जिलाधिकारी की कार्यशैली और आम जनमानस से दो टूक में कनेक्ट कर उनकी परेशानी गंभीरता पूर्ण सुनकर त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की कुशल छवि से आम जनमानस के हृदय में घर कर जाती थी।

## यूपीएससी में 339 रैंक पाकर आकाश ने जिले का बढ़ाया मान

**तरयासुजान, कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बसडिला गुनाकर निवासी आकाश कुमार ने दूसरी बार में सफलता हासिल कर परिवार सहित गांव और जिले का नाम रोशन किया है। इस सफलता पर जनप्रतिनिधि के साथ आम लोग लगातार बधाई दे रहे है। बता दें कि बसडिला गुनाकर निवासी एक आम किसान रामप्रवेश राय जो कुछ वर्ष पहले तक तमकुहीराज सेल टैक्स बैरियर पर एक फर्म में सेवा देकर अपना जीविका चलाते थे उनका एकलौता पुत्र आकाश कुमार राय ने सबसे बड़ी व कठिन परिक्षा यूपीएससी 2024 में 339 अंक पर अपनी मेघा शक्ति के बल पर सफलता हासिल किया है। वह गांव से पढ़कर दिल्ली में खुद की मेहनत और लाइब्रेरी के सहयोग लेकर दूसरी बार में सफलता प्राप्त किया है। अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व पिता बहनों को दें रहा है।



# तप रहा अप्रैल, अंधड़ ने किया बुरा हाल, बिजली कटौती कोढ़ में खाज

### चिलचिलाती धूप व गर्म हवाओं के थपेड़े से लोग परेशान, पशु पक्षी भी बेहाल

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अप्रैल की गर्मी मई-जून का एहसास करा रही है। चिलचिलाती गर्मी से हर कोई परेशान है। बाजार में एसी, फ्रिज, कूलर, पंखे की डिमांड बढ़ गई है। गर्मी के मौसम का ट्रेलर देख लोगों को लग रहा है कि इस बार भीषण गर्मी पड़ेगी। लोग अभी से अपने एसी, फ्रिज, कूलर, पंखे की सर्विसिंग करा कर गर्मी से निपटने का हर इंतजाम कर लेना चाह रहे है। मौसम विभाग ने अलर्ट करते हुए जानकारी दी हैं कि हर दिन रोजाना तापमान में बढ़ोतरी होगी और आने वाले दो दिनों में तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है।

बता दें कि सुबह से ही आग उगलती सूर्य शाम 5 बजे तक असर दिखा रहा है। उसके साथ ही तेज पछुवा हवा व लू ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लोग बाहर जाने से परहेज कर रहे है, बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य के लिए घर से बाहर निकल रहे है। लेकिन बाहर निकलते ही गर्म हवाएं और चिलचिलाती धूप लोगों को परेशान कर रही है। गर्मी इतनी ज्यादा है कि यह अप्रैल महीना नहीं बल्कि मई और जून का महीना लग रहा हैं। जबकि अप्रैल के महीने में तापमान ज्यादा नहीं होता है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को 42 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ होने के साथ शुष्क मौसम होने से दिन में गर्मी ज्यादा महसूस हो रही है। आने वाले दिनों में गर्मी धीरे-धीरे और प्रचंड होती जाएगी। उधर बिजली कटौती से हाहाकार मचा हुआ है। दिन में 8 घंटे तो रात में लगभग 3 घंटे तक कटौती हो रही है जिससे लोग परेशान है और रात में नीद हराम हो जा रही है। साथ ही गर्म हवाओं के थपेड़े भी चल रहे है, इससे सुबह से ही बाजारों में इक्का-दुक्का लोग ही नजर आए। दोपहर होते-होते सन्नाटा छा जा रहा है।

### आने वाले सात दिनों में मौसम का तापमान

| दिन | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| गुरुवार | 42 डिग्री सेल्सियस | 22 डिग्री सेल्सियस |
| शुक्रवार | 42 डिग्री सेल्सियस | 22 डिग्री सेल्सियस |
| शनिवार | 41 डिग्री सेल्सियस | 24 डिग्री सेल्सियस |
| रविवार | 38 डिग्री सेल्सियस | 23 डिग्री सेल्सियस |
| सोमवार | 35 डिग्री सेल्सियस | 23 डिग्री सेल्सियस |
| मंगलवार | 33 डिग्री सेल्सियस | 23 डिग्री सेल्सियस |
| बुधवार | 34 डिग्री सेल्सियस | 24 डिग्री सेल्सियस |

## भीषण गर्मी में वाटर एटीएम न होने से परेशान हो रहे यात्री व राहगीर

**मथौली, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत मथौली के गठन के दो साल हो गए लेकिन सार्वजनिक स्थलों या किसी भी वार्डों में कहीं भी वाटर एटीएम नहीं लगाया गया है जबकि नगर में खरीददारी के नाम पर लाखों रुपए खर्च हो रहे है। वाटर एटीएम न लगने से बाजार आने जाने वाले राहगीरों व यात्रियों को शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। नगर के दुकानदारों ने बाजार सहित सभी स्टैंडों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की है। मथौली को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद आसपास एवं दूर दराज के लोगों का आने जाने का रुझान बढ़ने लगा है। भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप से लोगों को पीने का पानी बहुत जरूरी है वह नहीं मिल पाता है। मथौली में सरकारी अस्पताल, सहकारी समिति, पशु चिकित्सालय, पुलिस चौकी, दो महाविद्यालय, तीन इंटर कालेज, कृषि रक्षा इकाई केंद्र, 17 प्राथमिक विद्यालय सहित तमाम प्रतिष्ठान है। इसके अलावा नगर में तीन दिन बाजार भी लगती है। प्रतिदिन यहां लोगों का आना जाना रहता है। यात्री अपने गंतव्य स्थान पर जाने के लिए वाहनों का इंतजार करते हैं। कस्बा के दुकानदार अजीत, दिनेश, अमित वर्मा, मनोज, बैजू गुप्ता, मोनू शर्मा, वरूण, प्रमोद, संजय जायसवाल, बबलू शर्मा, सुरेश आदि का कहना है कि पानी की व्यवस्था न होने से यात्रियों व बाहर से आने वाले लोगों को पानी के लिए लिए इधर उधर हैंडपंपों पर जाकर गर्मी के मौसम में प्यास बुझाने के लिए परेशान होना पड़ता है। बता दें कि पिछले एक पखवाड़े से अधिकतम तापमान 42 से 43 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया जा रहा है। दोपहर में तपिश के असर से लोगों का बार-बार गला सूख रहा है। राहगीरों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिले, इसके लिए जरूरी है कि नगर में एक निश्चित दूरी पर वाटर एटीएम (प्याऊ) नगर पंचायत द्वारा लगाए जाएं।

**न.पं. मथौली में कही भी नही है वाटर एटीएम की व्यवस्था**

## कुशीनगर में 6160.43 लाख से पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों का हो रहा कायाकल्प

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी गोरखपुर मंडल रविन्द्र कुमार ने कुशीनगर में पर्यटन विभाग की वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत परियोजनाओं के विवरण के क्रम में बताया कि राज्य योजना अंतर्गत अपग्रेडेशन का बुद्धिस्ट सर्किट ब्रांडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर वाया वेफाइंडिंग फ़ाप कुशीनगर इन यूपी प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों हेतु पर्यटकों की सुविधार्थ साइनेज के कार्य स्वीकृति लागत रुपए 237.78 लाख। कुशीनगर में रामा भार स्तूप के सन्निकट बुद्ध घाट (हिरण्यवती नदी) पर पर्यटन सुविधाओं का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य लागत 2381.27 लाख, कुशीनगर स्थित बौद्ध विहारों पर पर्यटन सुविधाओं की सृजन हेतु 356.96 लाख, कुशीनगर के मुख्य प्रवेश मार्गो पर 03 गेट कॉम्प्लेक्स का निर्माण 425 लाख, जनपद के बनकटा बाजार में स्थित काली मंदिर एवं शिव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य 106.07 लाख, रामकोला में छेड़ानई मंदिर परिसर में मेडिटेशन हॉल एवं टॉयलेट ब्लॉक का पर्यटन विकास कार्य लागत 124.96 लाख, तहसील हाटा अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल करमहा मठ के पर्यटन विकास कार्य लागत 498.17 लाख, रामपुर सोहरौना स्थित ताल के इको पर्यटन विकास कार्य लागत 420.63 लाख, पडरौना स्थित खिरकिया मंदिर एवं शिव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य लागत 102.08 लाख, ग्राम सभा लतवा मुरलीधर में प्राचीन शिव मंदिर एवं तालाब का पर्यटन विकास लागत 130.24 लाख, कुशीनगर में टीएफसी निर्माण कार्य 805.03 लाख, राम जानकी मंदिर कसया में कथा मंडप, धर्मशाला एवं अतिथि गृह के निर्माण कार्य लागत 147.12 लाख, पडरौना के ग्राम सभा सिधुवा मंदिर के पर्यटन विकास कार्य लागत 114.33 लाख, रामकोला के ग्राम कुसुमही स्थित राम जानकी मंदिर का पर्यटन विकास लागत 87.65 लाख, विकास खण्ड सेवरही के ग्राम पथरदेवा में भगवान शंकर जी के मंदिर का पर्यटन विकास लागत 85.40 लाख, हाटा में प्रसिद्ध काली माता स्थान बनचरा कुटी का पर्यटन विकास लागत 50.00 लाख, पडरौना में पुराणिक स्थल बांसी धाम का पर्यटन विकास कार्य लागत 87.36 लाख से किया जा रहा है।

# तहसीलदार के स्थानांतरण तक अधिवक्ताओं ने न्यायालय का किया बहिष्कार

अवधनामा संवाददाता



**कप्तानगंज, कुशीनगर।** तहसीलदार कप्तानगंज के क्रियाकलापों से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष मिर्जा एक्तेदार हुसैन और मंत्री उमेश दुबे के नेतृत्व में उनके न्यायालय का बहिष्कार करते हुए तहसील परिसर में जमकर प्रदर्शन किया तथा स्थानांतरण होने तक न्यायालय कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया। बुधवार को अधिवक्ता भवन में अधिवक्ताओं की एक बैठक हुई जिसमें कप्तानगंज तहसीलदार के क्रियाकलापों से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायालय कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। इसके बाद सभी अधिवक्ता तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी किए और तहसीलदार के स्थानांतरण तक न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा की। अधिवक्ताओं की मांग थी कि तहसीलदार नियत तारीख पेशी के अंदर पत्रावलियों का मनमाने तौर पर धनउगाही कर निस्तारण कर रहे हैं। पक्षकारों को अपने चेंबर में बुलाकर खरीद फरोख्त कर पत्रावलियों का निस्तारण कर दे रहे हैं। पत्रावलियों में बिना सुनवाई के और बिना अधिवक्ताओं के मौजूदगी में ही आदेश हो जा रहा है जो सरासर गलत है। ऐसे में अगर इनका स्थानांतरण नहीं होता है तो हम लोग स्थानांतरण तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे और व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान अधिवक्ता रामप्रताप सिंह, विनोद मिश्रा, हीरा पांडेय, शैलेश प्रताप सिंह, राजन पांडेय, अमरनाथ शुक्ला, सरवेश कनौजिया, लालमन सिंह, राधेश्याम, परभंस प्रसाद, दीनानाथ शर्मा, अजय पाल, प्रिंस दुबे, विनोद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## अजब प्रेम की गजब कहानी : एक ने खाया जहरीला पदार्थ तो एक ने पिया पेट्रोल

**बछरावां, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में नाबालिक प्रेमी प्रेमिका के जोड़ों ने मौत को गले लगाने का किया प्रयास, दोनों का गंभीर हालत में इलाज कराया गया है। घटना मंगलवार रात्रि 10 बजे के आसपास की बताई गई है। जब थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक प्रेमी तथा नाबालिक प्रेमिका का प्रेम परवान चढ़ने का मामला सामने आया है। जानकारी प्राप्त हुई है नाबालिक किशोर व नाबालिक किशोरी के बीच किसी बात को लेकर आपस में बातचीत हो गई। दोनों प्रेमी और प्रेमिका एक ही गांव और आस पड़ोस के रहने वाले हैं। प्रेमी किशोर के द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया गया। जिसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका गंभीर हालत में इलाज किया गया। वहीं इस घटना की जानकारी प्रेमिका को जब हुई तो वह भी हैरान व परेशान होकर पड़ोस की ही एक दुकान में जाकर आधा लीटर पेट्रोल खरीद लिया और आत्महत्या करने की नीयत से पेट्रोल को पी लिया गया। जब प्रेमिका की हालत बिगड़ने लगी तो उनके भी परिजन उसे भी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इस पूरी घटना की जानकारी प्राप्त हुई। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। दोनों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। अस्पताल प्रशासन के द्वारा पूरे घटनाक्रम की जानकारी स्थानीय पुलिस को पीआई के माध्यम से दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में सपा महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कैंडल मार्च निकाला।

भाजपा के कार्यकर्ता शाम लगभग साढ़े छः बजे बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के पास एकत्रित हुए और जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल के साथ कैंडल जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

आतंकी हमले के विरोध में सपा नेत्री गुंजन सिंह कुछ महिलाओं और युवाओं के साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद और सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा नारे लगाते हुए शाम लगभग सवा छह बजे बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के पास पहुंची और नारे बाजी करते हुए डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर कैंडल जलाई। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को खत्म करने का मोदी सरकार का दावा झूठा साबित हो रहा है।

**पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने की हमले की निंदा -** भाजपा नेता और पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने पहलगाम में आतंकी हमले की घटना को मानवता के लिए कलंक बताया और कहा कि आतंकियों की कायरतापूर्ण कार्रवाई का भारत की सेना मुंह तोड जवाब देगी। हमले में मारे गए लोगों के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

### कायरतापूर्ण हमले की कठोर निंदा, सरकार देगी मुंहतोड़ जवाब देगी : सुधांशु शुक्ल

**अमेठी।** भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले को कायरतापूर्ण कार्रवाई बताया। हमले में मारे गए 27 लोगों की दिवंगत आत्मा की शांति को ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि आतंकी हमला मानवता पर हमला है। केंद्र सरकार और भारत की सेना ने ने आतंकवादी संगठनों को हमेशा पीछे हटने को मजबूर किया है। बहुत दिन बाद आतंकी बिल से बाहर आए हैं। सरकार इस हमले का मुंह तोड जवाब देगी। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष विषुव मिश्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी,देव प्रकाश पाण्डेय,गिरजा शंकर शुक्ल, आशा बाजपेई, राकेश पाण्डेय, रवि प्रताप सिंह, आदर्श पांडेय आदि मौजूद रहे।

## आतंकी हमला करने वाले युवकों के परिवार की नागरिकता समाप्त करने को कानून बनाए सरकार



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में बुधवार की शाम जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने अपने समर्थकों और व्यापारियों के साथ अपने आवास से महात्मा गांधी की प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला और आतंकी हमले के शिकार हुए लोगों के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला पंचायत अध्यक्ष सेना कभी जाति धर्म के आधार पर कार्रवाई नहीं करती। पहलगाम में पर्यटकों के साथ जघन्य हत्या कांड करने वाले मानवता के दुश्मन हैं। पहलगाम में पर्यटकों के आगमन से जो आय होती है उसका 90 फीसदी फायदा मुस्लिम समाज के लोगों को होता है। जिन लोगों ने इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया है उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार ऐसा कानून बनाए कि अपराधी जिस भी परिवार के हों, उनकी नागरिकता रद्द होनी चाहिए। आतंकवाद के विरोध में और हमले की इस दुःखद घड़ी में अमेठी की जनता सरकार के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह जी इस हमले का जबाब देने और अपराधियों को सजा देने के लिए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। इस अवसर पर फूलचंद कसौंधन, अनिल पाल, हरिकेश श्रीवास्तव, राजेश अग्रहरि टिकरी, सूरज, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज,रायबरेली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर बुधवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जान गंवाने वालों के प्रति जहां संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं घटना के प्रति रोष भी प्रकट किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सचिन यादव को सौंपा। बार एसोसिएशन महराजगंज व तहसील बार एसोसिएशन महराजगंज दोनों संगठनों के अधिवक्ताओं ने एक स्वर में घटना की निंदा करते हुए कहा कि पर्यटकों से जिस प्रकार जाति पूछकर उन्हें मौत के घाट उतारा गया है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इसका जवाब भारतीय सेना और सरकार को कड़ी कार्रवाई कर देना चाहिए अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में घूम घूम कर आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। बाद राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सचिन यादव को सौंपा। जिसमें मांग की की मृतकों के परिजनों को केंद्र सरकार उचित मुआवजा देने की घोषणा करे। आतंकवादियो पर कठोर कार्रवाई हो जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। पकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी घटनाओं को कारित करवाए जाने पर केंद्र सरकार के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करे। इस मौके पर महराजगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवी प्रसाद अधिवक्ता विद्या सागर अवस्थी, सुरेंद्र श्रीवास्तव विजय शंकर अवस्थी पंकज प्रकाश श्रीवास्तव, भूपेश मिश्रा, ज्योति प्रकाश अवस्थी, सर्वेश कुमार अवस्थी, नागेंद्र सिंह,शैलेन्द्र सिंह सरोज गौतम राधेश्याम सहित बड़ी तादाद में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

# अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आगे भी रहे जारी : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अवैध निर्मित कटो, प्रभावी पेट्रोलिंग, पार्किंग व्यवस्था, हिट एवं रन के मामलों, स्टेट हाईवे-वन एवं नेशनल हाईवे-वन को मॉडल सेफ रोड चयन, सड़क सुरक्षा से संबंधित की गई प्रवर्तन कार्यवाही, एक्सिडेंट एंट्री को अद्यतन किया जाना, चौराहों को यातायात की दृष्टि से सुगम सरल बनाना, सड़कों पर अतिक्रमण को हटाना, लालगंज बाईपास के कार्यो की समीक्षा व ब्लैक स्पॉट संबंधी एजेंडों पर चर्चा की गई।


जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अतिक्रमण की कार्यवाही को आगे भी जारी रखा जाए। निर्देश दिए की ई रिक्शा चालकों के लिए रूट निर्धारित कर दिए जाएं। हिट एवं रन के मामले में स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से प्रभावित व्यक्ति को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही घायल व्यक्तियों को चिकित्सालय में लाने वाले व्यक्तियों को भी गुड सेमीटरन मानते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाए। प्रचार प्रचार के माध्यम से लोगों को रोड पर घायल व्यक्तियों को चिकित्सालय लाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाए। राष्ट्रीय राजमार्गो पर नियमित रूप से पेट्रोलिंग कराई जाए। यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। नगर पालिका को निर्देश दिया कि चौराहों की नियमित रूप से साफ सफाई कराई जाए। पीडब्ल्यूडी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉटों का चिन्हॉकन कर सुधारीकरण की कार्यवाही शीघ्र पूरी कराई जाए।

## हिमांशु सोनकर आईएएस बने जायस में खुशियों का माहौल

**अमेठी/जायस।** सैदाना मोहल्ले के निवासी रामू सोनकर के पुत्र हिमांशु सोनकर का चयन आई ए एस में हुआ है। जी एस टी इंस्पेक्टर के पद पर काम कर रहे हिमांशु सोनकर के आई ए एस बनने से जायस नगर में खुशियों का माहौल है। बुधवार को हिमांशु सोनकर और उसके परिवार से मिलकर बधाई देने वाले लोगों के घर आने जाने का क्रम देर शाम तक बना रहा। एस सी/एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हिमांशु सोनकर के घर पहुंचकर मिठाई खिलाई और बुकें भेंटकर मंगलकारी दीं। हिमांशु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरु को दिया और कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के जीवन संघर्षो को याद करते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी मैं आगे बढ़ता रहा।जिन इष्ट मित्रों ने मेरा सहयोग और मार्गदर्शन किया है, उन्हें मैं कभी नहीं भूल सकता।

## महराजगंज के गौरव को उत्कृष्ट शोध हेतु गवर्नर्स अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** महराजगंज क्षेत्र के गांव कुसड़ी सागरपुर के रहने वाले गौरव सिंह को गवर्नर अवार्ड से सम्मनित किया जाएगा। आपको बताते चले की गौरव रायबरेली जिले के निवासी है लेकिन पिछले कई वर्षो मे कई प्रदेशों मे अपने काम से कई उपलब्धियां हासिल कर चुके है। शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यो मे हमेशा सक्रिय रहते है, इससे पहले भी उन्हें शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार दवरा युवा आइकॉन सम्मना से सम्मनित किया जा चुका है। अब उनके दवरा किये गए रिसर्च को उत्तराखंड सरकार दवरा सराहा गया गया है जो मानव विकास मे मदतगर साबित होंगा जो की रायबरेली के लिए गर्व की बात है ।गौरव ने अपनी बारहवीं की पढ़ाई SJS स्कूल रायबरेली से की है। उसके बाद मीडिया इन मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से पूरी की। जिसमे उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर दसवॉ स्थान प्राप्त किया था और अब सम्मान मिलना गर्व की बात है साथ ही ह्यूमन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पे रिसर्च कर रखी है। गौरव का सपना एक आईएएस अधिकारी बनाने का है ।जिसके लिए वो अभी UPSC मे प्रयासरत है। पिता को खोने के बाद उनके सपने को पूरा करने के लिए दिन रात एक कर दिया.उनका सपना था की उनका बेटा एक दिन रायबरेली का नाम रोशन करें पिता आर्मी मे थे जिनका निधन 2016 मे हो गया था। इससे पहले परिवार मे शिक्षा को लेकर हमेशा जागरूक रहा है बड़े भाई सेना की मेडिकल कोर मे कार्यरत है। माता जसोमाती सिंह ग्रहणी है जो उनकी सफलता से बहुत खुश है गौरव सिंह ने कहा की शिक्षा का उद्देश्य महज नौकरी हासिल करना नहीं है बल्कि अपने शिक्षा से प्राप्त ज्ञान से समाज और देश की बेहतरी के लिए करना चाहिए।



# दादा के संरक्षण से पोता बन गया अपराधी, पिता पहले से है हिस्ट्रीशीटर

- चोरी का सामान खरीदने वाला सोनार भी गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**





**बहराइच।** जनपद के पुलिस लाईन सभागार में आज कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में हुई एक घटना का अनावरण अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा द्वारा किया गया। इसकी जानकारी देते हुए एसपी नगर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा अपराध व अपराधियों के रोक थाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा निर्देश दिए गए थे जिसके के क्रम में व क्षेत्राधिकारी नगर पहुप सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता मिली है पुलिस ने महिला के साथ छीना झपटी होने वाली घटना का खुलासा किया है। इसकी जानकारी देते हुए एसपी नगर ने बताया कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में के0डी0सी0 तथा कृषि भवन रोड के मध्य समय रात्रि के समय एक ई-रिक्शा पर सवार महिला से मोटरसाइकिल सवार अज्ञात लोग महिला का पर्स झपट्टा मारकर छीनकर भाग गये थे। इस घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात में वादिनी रेनू सिंह पत्नी महेन्द्र सिहं निवासी सूफीपुरा थाना को0 देहात की तहरीरी सूचना पर थाना को0 देहात में मामला पंजीकृत किया गया। पुलिस बल द्वारा घटना में शामिल अभियुक्तगणों को शिवनगर क्रासिंग ओवरब्रीज के नीचे से बाल अपचारी, दादा मेराज अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी सलारगंज काजीकटरा थाना दरगाह तथा चोरी का सामान खरीदने वाला सोनार मोहित रस्तोगी पुत्र राजकुमार रस्तोगी निवासी मीरा खेलपुरा राजमार्केट थाना को0नगर को गिरफ्तार किया गया जबकि इमरान पुत्र मेराज निवासी निवासी काजीकटरा थाना दरगाह, अरशद अहमद पुत्र नियाज अहमद निवासी सलारगंज काजीकटरा थाना दरगाह शरीफ की तलाश जारी है। इतना ही नहीं एसपी सिटी ने आगे बताया कि बाल अपचारी अपने दादा मेराज के संरक्षण से अपराधी बना दादा की बाइक से अपराध करता रहा पोता अंजान बनकर मदद करते रहे दादा इतना ही नहीं बाल अपचारी के पिता और मेराज के पुत्र पर भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं अभी कुछ दिनों पूर्व ही लखनऊ की जेल से बाहर आया है। फिलहाल पुलिस ने एक बेहतरीन खुलासा करके शातिर अपराधियों को दबोचा है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई बाइक टीवीएस रेडीयान,छिनैती की धनराशि,दो अदद सफेद धातु की प्लेट तथा एक अदद मोबाइल रियलमी बरामद किया गया है इस गिरफ्तारी पुलिस टीम में नि0अ0 आलोक कुमार सिंह उ0नि0 अशोक कुमार जायसवाल उ0नि0 पुनीत सिंह उ0नि0 पंकज चौरसिया आरक्षी अखिलेश पासवान आरक्षी विकास यादव सर्विलांस टीम मौजूद रहे।

# प्रदेश में सब्जी फसल उत्पादन की उन्नत तकनीक से बढ़ी किसानों की आय

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** विश्व पटल पर भारत दूसरा सबसे बड़ा सब्जी फसल उत्पादक देश है। विश्व की सकल सब्जी उत्पादन का भारी मात्रा में उत्पादन भारत में किया जाता है। वर्तमान में भारत 90 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 18 से 20 टन प्रति हेक्टेयर उत्पादकता की दर के साथ 192 मिलियन टन से अधिक सब्जी का उत्पादन करता है। कुपोषण तथा अल्पपोषण हमारी बहुत सी आबादी के कमजोर स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण कारण है। हमारे भोजन को पौष्टिक एवं संतुलित बनाने में सब्जियों का प्रमुख स्थान है। सब्जियों से पोषक तत्व के रूप में विटामिन, खनिज लवण, कार्बोहाड्रेट तथा अच्छे किस्म की प्रोटीन प्राप्त होती है। आहार विज्ञानियों के अनुसार एक व्यक्ति को प्रतिदिन 300 ग्राम सब्जियों (125 ग्राम हरी पत्तेदार सब्जी 100 ग्राम जड़ वाली सब्जी तथा 75 ग्राम अन्य प्रकार सब्जियों) अपने भोजन की पौष्टिक व संतुलित करने के लिए उपभोग करनी चाहिए।

देश में उत्तर प्रदेश सब्जी उत्पादन के मामले में शीर्ष पर है। उत्तर प्रदेश में मुख्य रूप से मटर, मिर्च, भिण्डी, टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्ता गोभी, पालक, मूली, गाजर, लौकी, करेला, खरबूज, तरबूज, कुम्हड़ा, पेठा कद्दू, नेनुआ, नसदार तोरई, कुदंरू एवं परवल आदि की खेती की जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सुविधा से विगत वर्षो में छोटे एवं मझोले किसानों का रुझान सब्जी उत्पादन में काफी बढ़ा है उन्हें प्रति इकाई क्षेत्रफल में उत्पादन व लाभ अधिक मिलता है। उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट किस्मों का उपयोग, नवीनतम उत्पादन तकनीक का उपयोग, असिंचित दशा में सब्जी उत्पादन, गृहवाटिका में सब्जी उत्पादन, संरक्षित खेती एवं तुड़ाई के उपरान्त संरक्षित खेती एवं पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेन्ट के प्रयोग से प्रदेश के किसानों की सब्जियों में क्षति कम हुई है। प्रदेश के किसान सब्जी उत्पादन से अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। मण्डियों में किसानों को अच्छा मूल्य मिल रहा है। नवीनतम प्रजातियों का उपयोग वैज्ञानिक द्वारा पौधशाला प्रबन्धन, उत्पादन, तकनीक, रोग एवं कीट प्रबन्धन के द्वारा सब्जी उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। स्वस्थ पौध तैयार कर रोपण करने से सब्जी फसल की अच्छी पैदावार हो रही है।

अधिकांश सब्जी फसलों को पौध रोपण के माध्यम से उगाया जाता है। सीधे बोयी जाने वाली सब्जियों जैसे कद्दूवर्गीय फसलों की भी पौध तैयार कर उत्पादन किया जा रहा है। बीज की अधिक मात्रा लगने के कारण सीधे खेत में बोयी जाने वाली सब्जियों की उत्पादन लागत बढ़ जाती है। इसके अलावा असमय अंकुरण एवं फलत में देरी भी होती है। जबकि पौध तैयार कर खेती करने से आर्थिक लाभ अधिक होता है तथा देखभाल में भी आसानी होती है। बीज की बुवाई से 24 घण्टे पहले बीज को पानी में भिगोते है तत्पश्चात बुवाई करते हैं।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

- हमारी शक्ति हमारा गृह की थीम पर मनाया गया पृथ्वी दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** मंगलवार को राजनारायण माहेश्वरी जिला संयुक्त चिकित्सालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान लोगों को बिजली, पानी बचाने के साथ ही पेड़ों को ना काटने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमेश चन्द केशव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें डॉ केशव ने समस्त स्टाफ से अपील की कि अस्पताल परिसर में आवश्यकता न होने पर बिजली के समस्त उपकरण बंद कर दें, पानी को व्यर्थ न फैलाएं, उपयोग के बाद नल को बंद करना न भूलें। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जीसी पालीवाल और अस्पताल प्रबंधक डॉ शाने आलम द्वारा समस्त स्टाफ से आग्रह किया कि अधिक से अधिक इकोफ्रेंडली स्टेशनरी का उपयोग करें एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने हेतु निवेदन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा समस्त कर्मचारियों से अपील की गई कि अस्पताल परिसर में स्थित हर्बल गार्डन में ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाएं। क्योंकि जल है तो कल है। एवं वृक्ष हैं तो हम हैं। इस अवसर पर चिकित्सालय के सभी चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प भी लिया। वहीं प्रकृति संरक्षण को समर्पित संस्था पर्यावरण मित्र ने विष्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पंचमहाभूतों का पूजन एवं पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प दिलाया। पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण मित्र,शब्दम्,बजाज इले एवं हिन्दलेम्प्स आउटलेट में कार्यरत सभी कर्मियों के साथ एक गोश्ठी का आयोजन किया गया। गोश्ठी से पहले श्री सिधेश्वरनाथ मंदिर प्रागंण में पंचमहाभूत पूजन एवं पौधारोपण किया गया। गोष्ठी में सभी कर्मियों ने धरती एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया एवं अपने क्षेत्र में जुड़े लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

## पहलगाम में आतंकी हमले की कड़ी निंदा

**सुल्तानपुर।** महर्षि विद्या मंदिर सुल्तानपुर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना से दुखी एवं व्यथित हैं। जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए सशस्त्र हमले की कड़ी निंदा करता है। इस तरीके से धर्म के नाम पर किसी घटना को अंजाम देने की जितनी निंदा की जाए कम है। महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य जे एन उपाध्याय ने इस अमानवीय घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। इस तरीके की आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वाले विभिन्न संगठनों को आर्थिक रूप से सहयोग देने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए जिससे इस तरीके की घटना को अंजाम देने की कोई हिम्मत न कर सके। आपने कहा कि किसी भी परिस्थिति में नागरिकों पर हमले अस्वीकार्य हैं। पूरा महर्षि विद्या मंदिर परिवार इस दुखद घटना से बहुत दुखी है हम सभी सरकार से अपील करते हैं कि इस तरीके की दुखद घटना को अंजाम देने वाले विभिन्न आतंकवादी संगठनों को समूल नष्ट किया जाए।

# शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर 1 मई को होगा धरना प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



- तिकोनिया पार्क में हुई शिक्षक संघ की बैठक में बनी रणनीति

**सुल्तानपुर।** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की वर्षो से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुलतानपुर एक बार फिर मुखर हो गया है। बुधवार को संघ की संयुक्त कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक तिकोनिया पार्क में जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 1 मई को प्रस्तावित एकदिवसीय धरना प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गई। प्रवक्ता निजाम खान ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जनपद मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस धरना के माध्यम से शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली, प्रोन्नत वेतनमान, चयन वेतनमान की त्रुटियों, स्थानांतरण, दिव्यांग भत्ता, विद्यालय समय पुनर्निर्धारण, आधार कार्ड संशोधन की बाध्यता, और लंबित पदोन्नतियों जैसे बुनियादी मुद्दों पर शासन का ध्यान आकृष्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से 1 अप्रैल 2005 के पूर्व नियुक्त विशिष्ट बीटीसी 2004-05 के शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने में शासन की उदासीनता और टालमटोल की नीति से प्रदेश भर के शिक्षकों में भारी आक्रोश है। इसके अतिरिक्त चयन वेतनमान की ऑनलाइन प्रक्रिया में आ रही लगातार खामियों, लंबित पदोन्नतियों, व ट्रांसफर नीति के पालन में ढिलाई से शिक्षक वर्ग हताश है।धरना प्रदर्शन 1 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तिकोनिया पार्क में आयोजित होगा। इसके पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला मंत्री डॉ. एचबी सिंह ने सभी पदाधिकारियों को धरना प्रदर्शन की सूचना व्यापक स्तर पर शिक्षकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विकास क्षेत्र की इकाइयों को स्थानीय बैठकें आयोजित कर प्रेस विज्ञप्ति जारी करने का भी आग्रह किया।

# चेयरमैन के बेटे ने पत्नी को मारी गोली, हालत गंभीर

- पति से तलाक लेने की जिद पर अड़ी थी पत्नी
- अवैध संबंधों के शक में मारी गोली

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।**कांट नगर पंचायत की चेयरमैन मुनारा बेगम के बेटे शकील उर्फ नन्ने ने अपनी पत्नी निहार उर्फ रीना को गोली मार दी। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायल रीना को सीएचसी पहुंचाया। जहां उसकी गंभीर हालत देखकर डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में घायल रीना की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

दरअसल, कांट चेयरमैन के बेटे शकील उर्फ नन्हें ने करीब चार साल पहले शाहजहांपुर की रीना से कोर्ट मैरिज की थी। जिससे उसका दो साल का एक बेटा भी है। बताया जा रहा है कि रीना के एक युवक से अवैध संबंध थे। पति की गैरमौजूदगी में रीना अपने ब्वायफ्रेंड को घर पर बुला लेती थी। इसका विरोध करने पर शकील का आएदिन पत्नी रीना से झगड़ा होता रहता था। कुछ दिनों से रीना पति से तलाक लेने की जिद पर अड़ी थी और अपने ब्वायफ्रेंड से शादी करना चाहती थी। यही नहीं, वो अपने बेटे को साथ ले जाना चाहती थी। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और शकील उर्फ नन्हें ने अपनी पत्नी को गोली मार दी। रीना के पेट में और हाथ में दो गोलियां लगी हैं।? वहीं, बताया जा रहा है बीबी को गोली मारने के बाद शकील सीधे थाने पहुंचा और खुद को सरेंडर कर दिया। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। इधर, रीना की हालत चिंताजनक बनी है। उसका उपचार किया जा रहा है।

# दलित समुदाय के वाल्मीकि समाज पर हो रहा अत्याचार

- आगरा व रामपुर में 11 और 12 साल की दलित बच्चियों से दुष्कर्म
- मथुरा में दलित समाज के दूल्हे व बरातियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा
- भाना साहब विचार मंच का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** दीना भाना साहब विचार मंच ने स्वर्ण समाज के लोगों पर दलित समुदाय के वाल्मीकि समाज पर अत्याचार करने का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हिंदू समाज के एक विशेष वर्ग के स्वजातिय लोग दलित समुदाय के वाल्मीकि समाज के लोगों पर अत्याचार करते जा रहे हैं। जिसमें आगरा जिले की खैरगढ़ थाना क्षेत्र में 12 साल की दलित बच्ची के साथ बलात्कार किया गया। रामपुर में 11 साल की मूक-बधिर दलित वाल्मीकि बच्ची के साथ पूरी रात बलात्कार किया गया और उसे खेत में फेंक दिया। आगरा में मथुरा से आई बारात में वाल्मीकि समाज के दूल्हे और बारातियों को दौड़ा- दौड़ाकर पीटा गया। यह सभी घटनाएं हिंदू समाज के एक जाति विशेष स्वर्ण समाज के द्वारा की गई। ऐसी घटनाओं से वाल्मीकि समाज में रोष है। मांग की गई कि सभी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए आगरा व रामपुर के जिला प्रशासन को निर्देश देकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाया जाए। इस मौके पर दीना भाना साहब विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास चंद्रा एडवोकेट, जिलाध्यक्ष अमित वाल्मीकि, वेदप्रकाश वाल्मीकि, रमेश चंद्र आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद (द्वितीय), वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 23/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 24-04-2025 से 28-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 29-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**प्रियंका कनौजिया**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. मुस्तफाबाद (द्वितीय) वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**अभिषेक यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. मुस्तफाबाद (द्वितीय) वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मरहट, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 23/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 24-04-2025 से 28-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 29-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**रीमा**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. मरहट वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**दीपक यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. मरहट वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

# इस हृदयविदारक घटना ने सम्पूर्ण देश को झकझोर दिया है: अन्नू गुप्ता



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** भाजपा जनपद कार्यालय पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए भाजपा जनपद कार्यालय पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने कहा कि इस हृदयविदारक घटना ने सम्पूर्ण देश को झकझोर दिया है। निर्दोषों को निशाना बनाना कायरता की पराकाष्ठा है, इस अमानवीय कृत्य की घोर निंदा करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम पीड़ा सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है भारतीय सेना इसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकियों को जहन्नुम पहुंचाने का कार्य करेगी और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार व देश के गृहमंत्री अमित शाह इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के दोषियों व आतंकियों के मददगारों को कड़ी से कड़ी सजा देकर एक मिसाल पेश करेंगे ताकि निकट भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, डॉ रमाकांत शर्मा, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह, विवेक भदौरिया, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, डॉ ज्योति वर्मा, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र जैन, मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विरला शाक्या, उदयवीर दोहरे, रामशरण गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशांत दीक्षित, जितेंद्र भदौरिया, अंकित सैनी, समीर सक्सेना, अभिषेक मिश्रा, मोनू चौहान सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# राशन दुकान के आवंटन के दौरान दो गुटों में मारपीट

- वीडियो हुआ वायरल
- पुलिस की मौजूदगी में चले लात-घूंसे



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद के राठ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत टोला गांव में राशन दुकान के आवंटन को लेकर हुए विवाद ने मंगलवार को तूल पकड़ लिया। आवंटन की चुनाव प्रक्रिया के दौरान दो गुट आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान लात-घूंसे चलते रहे और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। खास बात यह रही कि पूरी घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाइल से बना लिया, जो अब इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं और बीच-बचाव करने की कोशिश भी नाकाम साबित हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि राशन दुकान के आवंटन को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था। चुनाव प्रक्रिया के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पर धांधली का आरोप लगाया, जिससे विवाद बढ़ गया और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर दोषियों की पहचान की जा रही है और विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित आटो पलटने से आधा दर्जन घायल

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे से सवारियां बैठाकर मौदहा जा रहा तेज रफ्तार ऑटो हाईवे पर प्रेम नगर के समीप अनियंत्रित होकर किनारे जाकर पलट गया। ऑटो में चालक के अलावा सात सवारियां बैठी थी। जबकि ऑटो में महज तीन सवारियां ही बैठाने का परमिट होता है। बुधवार को दोपहर करीब 12:00 बजे एक ऑटो कस्बे से सवारियां बैठा कर मौदहा जा रहा था। हाईवे पर प्रेम नगर के समीप यह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ऑटो में सात सवारियां बैठी थी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल प्रज्ञा पुत्री रमन गोपाल निवासी सुमेरपुर को अस्पताल पहुंचाया। अन्य सवारियों को मामूली चोटें होने पर दूसरे वाहनों से गंतव्य के लिए रवाना किया गया। बता दे की ऑटो में तीन सवारियां बैठाने का परमिट होता है। लेकिन यह क्षमता से अधिक सवारियां भरकर हाईवे सहित सभी मार्गों पर फर्राटा भरते हैं। पुलिस एवं यातायात विभाग कार्यवाही के नाम पर फिसड्डी साबित हो रही है।

# मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में मनाया गया पृथ्वी दिवस

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में निबंध और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तदुपरांत एक गोष्ठी का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। गोष्ठी का आयोजन डॉक्टर एन के शर्मा, अधिष्ठाता की अध्यक्षता में प्रोफेसर अजीत सिंह द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आशुतोष लौवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विक्रम सिंह, थाना प्रभारी, सिविल लाइन उपस्थित हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि धरती सभी प्राणियों की है इसकी इज्जत करना और संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है उन्होंने विद्यार्थियों को नशा न करने की भी सलाह दी साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की अपेक्षा की। इसी क्रम में अन्य वक्ता डॉ के के पटेल ने वर्तमान में वायुमंडल में दिन प्रतिदिन ऑक्सीजन की हो रही कमी पर चिंता जताते हुए आंकड़े प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में अन्य वक्ता डॉक्टर आशीष त्रिपाठी वन्यजीव संरक्षक, प्रोफेसर अजीत सिंह, डॉक्टर अरुण कुमार, डॉक्टर टी के माहेश्वरी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि द्वारा निबंध प्रतियोगिता में आई प्रथम संध्या साहनी द्वितीय सौरव कुमार तृतीय आशीष कुमार एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम मोहम्मद मुकीम द्वितीय मुकुल सिंह एवं तृतीय पुरस्कार अभिषेक राय को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में डॉक्टर एन के शर्मा ने मुख्य अतिथि सहित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉक्टर अजीत सोनी, बादल यादव, डॉ आशीष कुमार, मनीष सहाय और अन्य महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहा।

# पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा (हमीरपुर)** पृथ्वी दिवस के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम सिजनौडा स्थित प्राथमिक विद्यालय में युवा कौशल विकास मंडल और नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था।

गोष्ठी के दौरान विद्यालय के बच्चों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया और पॉलिथीन के प्रयोग से बचने की शपथ ली। साथ ही बच्चों के बीच निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने जलवायु परिवर्तन, स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं रेशमा, बबीता, शांति और रुबा ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और पर्यावरण के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में गुरदहा जलागम विकास परियोजना के प्रबंधक अरविंद कुमार और उनकी टीम के सदस्य अवधेश, दीपराज, हरिओम, श्रीचंद्र, राजेश, विपिन, प्रदीप, द्रोण, अनुज, प्रमोद कुमार और पुष्पेन्द्र कुमार के साथ-साथ ग्रामीणों की भी सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति न केवल स्वयं सजग रहेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

## डिप्थीरिया की रोकथाम के लिए स्कूलों में चलेगा टीकाकरण अभियान

**हमीरपुर।** जनपद में डिप्थीरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 अप्रैल से 10 मई 2025 तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जनपद के सभी स्कूलों और मदरसों में कक्षा 5 और कक्षा 10 के बच्चों को टी0डी0 वैक्सीन (डिप्थीरिया कंटेनिंग वैक्सीन) दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर ने बताया कि यह अभियान ÷विश्व टीकाकरण सप्ताह÷ के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों को डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है। जनपद के कुल 1088 स्कूलों और मदरसों में कक्षा 5 के 12,752 और कक्षा 10 के 6,350 बच्चों को यह वैक्सीन दी जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि इस अभियान का नोडल विभाग स्वास्थ्य विभाग होगा, और इसके सफल संचालन हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आईसीडीएस अधिकारी तथा अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के बीच समन्वय स्थापित किया जाए। सभी स्कूलों और मदरसों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे टीकाकरण टीम के लिए आवश्यक स्थान एवं व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा भीड़ प्रबंधन के लिए अन्य शिक्षकों की ड्यूटी लगाएं।

# राठ में दबंगों की गुंडागर्दी, युवक और पत्नी की बेरहमी से पिटाई, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिले के राठ कस्बे के मुहाल जुगयाना में दबंगों की गुंडागर्दी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दबंगों ने एक युवक और उसकी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की। दबंगों ने न केवल युवक को घसीट-घसीट कर पीटा, बल्कि बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी को भी नहीं बख्शा। इस दौरान युवक का हाथ और उंगलियां तोड़ दी गई। पूरी वारदात क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक, जुगयाना मुहाल में रहने वाले पीड़ित युवक से कुछ दबंग मकान के लिए गुंडा टैक्स की मांग कर रहे थे। युवक द्वारा टैक्स देने से इंकार करने पर दबंगों ने गुस्से में आकर उसके घर में घुसकर हमला बोल दिया। दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा और उसका हाथ व उंगलियां तोड़ दीं। जब युवक की पत्नी अपने पति को बचाने आई, तो दबंगों ने उसे भी मारपीट का शिकार बनाया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मारपीट की पूरी घटना पास के सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। वीडियो में दबंगों की बर्बरता साफ नजर आ रही है, जिसमें वे युवक और उसकी पत्नी को बेरहमी से पीटते दिख रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया है। स्थानीय लोग दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

घटना के बाद पीड़ित पति-पत्नी ने अपने मासूम बच्चे के साथ राठ कोतवाली में न्याय की गुहार लगाई। पीड़ितों ने दबंगों के खिलाफ तहरीर दी, लेकिन हैरानी की बात है कि पुलिस ने न तो अभी तक मुकदमा दर्ज किया और न ही पीड़ित का मेडिकल कराया। पीड़ित परिवार कोतवाली में घंटों तक बैठा रहा, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। पुलिस की इस निष्क्रियता से स्थानीय लोगों में गुस्सा बढ़ रहा है, और वे इसे कानून-व्यवस्था की विफलता बता रहे हैं।

पीड़ित परिवार ने बताया कि दबंगों की धमकियों के कारण उनकी जान को खतरा है। वे अपने मासूम बच्चे के साथ डर के साए में जी रहे हैं। पीड़ित दंपति ने पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि दबंगों को सजा मिले और उन्हें इंसाफ मिल सके।

राठ कोतवाली पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, लेकिन पीड़ितों का आरोप है कि उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। सीसीटीवी फुटेज जैसे पुख्ता सबूत होने के बावजूद पुलिस की सुस्ती सवालों के घेरे में है।यह घटना न केवल हमीरपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाती है, बल्कि दबंगों के बढ़ते हौसले को भी उजागर करती है। पीड़ित परिवार और स्थानीय लोग अब वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से हस्तक्षेप की उम्मीद कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या पुलिस इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाएगी, या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया डीएम का अभिनन्दन



**इटावा।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद इटावा के ज़िलाध्यक्ष राजेश मिश्रा के नेतृत्व में परिषद के पदाधिकारियों ने ज़िलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला से शिष्टाचार भेंट कर अभिनंदन और स्वागत किया। जिलाधिकारी से कर्मचारी हित में वार्ता भी की गयी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने डीएम श्री शुक्ला को भरोसा दिलाया कि आपके आदेशों और निर्देशों पर कर्मचारियों के साथ मिलकर जनपद को उच्चतम स्थान पर पहुँचाने का काम किया जायेगा। ज़िलाधिकारी ने वार्ता के दोरान सभी कार्यलयो सस्थानों में हर स्तर पर ई पेपर/पेपरलेस कार्य करने का भी निर्देश दिया। इस मौके पर रिज़वान अहमद कार्यवाहक ज़िलाध्यक्ष, पवन श्रीवास्तव मंत्री, पूरन सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविंद शर्मा उपाध्यक्ष एव अध्यक्ष कैलटेरेट संघ राजेश सरोज संगठन मंत्री अजय अध्यक्ष संघर्ष समिति सरफ़राज़ अहमद आदि उपस्थिति रहे।

### विश्व पृथ्वी दिवसः पान कुंवर में चित्रकला प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता और वृक्षारोपण जैसे रचनात्मक एवं जागरूकता से भरपूर गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश सिंह यादव(डीटीसी, सीबीएसई) ने की। उन्होंने बच्चों को विश्व पृथ्वी दिवस के महत्व की जानकारी दी और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को प्रकृति के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पृथ्वी के संरक्षण तथा पर्यावरण जागरूकता से संबंधित सुंदर चित्र प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों की कला एवं संकल्पना की प्रधानाचार्य द्वारा सराहना की गई। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। डॉ.यादव ने इस अवसर पर कहा कि आज के बच्चे ही आने वाले कल के निर्माता हैं, और पर्यावरण की रक्षा के लिए उन्हें अभी से जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत मे पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### नवीन भवन में बैंक शाखा का शुभारंभ 28 अप्रैल को

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज रोडवेज बस स्टैंड के समीप संचालित भारतीय स्टेट बैंक पर्सनल बैंकिंग शाखा को ग्राहकों की उत्कृष्ट सेवा व आधुनकि व्यवस्थाओं के साथ नए भवन चूर्क मोड़ के पास विश्वनाथ रॉयल एनफील्ड के बगल में स्थानांतरित होकर दिनांक 28 अप्रैल 2025 से शुरू हो रहा है । सभी सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध है दिनांक 28 अप्रैल 2025 से सभी बैंकिंग सेवाओं हेतु बैंक शाख के नए पते पर संपर्क करें। इस आशय की जानकारी भारतीय स्टेट बैंक पर्सनल बैंकिंग शाखा प्रबंधक सुश्री श्वेता जायसवाल ने दी।

### जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोषों को श्रद्धांजलि



**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र की एक बैठक डी बी ए सभागार में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोषों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एड ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ नृशंस आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं संतापजनक है। यह हमला देश की एकता व अखंडता पर प्रहार करने का दुःसाहस है। सभी राजनीतिक दल व संस्थाओं को सारे मतभेदों से ऊपर उठकर इसकी भर्त्सना करनी चाहिए। सरकार सभी पीड़ितों व उनके परिवारों की सहायता की आवश्यक व्यवस्था करे। तथा ईट का जवाब पत्थर से देना चाहिए। पूर्व महामंत्री अतुल प्रताप पटेल एड ने कहा कि यह कायराना हमला केवल निर्दोष लोगों पर ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, शांति और मानवता के मूल्यों पर भी सीधा हमला है। हम सब अधिवक्तागण की ओर से मै शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। युवा अधिवक्ता राजेश यादव ने की सरकार सो रही हैं घर में घुसकर मार दिया देश की सरकार को घुसकर मारना चहिए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।शोक सभा संचालन अधिवक्ता कुमारी आकृति निर्भया ने किया। इस अवसर पर रमेश चंद्र सिंह, राजेश मौर्य, कृष्णानंद सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, इंद्रजीत पटेल, शाहनवाज खान, महेंद्र कुमार आर्य, अभिषेक सिंह मौर्य, राकेश कुमार पटेल, शैलेंद्र कुमार सिंह, सचिन पटेल, कैलाश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त किया गया



**सोनभद्र।** पहलगाम जम्मूकश्मीर में निर्दोष हिंदुओं की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या करने पर मृत आत्माओं के शांति के लिए भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नंदलाल जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने कहा की हिन्दुओ से जाति पूछकर की गयी हत्याए भारतीय राजनिति के लिए कलंक है और मांग की इन आतंकवादियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाये। प्रार्थना की गयी की मृत आत्माओ को शांति प्रदान करे साथ ही घायलों को जल्दी स्वस्थ्य होने की कामना की गयी। शोक संवेदना में मुख्य रूप से जिला मंत्री संतोष शुक्ला शंभू नारायण सिंह अनूप तिवारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश चौबे प्रसन्न पटेल रामनिवास तोमर बृजेश श्रीवास्तव अशोक पांडे अतुल पांडे राम गति चौहान कैलाश तिवारी राजन पांडे लव कुश आदि उपस्थित रहे।

# एडमिन चैंपियन की टीम ने जीत की जीत पक्की

अवधनामा संवाददाता



**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर एवं फोनिक्स क्लब रेनुसागर के संयुक्त तत्वाधान में आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज के ग्राउण्ड में मंगलवार की देर शाम सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप की एक तरफा मुकाबले में एडमिन चैंपियन की टीम ने कप्तान प्रणव सोनी के नेतृत्व में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुये 4 विकेट से फॉयर एन्ड सेप्टी को पराजित कर विजयी होने का गौरव प्राप्त किया। गौरतलब है कि हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता चल रहा है जिसमें कुल 24 टीमों ने प्रतिभाग किया है।बताते चले कि सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप क्रिकेट मैच का मुकावला एडमिन चैंपियन टीम एवं फॉयर एन्ड सेप्टी के बीच में था।फॉयर एन्ड सेप्टी टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया ।फॉयर एन्ड सेप्टी की टीम ने कप्तान दिलीप कुमार के नेतृत्व में निर्धारित 10 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुये बलवंत के शानदार 3 चौके की मदद से 15 रन , संदीप के 2 चौके की मदद से 13 रनो के वदौलत टीम का स्कोर 6 विकेट खोकर 62 रन का जीत का लक्ष्य दिया।एडमिन चैंपियन की टीम के कप्तान प्रणव सोनी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुये महत्वपूर्ण 2 विकेट लिये वही नवींद्र पाठक तथा अभिषेक ने अपने टीम के लिए एक -एक विकेट चटकाये। एक तरफा मैच के जबाब में खेलने उतरी एडमिन चैम्पियन टीम के कप्तान प्रणव सोनी के नेतृत्व टीम के सलामी बल्लेबाज विपिन यादव ने 6 चौके की मदद से अपने टीम के लिये 32 रन जोड़े वही सुमित के 9 रन अभिशेक के 8 रन के वदौलत टीम ने 6 ओवर में 2 विकेट खोकर 63 रन बनाकर लक्ष्य को पूरा किया। इस तरह एडमिन चैंपियन की टीम ने 4 विकेट से फॉयर एन्ड सेप्टी टीम को पराजित कर अपनी जीत पक्की की ।वही फॉयर एन्ड सेफ्टी के टीम से बलवंत एवं जितेंद्र अपने टीम के लिये एक-एक विकेट लिए।मैच में अंपायर आदर्श सिंह एवं विकाश सिंह रहे। आँखों देखा हाल विल्सन एवं जफर अब्बाश ने सुनाया। इस अवसर हिंडाल्को रेनुसागर के वरिष्ठ अधिकारी दीपक पांडेय ,संदीप यावले ,फोनिक्स क्लब रेनुसागर के सचिव सुधाकर अन्नामलाई, स्कोरर इमरान खान ,समित मण्डल ,मोहन कुमार एवं मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# आधुनिकता की आंधी दौड़ में हमने अपने ग्रह के संसाधनों का दुरुपयोग किया है: डॉ. राजीव

विश्व पृथ्वी दिवस

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विकास खंड बढ़पुरा के उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालय चकवा खुर्द में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेषज्ञ के साथ वार्ता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यावरणविद डॉ.राजीव चौहान के साथ विद्यार्थियों के साथ ÷हमारी शक्ति, हमारा ग्रह÷विषय पर एक वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन, पृथ्वी दिवस का महत्व तथा पारंपरिक एवं गैर पारम्परिक ऊर्जा श्रोत पर प्रश्न पूछे तथा पर्यावरण विद डॉ.राजीव चौहान ने उनके उत्तर दिए। विद्यालय पहुंचने पर बाल संसद द्वारा अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। डॉ.राजीव चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि आधुनिकता की आंधी दौड़ में हमने अपने ग्रह के संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग की जगह दुरुपयोग किया है इसलिए ग्रह पर संकट है। संसाधन नष्ट होते जा रहे हैं। हम इतना कार्बन उत्सर्जन कर रहे हैं जो सूर्य की किरणों को परावर्तित होकर वायुमंडल में जाने में बाधा डालता है और हमारी पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है जिस से जलवायु परिवर्तन और जल और भोजन का संकट भी दिखने लगा है। हमें गैर परंपरागत ऊर्जा श्रोतों पर कार्य करना पड़ेगा और मनुष्य और वन के मध्य एक सामंजस्य स्थापित करना पड़ेगा। वन क्षेत्र को बढ़ाना और बचाना पड़ेगा। स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने कहा कि पर्यावरण जागरूकता सतत विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है और स्कूल इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विद्यार्थियों को विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों जैसे जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता हानि के बारे में, सतत विकास प्रथाओं और उनके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के तरीके के बारे में सिखाया जाना बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय में पौधा रोपण भी किया गया। प्रधान अध्यापिका प्रमिला पाठक, अर्चना, शिल्पी यादव तथा सुधीर कुमार ने अतिथि को विद्यालय आने पर आभार व्यक्त किया।

## आंगनबाड़ी और ए.एन.एम. टीकाकरण में तेजी लाएं

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्र के टेढ़ा गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र में हो रहे टीकाकरण को देखने के लिए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ सरफराज खान एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अखिलेश मौके पहुंचे। उन्होंने कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में हो रहे टीकाकरण की जानकारी एएनएम रीता सोनी से ली। उन्होंने नियमित टीकाकरण करने के भी आदेश दिए और मौजूद लाभार्थियों से जानकारी ली। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ने सभी आशा एवं एएनएम को बताया कि इस समय गर्मी में तापमान बढ़ जाने के कारण लू लगने एवं हैजा, कालरा, डायरिया होने की संभावना अधिक रहती है। इसको देखते हुए स्थानीय लोगों को जागरूक करते हुए प्राथमिक उपचार के रूप में ओआरएस का घोल एवं अधिक पानी पीने के लिए कहा। उन्होंने यह भी बताया कि दोपहर में 12 से 3 बजे के बीच में धूप में न निकले। ताकि लू आदि से बचा जा सकें। ब्लाक कोऑर्डिनेटर अखिलेश कुमार ने कहा कि जिम्मेदारी के साथ काम करके ग्रामीणों को लाभ पहुंचाएं।

# कल से लापता मछुआरे का शव नदी में मिला, परिजनों में मचा कोहराम



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पम्प कैनाल के पास यमुना नदी से बुधवार सुबह एक मछुआरे का शव बरामद हुआ। मृतक की शिनाख्त पास के गांव निवासी के रूप में हुई है, जो मंगलवार सुबह मछली पकड़ने के लिए घर से निकला था और तभी से लापता था। परिजनों के मुताबिक, मृतक रोज की तरह सुबह जाल लेकर यमुना नदी की ओर गया था लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बुधवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने पम्प कैनाल के पास नदी में एक शव उतराता देखा, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया और पहचान के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन

- हिन्दू महासभा त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता हिरासत में
- जीपीओ हजरतगंज में पहलगाम में आतंक हमले के खिलाफ कर रहे थे प्रदर्शन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को जीपीओ में विरोध प्रदर्शन कर रहे हिन्दू महासभा त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पार्टी नेताओं को हिरासत में लिए जाने की हिन्दू महासभा त्रिदंडी ने कड़ी निंदा की है। पहलगाम के आतंकी हमले से नाराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता जीपीओ पर जमकर विरोध प्रदर्शन के बाद जैसे ही जुलूस के रूप में आगे बढ़े, वहां मौजूद पुलिस प्रशासन ने आगे बढ़ने से रोक दिया, लेकिन प्रदर्शनकारियों के न मानने पर उन्हें पुलिस प्रशासन ने हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी, बाबा महादेव, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला, हिन्दूवादी नेता पंकज तिवारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। इससे पहले हजरतगंज में हिन्दू महासभा व अखंड आर्यावर्त महासभा के हिन्दूवादी नेताओं ऋषि त्रिवेदी और शिशिर चतुर्वेदी के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने आतंक के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और केन्द्र सरकार से आतंकियों के पालक पड़ोसी देश के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की।

## पाकिस्तान को सबक सिखाए सरकार



निरपराध लोगों के नरसंहार के विरुद्ध लखनऊ के जीपीओ स्थित सरदार पटेल प्रतिमा के नीचे संत समाज और लोक भारती द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित संत और अन्य लोगों ने पाकिस्तान और उसके संरक्षण में संचालित आतंकी गिरोहों द्वारा अंजाम दिए गए कायराना हमले की जमकर भर्त्सना की गई है। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने एकसुर में भारत सरकार से मांग की है कि इस बार पाकिस्तान के विरुद्ध ऐसी निर्णायक कार्रवाई की जाए जिसे उसकी पीढ़ियां याद रखें। साथ ही सरकार से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को मुक्त कराने और आतंकी गिरोहों के समूल नाश की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा है कि पाकिस्तान में वाकई हिम्मत है तो हमारे बहादुर जवानों का सामना करे, लेकिन जिस तरह पाकिस्तान ने कश्मीर घूमने गए सामान्य नागरिकों की धार्मिक पहचान जानकर मारा है, वह उसकी कायरता का परिचायक है। भारत सरकार से मांग की कि इस बार पाकिस्तान को खंड-खंड करने के पहले हमें रुकना नहीं चाहिए। अंत में दो मिनट का मौन रखकर बर्बर आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही समाज को समस्त मतभेद भुलाते हुए एकजुट रहने का संकल्प दिलाया गया। इस विरोध प्रदर्शन में कौशिक चैतन्य जी महाराज, विवेक तांगड़ी, बाबा महादेव, लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री ब्रजेन्द्र पाल सिंह, सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय, संपर्क प्रमुख श्रीकृष्ण चौधरी, जितेन्द्र प्रताप सिंह, निहंग भजन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, कैप्टन सुभाष ओझा, पंकज सिंह, अखिलेश शुक्ला, प्राची श्रीवास्तव, सोनिया टंडन, सावित्री यादव, रिद्धि किशोर गौड़, शिवशंकर सिंह, आशुतोष अवधवाल और रामऔतार गुप्ता सहित अनेक सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घंटाघर से रूमी तक निकाला गया कैंडल मार्च



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में बुधवार को घंटाघर से रूमी तक एक शांतिपूर्वक कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें शिया-सुन्नी उलमा सहित हर मजहब ओ मिल्लत के लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि जो नाम पूछ पूछ कर मारा है वह एक साजिश थी कि हिन्दू मुस्लिम इख्तिलाफ हो लेकिन आज देश किभ140 करोड़ जनता ने बता दिया कि हम एक साथ हैं। दर्दनाक हादसा था बच्चे घूमने गए थे अनाथ बनकर आये, दुल्हन घूमने गई थी बेवा बनकर आयी। मौलाना ने कहा कि अब देश की 140 करोड़ जनता सरकार और देश के प्रधानमंत्री से मांग करती है कि अब मिलेट्री एक्शन होना चाहिए और अखंड भारत का सपना पूरा होना चाहिए। इस अवसर पर मौलाना फरीदुल हसन, मौलाना आली रज़ा, मौलाना सय्यद हमीदुल हसन, मौलाना सय्यद ईमान अहमद उपस्थित रहे।

# सीएम योगी ने कानपुर के मृतक शुभम द्विवेदी के पिता को किया फोन



- आज रात घर पहुंचेगा शव
- शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके कानपुर लाया जाए : मुख्यमंत्री योगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत कानपुर के शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में कानपुर के शुभम द्विवेदी का निधन अत्यंत दुखद है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने शुभम के पिता संजय द्विवेदी से फोन पर बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार की ओर से परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके कानपुर लाया जाए। उन्होंने प्रभु श्री राम से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शुभम के परिवार की हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि पहलगाम हिंसा में आतंकवादियों की गोली का शिकार हुए शुभम द्विवेदी के घर शोक का माहौल है। उनकी दो माह पूर्व ही शादी हुई थी। मंगलवार को पहलगाम में आतंकियों ने शुभम को उनकी पत्नी के सामने ही गोली मार दी थी। शुभम के पिता संजय द्विवेदी सीमेंट के कारोबारी हैं।

## वाराणसी में सड़क निर्माण कार्यों के लिए 2520.30 लाख मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद वाराणसी में सड़क निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए कुल 2520.30 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, वाराणसी को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से अकथा, नारायणपुर, सरसौली, सारनाथ, तरना एवं नदेसर वार्ड तथा ग्राम सभा चारों, सराय शेखलार्ड, घोघली, रतनुपुर, गांगकला, लछीरामपुर, हसनपुर, गंगापुर, तिलवार, अमउत, अमौत, सगुनहा, परसरा, महिमापुर, गजोखर, कुडी, बरवा, जलालपुर, बिन्दा, सुरही, भैंसोडी, सांई, अहमदपुर, जयरामपुर, बराई, सरैयां, नेवादा, दानपुर, नरपतपुर, सिरिष्ट, कोदोपुर, सिंघवार, भगतुआ तथा अमरपट्टी सहित विभिन्न ग्रामों में सड़क, पिच, इण्टरलॉकिंग एवं खड़ंजा निर्माण तथा जल निकासी कार्य, भूमिगत नाली निर्माण कार्य एवं सीवर निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# वन निगम पिछले दो वर्षों से लाभ में

- वन मंत्री की अध्यक्षता में वन निगम की 274वीं बैठक हुई
- बोर्ड मीटिंग का आयोजन तिमाही आयोजित कराने के निर्देश
- कार्यों में किसी भी स्तर पर अनियमितता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी: डॉ. अरूण कुमार सक्सेना



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरूण कुमार, की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश वन निगम की 274वीं बैठक वन निगम सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

वन मंत्री द्वारा वन निगम को वन प्रमाणीकरण सम्बन्धी प्रमाण पत्र मिलने पर वन निगम के अधिकारियों को बधाई दी गयी। वन निगम में अधिकारियों/कर्मचारियों की कमी को पूर्ण किये जाने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने इकोटूरिज्म के क्षेत्र में और अधिक प्रयास किए जाने पर विशेष बल दिया।

साथ ही तेन्दूपत्ता के हरी बिक्री के परिणाम से भी समस्त सदस्यगण अवगत हुए। उन्होंने कर्मचारियों वन निगम के पिछले दो वर्षो से आपरेटिंग लाभ में होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। वन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बोर्ड मीटिंग का आयोजन वार्षिक न होकर तिमाही किया जाय। इससे कार्यों में गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि लाट निलामी की व्यवस्था को ऑनलाइन किया जाये, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत न मिलने पाये। निगम में अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध चल रही जांच आदि पर निष्पक्षतापूर्वक कार्रवाई करते हुए प्रकरण को शीघ्र निष्तारित कराया जाये। निगम के कार्यों में किसी भी स्तर पर अनियमितता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रबन्ध निदेशक, के0 के0 सिंह ने मंत्री व अन्य सभी सदस्यों के स्वागत उपरान्त वन निगम द्वारा पिछले वर्ष किये गये कार्यो व आगामी माहों में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों की रूप-रेखा प्रस्तुत की गयी, जिस पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में समिति के सम्मानित सदस्यगण, वन विभाग, वन निगम व शासन के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला संपन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन आज लखनऊ के सेंट्रम होटल में हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि मिशन को उत्पादन-उन्मुख लक्ष्यों के साथ संचालित किया जा रहा है, ताकि युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण और व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर राज्य के आर्थिक विकास में सहभागी बनाया जा सके।

डॉ. हरिओम ने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करते हुए रणनीतिक योजना, नवाचार, तकनीकी समावेशन और जवाबदेही जैसे तत्वों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने मिशन के संचालन में सहयोग देने वाले जिला समन्वयकों, मंडलीय संयुक्त निदेशकों और सभी विभागीय अधिकारियों की सराहना की तथा कार्यशाला को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नवजात मृत्यु दर को शून्य पर लाना ही लक्ष्य: डॉ. पिंकी



- डॉ. विनोद पॉल, सदस्य, नीति आयोग ने नवजात सुरक्षा के लिए परिवर्तनकारी कदमों की आवश्यकता पर बल दिया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नवजात शिशुओं की रोकी जा सकने वाली मौतों को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और देश की प्रमुख शोध संस्थाओं के साथ मिलकर लखनऊ में 'संकल्प' राज्य स्तरीय को-डिजाइन कार्यशाला का आयोजन दिनांक 22 अप्रैल, 2025 को किया गया। इस कार्यशाला को उत्तर प्रदेश में नवजात मृत्युदर को एकल अंक तक लाने की दिशा में एक मील का पत्थर माना जा सकता है। कार्यशाला में नीति आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, प्ब्डत्ए छभ्ड न्च्, प्ष्भ्डत्, जिला और ब्लॉक स्तर की स्वास्थ्य टीमों, स्वास्थ्य कर्मियों, शोध कर्ताओं और सामुदायिक कार्य कर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यशाला में डॉ. विनोद पॉल, सदस्य, नीति आयोग ने भारत की प्रगति की सराहना की और नवजात सुरक्षा के लिए परिवर्तनकारी कदमों की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. राजीव बहल, सचिव, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और महानिदेशक, ् ने 'संकल्प' की दृष्टि और मिशन साझा किया।

# लखनऊ में हुई ट्रेन पलटाने की साजिश

- रेलवे ट्रैक पर रखा मिला लोहे का दरवाजा; पलटने से बची मालगाड़ी
- लोहे का दरवाजा ले जाते दिखा संदिग्ध
- रहीमाबाद में 15 अप्रैल की रात हुई थी साजिश

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उतरेटिया स्टेशन के पास मंगलवार रात किसी ने रेलवे ट्रैक पर लोहे का दरवाजा रख दिया। देर रात इस दरवाजे के ऊपर से एक मालगाड़ी गुजरी, जो पलटने से बच गई। घटना के पीछे ट्रेन पलटाने की साजिश की आशंका है। इस मामले में सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सुरक्षा एजेंसियां साजिशकर्ताओं के बारे में पता लगा रही हैं। एक सप्ताह के भीतर ट्रेन पलटाने की साजिश की दूसरी घटना है। सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध नजर आया है, जिसके बारे में पुलिस पता लगा रही है।इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक रेलवे कर्मी अनिल कुमार पांडेय की ओर से केस दर्ज कराया गया है। अनिल का कहना है कि बुधवार तड़के करीब 3ः45 बजे उन्हें फोन पर रेलवे ट्रैक पर लोहे का दरवाजा रखे जाने की सूचना मिली। देर रात में 2ः45 बजे इसी लोहे के दरवाजे के ऊपर से मालगाड़ी गुजर चुकी थी। गनीमत थी कि कोई हादसा नहीं हुआ।सूचना पर अनिल अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर लोहे के दरवाजे के क्षतिग्रस्त हिस्से पाए गए। एहतियात के लिए रूट पर ट्रेनों का आवागमन रोक दिया गया। रेलवे कर्मियों ने ट्रैक और उसके आसपास मौजूद लोहे के दरवाजे और उसके टुकड़ों को वहां से हटाया। इसके बाद ट्रेन का संचालन शुरू हो सका। इससे पहले 15 अप्रैल देर रात रहीमाबाद में भी रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का लट्ठा रखा गया था। वहां पर भी ट्रेन पलटाने की साजिश थी। इस संबंध में पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया था और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की थी। हालांकि, रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का लट्ठा किसने रखा, इस बारे में अब तक जानकारी नहीं मिल पाई है।



### पहले भी ट्रेन पलटाने की हो चुकी है साजिश

- 15 अप्रैल की रात रहीमाबाद में ट्रैक पर लकड़ी का लट्ठा रखकर सहरसा आनंदविहार गरीब रथ ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई थी, जिसकी जांच चल रही है।
- 25 अक्तूबर 2024 को मलिहाबाद में पटरी पर छह किलो वजनी पेड़ की डाल रख दी गई। बरेली वाराणसी एक्सप्रेस के इंजन में डाल फंस गई, जिससे ट्रेन का एक्सेल टूट गया था।
- डालीगंज बादशाहनगर रेलखंड पर 150 से ज्यादा स्लीपरों में लगीं पेंड्रोल क्लिपों को शातिर लोगों ने खोल दिया था। निरीक्षण के दौरान यह पकड़ में आ गया। कृषक एक्सप्रेस वहां से गुजरने वाली थी, जिसे रोका गया और हादसे से बचाया गया।
- वर्ष 2017 में मोहनलालगंज में ट्रेन की पटरी का एक टुकड़ा शातिरों ने काट दिया था। गैंगमैनों ने कटी हुई पटरी देखी और तत्काल कंट्रोल को सूचना दी, जिसके बाद ट्रेनों को रोककर ट्रैक ठीक किया गया।

# 'गोसेवा और प्राकृतिक कृषि की ओर जनआंदोलन'

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गौवंश संरक्षण, संवर्धन और प्राकृतिक कृषि के प्रति गहन आस्था, निष्ठा और सतत प्रयासों से प्रेरित होकर, उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग द्वारा झाँसी मंडल के वीरभूमि ग्राम पलिंदा में एक ऐतिहासिक मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

यह आयोजन केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और जनआंदोलन की शुरुआत रही, जिसमें गौसेवा को राष्ट्रसेवा के पवित्र संकल्प के रूप में लिया किया गया। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग गांव-गांव तक गौसेवा, प्राकृतिक कृषि और आत्मनिर्भरता का संदेश लेकर पहुँच रहा है। बैठक की अध्यक्षता श्याम बिहारी गुप्ता, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने की। बैठक में महेश शुक्ल, उपाध्यक्ष, रमाकांत उपाध्याय, सदस्य तथा राजेश सिंह सेंगर, सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि गोशालाओं के निर्माण में पारदर्शिता और जवाबदेही प्रत्येक गोशाला की समयबद्ध ऑडिट व्यवस्था एवं निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाया जाएगा। सभी गतिविधियाँ आम जनता के समक्ष पारदर्शी रूप से प्रस्तुत होंगी। पशु स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण होगा। सभी गौवंश के लिए नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण और आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। गोमूत्र एवं गोबर पर आधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा दिया जाएगा। मंडल स्तर पर 50 नए बायोगैस संयंत्रों की स्थापना का रोडमैप तय किया गया है। किसानों को जैविक खेती हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पंचगव्य आधारित स्वरोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएगा। ग्रामीण युवाओं को पंचगव्य उत्पाद, जैविक खाद एवं प्राकृतिक कृषि आधारित रोजगार में प्रशिक्षित कर उन्हें आर्थिक सहायता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।ग्राम पलिंदा को आदर्श प्राकृतिक कृषि ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा।

# अच्छे कार्य इंसान को उसके देहांत के बाद भी ज़िंदा रखते हैं : मौलाना यासूब अब्बास

अवधनामा ब्यूरो



**अमरोहा/लखनऊ।** शहर अमरोहा के मौहल्ला मजा पोता में सैय्यद रिज़वान हैदर नकवी के तीजे के मौके पर आयोजित हुई मजलिस को खिताब करने लखनऊ से आए हज़रत मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि अच्छे कार्य इंसान को उसकी मौत के बाद ज़िंदा रखते है। रिज़वान हैदर नकवी के पुण्य कार्य उनको हमेशा ज़िंदा रखेंगे।

सैय्यद सिब्ते सज्जाद नक़वी ने मजलिस में मर्सिया पेश किया जिसके बाद शायर ताजदार अमरोहवी ने सलाम और मनकबत पेश की। मौलाना ने अपनी तकरीर में कहा कि इंसान को हमेशा अच्छे काम कर कर अपनी ज़िंदगी बसर करनी चाहिए, इस्लाम हमे एक अच्छा इंसान बनाना चाहता है, हमे दूसरे के काम आना चाहिए, हमदर्दी के साथ पेश आना चाहिए। सेवानिवृत डिप्टी एस पी रिज़वान हैदर अपने अच्छे कार्यो से सब के दिल में अपनी जगह बना कर गए है, यही वजह है कि आज उनके इस दुनिया से जाने का गम हर दिल में महसूस किया जा रहा है। मजलिस के बाद मौलाना को प्रोफ़ेसर नाशिर नकवी ने सांस्कृतिक संस्था कारवाने खुलूस की जानिब से सलाम की किताब मुसलमा ए फातिमायाह पेश की।सोयम के मौके पर विशेष रूप मौलाना सियादत नक़वी, मौलाना रज़ा काज़िम तकवी, मौलाना डॉ शाहवार हुसैन नकवी, मौलाना कौसर मुज्तबा, डा हसन जमाल आबिदी, ज़ाहिद अब्बास, शायर मोहसिन नकवी, नौशा अमरोहवी, हसन अब्बास काज़मी, प्रबंधक वसीम हैदर नकवी, रज़ा तहसीन नकवी, गुलाम बाकर आबिदी, हसन अब्बास, अलीजाह हसनैन खा, ज़ीशान हैदर नकवी, हसन कमाल आबिदी, फैज़ अब्बास आबिदी, हकीम हामिद अली व अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# मजलूमों की खून रेज़ी बदतरीन अमल: अबुल इरफ़ान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन के संरक्षक एवं शहर काज़ी ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा इस्लाम में निर्दोष और बेकसूर लोगों के प्रति क्रूरता, दुर्व्यवहार और जान-माल की हानि की कड़ी निंदा की गई है और उन्हें दंडित किया गया है। कोई भी सच्चा, धार्मिक, इबादत करने वाला मुसलमान किसी निर्दोष व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा सकता। जिन लोगों ने ऐसा किया है, वे अल्लाह के घर में अवश्य ही सख्त सज़ा के मुस्तहक होंगे। दुनियावी और इस्लामी तौर से उनके कार्य इस्लामी नहीं है, न ही उनका इस्लाम से कोई संबंध है। हम सभी इस्लाम में आस्था रखते हैं, इस्लाम से प्रेम करते हैं और इस्लामी कानूनों के अनुयायी हैं। मुसलमान वो है जिनका सबसे बड़ा अमल अपने देश से अत्याधिक प्रेम करना तथा उस देश के कानूनों का पालन करते हुए अपना जीवन व्यतीत करना है। वे उस देश के प्रत्येक निवासी को अपना भाई, अपना हमदर्द मानते हैं तथा उसके हर सुख-दुख में उसके साथ खड़े होते हैं तथा उसके दुख-दर्द में भागीदार होते हैं। यह इस्लाम और शरीयत का आदेश है। इसलिए हम भारत के सभी मुसलमानों की ओर से इस सरकार से अनुरोध करते हैं कि ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और इनसे जुड़े सभी छिपे हुए आरोपियों को ढूंढकर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।हम सभी मिलकर इस दुर्घटना में शहीद और घायल हुए सभी भारतीय भाइयों और बहनों तथा उनके परिवारों के लिए दुआ करते हैं।

# चिलचिलाती धूप व तपिश ने किया बेहाल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दिन चढ़ने के साथ ही लोगों को चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ रहा है। दिन में तपिश के साथ ही रातों में भी गर्माहट बढ़ गई है। इस बीच प्रदेश के दोनों संभागों में चली 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली पछुआ की वजह से बढ़ते तापमान पर मामूली लगाम लगी है। पछुआ चलने से प्रदेश में तपिश से थोड़ी राहत रही। वहीं, रात के पारे में हल्की गिरावट भी दर्ज की गई। बृहस्पतिवार के लिए मौसम विभाग की ओर से 35 से ज्यादा जिलों में लू की चेतावनी जारी की है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को दिन व रात दोनों के तापमान में कोई विशेष बदलाव के संकेत नहीं हैं। हालांकि बुधवार को प्रदेश के पूर्वी, दक्षिणी और बुंदेलखंड के इलाकों में हीटवेव की परिस्थितियां बन सकती हैं। बृहस्पतिवार से अगले तीन-चार दिन यूपी में हीटवेव के दायरे और तीव्रता में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। आज पछुआ से रात में होने वाली गर्माहट में थोड़ी कमी आएगी। बृहस्पतिवार से अगले तीन-चार दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़त का अनुमान है। इस बीच झांसी व कुछ अन्य जिलों में तापमान 45 डिग्री तक जा सकता है।



### यहां है उष्ण-लहर (लू) चलने की चेतावनी

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही , जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में।